RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 19
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं
स्पोर्ट्स-12

# इजराइल-हमास युद्ध क्षेत्रीय संघर्ष न बनेः मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- जी20 नेताओं के डिजिटल शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए इजराइली बंधकों की रिहाई की घोषणा का स्वागत किया, कहा-पश्चिम एशिया में असुरक्षा एवं अस्थिरता की स्थिति चिंता का विषय
- एआई के युग में प्रौद्योगिकी का जिम्मेदारी से उपयोग में लाने की जरूरत पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने इसके नकारात्मक इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई

**पश्चिम** एशिया में व्याप्त असुरक्षा और अस्थिरता पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जी20 नेताओं से कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि इजराइल-हमास युद्ध क्षेत्रीय संघर्ष का रूप न ले। उन्होंने इजराइली बंधकों की रिहाई की घोषणा का स्वागत किया। जी20 नेताओं के डिजिटल शिखर सम्मेलन के अपने शुरुआती संबोधन में मोदी ने कहा कि आतंकवाद हर किसी के लिए अस्वीकार्य है और नागरिकों की मौत चाहे कहीं भी हो, निंदनीय है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा जैसे नेताओं की मौजूदगी में मोदी ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में नई चुनौतियां सामने आई हैं और पश्चिम एशिया में असुरक्षा एवं अस्थिरता की स्थिति चिंता का विषय है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा भी इस मौके पर मौजूद थीं। मोदी ने कहा, हमारा एक साथ आना दिखाता है कि हम सभी मुद्दों के प्रति संवेदनशील हैं और उनके समाधान के लिए एक साथ खड़े हैं। हमारा मानना है कि आतंकवाद हमारे लिए अस्वीकार्य है। नागरिकों की मौत, चाहे वह कहीं भी हो, निंदनीय है। हम बंधकों की रिहाई की खबर का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी बंधकों को जल्द रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह जरूरी है कि मानवीय सहायता समय पर और निरंतर तरीके से पहुंचे। मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इजराइल और हमास की लड़ाई किसी तरह का क्षेत्रीय रूप


नई दिल्ली में बुधवार को जी20 नेताओं के डिजिटल शिखर सम्मेलन को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।


धरण न कर ले। आज संकटों के जो बादल हम देख रहे हैं, एक परिवार में वह ताकत है कि हम शांति के लिए काम कर सकते हैं।

मानवीय कल्याण के दृष्टिकोण से, हम आतंक और हिंसा के विरुद्ध, और मानवता के प्रति अपनी आवाज बुलंद कर सकते हैं। आज विश्व की, मानवता की इस अपेक्षा की पूर्ति के लिए भारत कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तत्पर है। उन्होंने जी20 नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, पिछले साल 16 नवंबर को जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने मुझे औपचारिक तौर पर जी20 की अध्यक्षता सौंपी थी तब मैंने कहा था कि हम इस मंच को समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई उन्मुख और निर्णायक बनाएंगे। एक साल में, हमने एक साथ मिलकर यह हासिल किया है। उन्होंने कहा, हम सभी मिलकर जी20 को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। मोदी ने कहा कि अविश्वास और चुनौतियों से भरी इस दुनिया में यह विश्वास ही है जो सभी को एक साथ बांधता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में हमने एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य पर भरोसा जताया है और विवादों से दूर जाते हुए हमने एकता और सहयोग के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि मैं उस क्षण को कभी नहीं भूल सकता जब दिल्ली में हम सभी ने जी20 में अफ्रीकी संघ का स्वागत किया था।

जी20 द्वारा दुनिया को दिया गया समावेशिता का यह संदेश अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, यह भारत के लिए गर्व की बात है कि उसकी अध्यक्षता में अफ्रीका को एक आवाज दी गई। जी20 में पिछले एक साल में ग्लोबल साउथ की आवाज भी सुनी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के विश्व को आगे बढ़ते हुए ग्लोबल साउथ की चिंताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी क्योंकि ग्लोबल साउथ के देश ऐसी अनेक कठिनाइयों से गुज़र रहे हैं जिनके लिए वे जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में समय की मांग है कि हम विकास के एजेंडे को अपना पूर्ण समर्थन दें और वैश्विक अर्थव्यवस्था और शासन तंत्र को बड़ा, बेहतर, प्रभावी बनाएं और भविष्य के मद्देनजर उनमें सुधार लाएं। उन्होंने कहा, जरूरतमंद देशों को समय से और आसान दरों पर सहायता सुनिश्चित करें। 2030 के सतत विकास लक्ष्यों में तेजी लाने के लिए अपनाई गई कार्य योजना को क्रियान्वित करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी20 ने बहुपक्षवाद में विश्वास बढ़ाया है और वैश्विक शासन सुधारों को एक दिशा दी गई है।

भारत में आकांक्षी जिला कार्यक्रमों को स्थानीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों में प्रगति का एक उत्तम उदाहरण बताते हुए मोदी ने जी20 देशों को इसके अध्ययन के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा, आप देखिएगा कि कैसे इस एक अभियान ने भारत के 25 करोड़ लोगों का जीवन बदल दिया है। जी20 के नई दिल्ली सम्मेलन में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी (डीपीआई) बनाने के निर्णय का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें 16 देशों के 50 से भी ज्यादा डीपीआई जुड़ गए हैं। उन्होंने ग्लोबल साउथ के देशों में डीपीआई क्रियान्वित करने के लिए सोशल इंपैक्ट फंड स्थापित करने का प्रस्ताव रखा और घोषणा की कि भारत इसमें 2.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की प्रारंभिक राशि देगा। कृत्रिम मेधा (एआई) के युग में प्रौद्योगिकी का जिम्मेदारी से उपयोग में लाने की जरूरत पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने इसके नकारात्मक इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा, भारत की स्पष्ट सोच (शेष पेज 9)

# सुरंग में बचाव अभियान अंतिम चरण में पहुंचा


उत्तरकाशी में सिल्कयारा सुरंग के पास तैनात एंबुलेंस।

**पीएनएस/ एजेंसी।** देहरादून/उत्तरकाशी

- देर रात या सुबह तक श्रमिकों को निकाले जाने की संभावना, उनको निकालने के लिए मलबे के अनुमानित 57 मीटर के हिस्से में से 45 मीटर तक पाइप डाला जा चुका है
- पाइप डाल दिए जाने के बाद श्रमिक इसके माध्यम से बाहर निकल सकते हैं, यह पाइप एक मीटर से थोड़ा कम चौड़ा है

**निर्माणाधीन** सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए बहु-एजेंसी प्रयास बुधवार शाम को सफलता के करीब दिखाई दिया। इसके मद्देनजर एम्बुलेंस को तैयार रखा गया है और चिकित्सकों को घटनास्थल पर बुला लिया गया है। सिलक्यारा के अधिकारियों ने शाम करीब चार बजे एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुरंग के ढह गए हिस्से के मलबे में ऑगर मशीन से ड्रिलिंग करके क्षैतिज पाइप का छह मीटर का एक और हिस्सा डाल दिया गया है।

पहले दिन में दिए गए आंकड़े से यह संकेत मिलता है कि सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए मलबे के अनुमानित 57 मीटर के हिस्से में से 45 मीटर तक पाइप डाला जा चुका है। इसी 57 मीटर मलबे के आगे श्रमिक 10 दिनों से अधिक समय से फंसे हुए हैं। दिल्ली मेंअपराह्न दो बजे तक की प्रगति की जानकारी देने वाले एक संवाददाता सम्मेलन में कहा गया कि स्टील पाइप 42 मीटर तक डाल दिया गया है। इसमें कहा गया है कि ऑगर मशीन से ड्रिलिंग का 67 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसमें कहा गया है कि पाइप डाल दिए जाने के बाद श्रमिक इसके माध्यम से बाहर निकल सकते हैं। यह पाइप एक मीटर से थोड़ा कम चौड़ा है। निकासी की प्रत्याशा में चेस्ट स्पेशलिस्ट सहित 15 चिकित्सकों की एक टीम को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। घटनास्थल पर 12 एम्बुलेंस तैयार स्थिति में रखी गई हैं। अभियान के लिए एक हेलीकॉप्टर भी तैनात रखे जाने की उम्मीद है।

सिलक्यारा में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रधानमंत्री कार्यालय के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा कि पिछले एक घंटे में बचाव पाइप का एक और छह मीटर का हिस्सा डाल दिया गया है। उन्होंने स्टील पाइप के टुकड़ों को निरंतर मलबे के जरिए भीतर डालने की प्रक्रिया का जिक्र करते हुए कहा, उम्मीद है कि अगले दो-तीन घंटे वह हासिल करने के लिहाज से महत्वपूर्ण होंगे जिसका हम सभी इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बाद में शाम को एक प्रेस वार्ता में इसी तरह ही अच्छी खबर का पूर्वानुमान जताया। निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में 10 दिन से अधिक समय से फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने का रास्ता तैयार करने के लिए अमेरिकी ऑगर मशीन से ड्रिलिंग फिर शुरू होने से बचाव अभियान में तेजी आ गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यहां बताया कि अमेरिकी ऑगर मशीन से मंगलवार मध्यरात्रि के बाद फिर से ड्रिलिंग शुरू कर दी गई है और अब तक मलबे के 45 मीटर अंदर तक ड्रिलिंग की जा चुकी है।

ऑगर मशीन के शुक्रवार दोपहर को किसी कठोर सतह से टकराने के बाद उससे ड्रिलिंग रोक दी गई थी। ड्रिलिंग रोके जाने तक मलबे को 22 मीटर तक भेद कर उसके अंदर छह मीटर लंबे 900 मिलीमीटर व्यास के चार पाइप डाले जा चुके थे। अंतिम पाइप का दो मीटर हिस्सा अगले पाइप को जोड़ने के लिए बाहर छोड़ा गया था। अधिकारियों ने बताया कि अब मलबे के अंदर 900 मिलीमीटर की जगह 800 मिलीमीटर व्यास के पाइप डाले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे ने बताया कि ऑगर मशीन से दोबारा ड्रिलिंग शुरू होने के बाद से अब तक कुल 45 (शेष पेज 9)

# इजराइल-हमास अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत


गाजा में इजराइली हमले के बाद उठता धुंआ

**एजेंसी।** यरुशलम

**इजराइल** और हमास बुधवार को चार दिन के अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत हो गए जिससे 150 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले गाजा में चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बनाए गए 50 लोगों की रिहाई होगी और क्षेत्र में मानवीय सहायता आपूर्ति की अनुमति मिलेगी।

युद्ध विराम बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे प्रभावी होगा। मिस्र के सरकारी टीवी काहिरा की खबर में यह जानकारी दी गई है। मिस्र ने चार दिवसीय युद्धविराम में मध्यस्थता करने में मदद की है। इजराइली मीडिया की खबर में कहा गया है कि युद्धविराम बृहस्पतिवार की सुबह 10 बजे से शुरू होगा। समझौता लागू होने पर यह पहली बड़ी कूटनीतिक जीत होगी और सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के (शेष पेज 9)

# नेशनल हेराल्ड पर भाजपा और कांग्रेस भिड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दोनों पक्ष के नेताओ के एक दूसरे पर आरोप और प्रत्यारोप

**नेशनल** हेराल्ड विवाद और इस सप्ताह की शुरुआत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'पनौती' टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच जुबानी जंग बुधवार को तेज हो गई। नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करने की निंदा को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया। सत्तारूढ़ दल ने जोर देकर कहा कि गांधी परिवार को अपने 'पापों' के लिए भुगतान करना होगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने गांधी परिवार पर नेशनल हेराल्ड अखबार की संपत्तियों को अपनी 'निजी संपत्तियों' में परिवर्तित करके संपत्ति पर कब्जा करने का आरोप लगाया। हालाँकि प्रकाशन का एक ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रसाद ने गांधी परिवार पर उनकी टिप्पणी के लिए हमला किया। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व कांग्रेस प्रमुख पर पीएम को 'पनौती' कहने के लिए 'राष्ट्र-विरोधी' होने का आरोप लगाया और कहा कि देश के लोग इसे माफ नहीं करेंगे। ईडी ने अपने द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 751.9 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अस्थायी रूप से संबद्ध करने का आदेश जारी किया है। जांच एजेंसी ने बयान में यह भी आरोप लगाया कि एजेएल और पार्टी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस के शेयरधारकों और दानदाताओं को 'धोखा' दिया। मंगलवार को ईडी द्वारा कांग्रेस द्वारा प्रचारित नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करने के बाद, कांग्रेस ने कहा कि इस तरह की 'छोटी प्रतिशोध की रणनीति' उसे डरा नहीं सकती है और जांच एजेंसी को भाजपा का 'गठबंधन भागीदार' करार दिया। इसके नेता के सी वेणुगोपाल ने भाजपा और जांच एजेंसियों को 'लोकतंत्र के हत्यारे' बताया। प्रसाद ने कहा कि अखबार के पास कई शहरों में प्रमुख संपत्तियां हैं और आरोप लगाया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी ने इन महंगी संपत्तियों को हड़प लिया, क्योंकि जिस कंपनी के मालिक थे, उसके शेयर एक ऐसी कंपनी को हस्तांतरित कर दिए गए, जहां दोनों के पास 76 फीसदी शेयर थे। उन्होंने विपक्षी नेताओं से जुड़े इसी तरह के पिछले मामलों में इस वाक्यांश के इस्तेमाल का हवाला देते हुए कहा, परिवार ने जो किया वह 'कांग्रेस और वाणिज्य' का मामला था।

कांग्रेस के इस दावे को खारिज करते हुए कि ईडी की कार्रवाई भाजपा की हताशा का परिणाम थी क्योंकि वह विधानसभा चुनावों के मौजूदा दौर में हार रही थी, भाजपा ने दावा किया कि यह कांग्रेस ही है जो बुरी तरह हारेगी और कहा कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले एक निजी शिकायत पर नेशनल हेराल्ड मामले की जांच शुरू हो गई थी। नेशनल हेराल्ड एजेएल द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के बहुसंख्यक शेयरधारक हैं, जिनके पास 38 प्रतिशत शेयर हैं। भाजपा ने प्रधानमंत्री के खिलाफ 'पनौती' तंज के लिए भी राहुल गांधी के खिलाफ अपना विरोध तेज कर दिया और चुनाव आयोग से कांग्रेस नेता के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।

पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें इसके महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और एक अन्य पदाधिकारी ओम पाठक शामिल थे, ने भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की। उन्होंने उन पर झूठा दावा करने का आरोप लगाया कि जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे तब मोदी की जाति को गुजरात की ओबीसी सूची में शामिल किया गया था। पाठक ने कहा, घांची जाति पारंपरिक रूप से तेल निकालने का काम करने वाला समुदाय है, जिसे 1999 में ओबीसी सूची में शामिल किया गया था, जबकि मोदी 2001 में मुख्यमंत्री बने थे। अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राहुल ने राजस्थान में एक चुनावी भाषण में (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### नीट-यूजी के पाठ्यक्रम को छोटा किया गया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अनुसार, मेडिकल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट-यूजी) के पाठ्यक्रम को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और अन्य स्कूल बोर्डों के तहत बनाए गए पाठ्यक्रम के साथ संरेखित करने के लिए कम कर दिया गया है। देश में मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए सबसे बड़ी परीक्षा का आयोजन अगले वर्ष पांच मई को होगा। एनटीए ने एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा, सभी हितधारकों विशेषकर आकांक्षी परिक्षार्थियों को यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के तहत एक स्वायत्त निकाय स्नातक चिकित्सा शिक्षा बोर्ड ने नीट-यूजी, 2024 के पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है। इसने कहा की यही अधिसूचना एनएमसी की वेबसाइट पर भी डाली गई है। हितधारकों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा की तैयारी के लिए नीट-यूजी 2024 के लिए अद्यतन पाठ्यक्रम का संदर्भ लें और शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नीट-यूजी परिक्षाओं की तैयारी भी इसी के अनुसार करें।

# राजौरी में आतंकियों से मुठभेड़ दो अफसर समेत चार शहीद

- दो जख्मी, शहीदों में दो कैप्टन, एक हवलदार और एक जवान शामिल, आतंकी घिरे, गोलीबारी जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** राजौरी/जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के राजौरी जिले में बुधवार को आतंकवादियों एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में सेना के कैप्टन स्तर के दो अधिकारियों समेत चार जवान शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षाबलों ने मौके पर दो आतंकियों को घेर लिया है और भीषण मुठभेड़ जारी है। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के दौरान दो कैप्टन, एक हवलदार और एक जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने कहा कि एक



राजौरी में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान सैन्य अफसर के पार्थिव शरीर को लेकर जाते जवान और स्थानीय लोग।

मेजर और एक अन्य जवान घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि घायलों को उधमपुर स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को राजौरी के गुलाबगढ़ जंगल के कालाकोट इलाके में संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

इसमें कहा गया है कि 22 नवंबर को मुठभेड़ हुई और भीषण गोलीबारी हुई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इलाके में (शेष पेज 9)

# प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली में और होगी सख्ती

- ग्रैप का चौथा चरण लागू हुआ तो अन्य राज्यों की बसों के राजधानी में प्रवेश पर लगेगी रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार ने अधिसूचित किया है कि यदि केंद्र सरकार की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना के अंतिम चरण के तहत पाबंदियां लागू की जाती हैं, तो राजधानी में सीएनजी, बीएस4 डीजल और इलेक्ट्रिक बसों को छोड़कर अन्य बसों के प्रवेश को विनियमित किया जाएगा। चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) का चौथा चरण इसका अंतिम चरण होता है।

एक आधिकारिक राजपत्रित अधिसूचना में कहा, जीआरएपी का चौथा चरण लागू होने पर अखिल भारतीय पर्यटक बसों/ठेके पर चलने वाली बसों/राज्य परिवहन बसों या सीएनजी/इलेक्ट्रिक या बीएस4


नई दिल्ली में बुधवार को प्रदूषण पर काबू पाने के लिए एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल किया गया।

डीजल बसों को छोड़कर अन्य राज्यों में किसी अन्य प्रकार के परमिट रखने वाली सभी बसों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के एनसीआर क्षेत्रों से प्रवेश करने वाली बसों को भी इन मानदंडों का पालन करना होगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), जो क्षेत्र में प्रदूषण से निपटने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए जिम्मेदार एक वैधानिक निकाय है, ने 18 नवंबर को दिल्ली और एनसीआर राज्यों से सभी आपातकालीन उपायों को रद्द करने के लिए कहा था, जिसके तहत केवल सीएनजी अन्य राज्यों से इलेक्ट्रिक और बीएस 6-अनुपालक वाहनों को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति है, आवश्यक सेवाओं में शामिल लोगों को छूट दी गई है। शहर भर में हवा की गुणवत्ता बुधवार सुबह खराब हो गई और बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई। दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण वाहन प्रदूषण और निर्माण कार्य हैं।

शहर में 2.5 माइक्रोमीटर से कम व्यास वाले बारीक कणों (पीएम2.5) की दैनिक सांद्रता- जो रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकती है, जिससे स्वास्थ्य खराब हो सकता है। तीन नवंबर से 9 नवंबर के बीच 200 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ऊपर रही। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देश 24 घंटों तक सांद्रता को औसतन 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से नीचे रहने की सलाह देते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार वायु प्रदूषण का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है, जिससे कई तरह के नकारात्मक परिणामों की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण को कई स्वास्थ्य जटिलताओं से जोड़ा गया है, जिनमें श्वसन संबंधी समस्याओं से लेकर अधिक (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 नवंबर, 2023



# जनवरी से शुरू को सकता है चिल्ला एलिवेटड का निर्माण

## सेतु निगम ने टेंडर जारी कर 13 दिसंबर तक कंपनियों से आवेदन मांगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्ध नगर में पिछले दो साल से बंद चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम जल्द ही फिर से शुरू होगा। सेतु निगम ने इसके लिए टेंडर जारी कर 13 दिसंबर तक कंपनियों से आवेदन मांगे हैं। कंपनियों के आवेदन आने के बाद सबसे कम दर वाली कंपनी को निर्माण का ठेका दिया जाएगा। जिससे नए साल यानी जनवरी में इस एलिवेटेड रोड का काम शुरू हो सकेगा। एलिवेटड बनने से करीब पांच लाख लोगों को लाभ मिलेगा।

इसका निर्माण में 940 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। चिल्ला एलिवेटेड रोड बनाने की योजना करीब 10-12 साल पुरानी है, लेकिन इस पर गंभीरता से काम साल 2018 में शुरू हुआ। एलिवेटेड रोड बनाने को लेकर नोएडा प्राधिकरण और यूपी के लोक निर्माण विभाग के बीच सहमति बनी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जनवरी 2019 को इसका शिलान्यास किया। उस समय इसके निर्माण की लागत 605 करोड़ 31 लाख रुपए तय की गई थी। नोएडा प्राधिकरण ने वर्ष 2020 के शुरुआत में अपने बजट से इसका निर्माण शुरू करा दिया।

74 करोड़ रुपए खर्च किए गए। लोक निर्माण विभाग के जरिए नोएडा प्राधिकरण को 50 प्रतिशत राशि देनी थीए लेकिन उन्होंने एक भी रुपए नहीं दिए। बल्कि साल 2021 में सेतु निगम ने इसकी राशि 700 करोड़ और फिर इसको बढ़ाकर 1076 करोड़ 61 लाख रुपए कर दी। इसके बाद नोएडा प्राधिकरण और सेतु निगम के बीच विवाद बढ़ गया और नवंबर 2021 में पूरी तरह काम बंद हो गया। तभी से यह काम बंद पड़ा है।

फिलहाल अब ये प्रोजेक्ट 940 करोड़ में बनेगा। चिल्ला एलिवेटेड रोड ना बनने के कारण लोगों को रोजाना जाम का सामना करना पड़ रहा है। सुबह-शाम वाहन चालक महामाया फ्लाई ओवर से चिल्ला बॉर्डर के बीच जाम में फंस रहे हैं। व्यस्त समय में करीब साढ़े पांच किलोमीटर इस हिस्से को पार करने में लोगों को एक घंटा तक लग जाता है। यहां जाम लगने की मुख्य वजह वाहनों की संख्या के मुकाबले सड़क की चौड़ाई कम होना है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने एलिवेटेड रोड का काम शुरू होते समय दावा किया था कि पहले चरण में सितंबर 2021 तक महामाया फ्लाई ओवर से सेक्टर-18 और दूसरे चरण में पूरा एलिवेटेड रोड दिसंबर 2021 तक बनकर तैयार होना था।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार अब नए साल में इस एलिवेटेड रोड का काम शुरू हो जाएगा। सेतु निगम ने निर्माण शुरू कराने के लिए टेंडर जारी कर दिया है।

### योजना दिल्ली और नोएडा को करेगी कनेक्ट

**ये पहली चिल्ला एलिवेटड योजना दिल्ली को नोएडा से कनेक्ट करेगी। ये एलिवेटड नोएडा में महामाया फ्लाई ओवर के आगे एक्सप्रेस वे जोड़ेगी। जिससे चिल्ला से सीधे एक्सप्रेस वो जोड़ने वाली लिंक रोड पर जाम समाप्त हो जाएगा। साथ ही दिल्ली से नोएडा की बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे रोजाना करीब पांच लाख वाहन चालकों को राहत मिलेगी। उन्हें घंटों जाम में नहीं फंसना होगा।**

# हलाल सर्टिफाइड उत्पाद की तलाश में 30 जगह छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रतिबंध लगाया है। जिसको लेकर गाजियाबाद खाद्य और औषधि विभाग लगातार डिपार्टमेंट स्टोर के साथ मॉल में छापेमारी की कार्रवाई कर रहा है। जहां से भारी मात्रा में हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स को जब्त किया है। जिनके यहां ये समान मिला है, उन पर कार्रवाई भी की जाएगी।

गाजियाबाद में असिस्टेंट कमिश्नर फूड विनीत कुमार ने बताया कि पिछले तीन दिनों से खाद्य विभाग लगातार हलाल सर्टिफ इड प्रोडक्ट को छापेमारी कर चुका है। भारी मात्रा में हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट भी मिले हैं। पिछले तीन दिनों में 30 जगह पर छापेमारी की कार्रवाई की गई और 09 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। जिन जगहों पर हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट मिल रहे हैं उन दुकानदारों और गोदामो पर भी कार्रवाई की जाएगी।

विनीत कुमार ने बताया कि पहले ही सभी को अवगत कराया गया था कि हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स को लोगों को ना बेच उसके बाद भी अगर बेचे जा रहे हैं तो दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

## नीदरलैंड की कंपनी से साफ्टवेयर चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-127 स्थित नीदरलैंड की एक कंपनी से सॉफ्टवेयर चोरी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कंपनी के ही कुछ कर्मचारियों ने सॉफ्टवेयर का सोर्स कोड अपने पास ले लिया और दुबई की एक कंपनी को दे दिया।

इस मामले में सेक्टर-126 थाना पुलिस ने छह नामजद समेत दुबई की कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कंपनी के अधिकारी आकाश दीप शर्मा ने बताया कि नीदरलैंड की सोलुलेवर बीवी कंपनी की एक इकाई नोएडा के सेक्टर-127 में है। यह कंपनी सॉफ्टवेयर का निर्माण करती है। सॉफ्टवेयर बनाने के लिए कंपनी के इंजीनियर सोर्स कोड बनाते हैं।

# प्राधिकरण टीम और ग्रामीणों के बीच हंगामा

- लोग बोले- अतिक्रमण हटाने के नाम पर तोड़ी मंदिर की दीवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पर्थला गांव में अवैध अतिग्रमण को हटाने गई प्राधिकरण की टीम और ग्रामीणों के बीच बवाल हो गया। आरोप है कि ग्रामीणों ने प्राधिकरण के कर्मचारियों की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्ष को शांत कराया है।

यह मामला कोतवाली 113 के अंतर्गत का है। फिलहाल मौके पर थाने की फोर्स तैनात है। बुधवार की दोपहर नोएडा प्राधिकरण के सर्किल.6 और भूलेख विभाग के कर्मचारी पर्थला पहुंचे। प्राधिकरण ने बताया कि यहां कुछ लोगों ने प्राधिकरण की अधिसूचित कब्जा प्राप्त जमीन पर पिलर बनाकर उस पर स्लैब डालने का काम किया जा रहा था। इसे हटाया जा रहा था। इसकी जानकारी ग्रामीणों को लगी और उन्होंने हंगामा कर दिया। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण ने एक मंदिर की दीवार को तोड़ा है। दीवार तोड़े जाने की जानकारी



जैसे ही ग्रामीणों की लगी गांव के निवासी इकट्ठा हो गए और विरोध करने लगे। प्राधिकरण के कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। इस बीच ग्रामीणों ने मिलकर प्राधिकरण के कर्मचारी की गाड़ी तोड़ दी। मौके पर पहुंची थाना सेक्टर.113 पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर शांत कराया। वहीं दोनों पक्षों में किसी ने भी अभी तक तहरीर नहीं दी है।

## सैक्स रैकेट संचालिका समेत दो को भेजा जेल

**गाजियाबाद।** पब्लिक के सहयोग से क्रासिंग रिपब्लिक क्रासिंग रिपब्लिक थाने के एसएचओ रवि कुमार बालियान की टीम के द्वारा सैन विहार के एक मकान में छापा मारकर देह व्यपार का भंड़ाफोड़ करते हुए सैक्स रैकेट की संचालिका और महिलाओं समेत चार को हिरासत में लिया गया था।

पुलिस के मुताबिक इस मामले में जहां दो युवतियों को चेतावनी देकर उन्हें उनके परिजनों के सुपूर्द कर दिया गया वहीं सैक्स रैकेट की संचालिका समेत दो को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जलभराव के विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के अर्थला में एक साल से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोग सड़क पर उतर आए हैं। मैट्रो स्टेशन के पास धरना दे रहे लोगों ने हनुमान चालीसा पढ़ी।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि उन्होंने गाजियाबाद के नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर मेयर और सांसद से भी मुलाकात की है। लेकिन उसके बावजूद परेशानी का समाधान नहीं निकला है। परेशानी का हल न होने के बाद लोगों ने धरना दिया। लोगों का आरोप है कि अर्थला मेट्रो के नीचे नाला जाम होने की वजह से जलभराव होता है। पूर्व पार्षद कमल पाल बताते हैं कि रिश्तेदारों का आना.जाना भी इस पानी की वजह से बंद हो गया है।

# अवैध संबंध के चलते हुई थी सिकंदर की हत्या

- पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



सोनिया विहार निवासी सिकंदर उर्फ सतेंद्र की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए टीला मोड थाने के एसएचओ चंद्रकांत पाण्डेय की टीम ने मुख्य हत्याभियुक्त अक्षय निवासी सोनिया विहार व उसके साथी कालू निवासी कुटी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वैज्ञानिक एवं भौतिक तकनीकि के सहारे हुए इस मर्डर के खुलासे के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े हत्याभियुक्त अक्षय ने बताया कि मृतक सिंकदर उर्फ सतेंद्र व वह एक ही कॉलोनी में रहते थे। कुछ समय पूर्व उसे पता चला कि मृतक के उसकी भांजी से अवैध संबंध हो गये हैं। जब उसने अपनी भांजी से पूछा तो उसने बताया कि सिंकदर उसे धमकी देकर उसके साथ अनाचार कर रहा है। उसके बाद उसने सिकंदर को मौत के घाट उतार देने की योजना बना ली।

फिर उसने कुटी निवासी कालू के साथ मिलकर सिकंदर उर्फ सतेंद्र की धारदार हथियार से हत्या कर दी। उसके बाद उन्होंने सतेंद्र को पत्थरों से भी कुचल दिया। बता दें कि सतेंद्र का रक्तरंजित शव हिंडन एयरफ ोर्स स्टेशन की दीवार के पास मिला था।

## जलकल के कार्यवाहक जीएम बने आस कुमार

**गाजियाबाद।** जलकल विभाग के कार्यवाहक जीएम सहायक अभियंता आस कुमार को बनाया गया है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने इसके आदेश जारी कर दिए है। इससे पहले नगर आयुक्त ने नगर निगम के जलकल विभाग के जीएम आनंद त्रिपाठी को कार्यमुक्त कर दिया गया था। गत दिनों उनका तबादला कानपुर नगर निगम में जल संस्थान में किया गया था। उनको कार्यमुक्त करने के बाद से नगर निगम में जलकल विभाग के जीएम की कुर्सी खाली पड़ी हुई थी। खाली पड़ी इस कुर्सी के कारण सरकारी कार्य बाधित होने की संभावना है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बुधवार को सेक्टर बीटा 1 पहुंचे और उन्होंने सेक्टर वासियों से उनकी समस्याओं को सुना।

इस दौरान सेक्टर वासियों ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और बताया कि सेक्टर के हालात बहुत खराब हैं और चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। सीवर ओवरफ्लो है और उसके अलावा कई समस्याएं हैं। सेक्टर बीटा वन से प्रतिनिधिमंडल देवी शरण शर्मा व हरेंद्र भाटी मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से मिले। जिसके बाद उन्होंने सेक्टर की समस्याओं से सीईओ को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जगह-जगह गंदगी व कूड़े के ढेर पड़े है।

सीवर ओवरफ्लो है। इसके अलावा उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि सेक्टर में पीजी खुले हुए हैं जोकि अवैध रूप से सेक्टर में संचालित हो रहे हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि बीटा प्लाजा व सी ब्लॉक की कैंटीन के सामने लगातार अवैध अतिक्रमण बढ़ रहा है। सीईओ ने सभी समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और मौके पर जाकर जायजा लेने और लोगों से उनकी समस्याएं सुनने के निर्देश दिए गए। जिसके बाद मौके पर सीनियर मैनेजर सीवर विभाग विनोद कुमार शर्मा, उद्यान विभाग सीनियर मैनेजर नाथोली सिंह व स्वास्थ्य विभाग से अधिकारी मौके पर आए।

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that we 1. Bhavnesh Khattar S/o Arun K. Khattar 2. Mrs. Radha Khattar W/o Arun Khattar 3. Shilpa khattar W/o Prashant Khattar 4. Thea Khattar u/g of Shilpa Khattar are filing application in L&DO for substitution/mutation of property no. 67-68 Double Storey New Rajinder Nagar New Delhi-110060 in the name of Sh. Lachmi Narain Khattar on the grounds of Death certificates, Relinquishment deed etc.. , if there are any objections/claims from the General public on this application, the same shall be communicated to L&DO with supporting documents through registered post or by visiting L&DO at Nirman Bhawan New Delhi or through an email at ldo@nic.in , Within 30 days of publication of this notice .

Name: Bhavnesh Khattar
Address: 67 Double Storey New Rajinder Nagar New Delhi-60, Phone:9810137375

**सार्वजनिक सूचना**

भूमि खसरा नंबर 1840 जिसका कुल क्षेत्रफल 19070 वर्ग मीटर है, जो की अन्नेक्की हेतमपुर तहसील व जिला हरिद्वार में स्थित है। उक्त संपत्ति श्री प्राणनाथ अरोड़ा पुत्र गोविंदराम अरोड़ा निवासी भूपतवाला, परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार ने श्री बीर सिंह पुत्र श्री रतन सिंह व श्री रिशिपाल पुत्र श्री चर्मेल सिंह निवासीगण अन्नेक्कि हेतमपुर, परगना रुड़की, तहसील व जिला हरिद्वार से क्रय की हुई है। उक्त संपत्ति की श्रृंखला में मूल बेनाम जो कि बही संख्या 1, जिल्द 1190/1218, पृष्ठ 125/431 से 434 के क्रमांक संख्या 1676 दिनांकित 25.4.2000 उपनिबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है व मूल बेनामा जिसका पंजीकरण बही संख्या 1, जिल्द 1425/1657, पृष्ठ 105 / 213 से 216 के क्रमांक संख्या 8686 दिनांकित 19.10.2005 जिसका पंजीकरण उपनिबंधक कार्यालय हरिद्वार में हो रखा है। उक्त मूल बेनामे श्री प्राणनाथ अरोड़ा द्वारा अपने घर से उपनिबंधक कार्यालय हरिद्वार की ओर जाते समय कहीं गुम हो गये है, जिसकी प्राणनाथ अरोड़ा द्वारा काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले है यदि किसी को उक्त मूल बेनामे मिले तो है कृपया **श्री प्राणनाथ अरोड़ा पुत्र गोविंद राम अरोड़ा निवासी भूपतवाला, परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार** से संपर्क करें।

पंजाब नेशनल बैंक उक्त संपत्ति के संबंध में सामयिक बंधक बनाने का इरादा रखता है, कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति पर किसी भी हित या हक का दावा करता है या अन्यथा किसी को कोई आपत्ति है इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर **पंजाब नेशनल बैंक एमसीसी न्यू दिल्ली - 1** को अभ्यावेदन दे सकता हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

एक गैर-कृषि संपत्ति, जो खसरा नंबर 1841 से संबंधित है, जिसकी भूमि 0.4590 हेक्टेयर है और खसरा नंबर 1842 जिसकी भूमि 0.2040 हेक्टेयर है, जिसका कुल माप 0.6630 हेक्टेयर यानी 6630 वर्ग मीटर है, जो ग्राम अनेक्की हेतमपुर, तहसील और जिला हरिद्वार में स्थित है, जो श्री इंद्रजीत अरोड़ा पुत्र श्री गोविंद राम अरोड़ा निवासी भूपतवाला, परगना ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार से संबंधित है और उन्होंने उक्त संपत्ति श्री रमन शर्मा पुत्र श्री कृष्ण कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला चाकलान, ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार से खरीदी है। उक्त संपत्ति की शृंखला में मूल विक्रय पत्र बही संख्या 1, जिल्द 1360/1407, पृष्ठ 193/161 से 164 पर क्रम संख्या 386 दिनांक 20.01.2003 में उप रजिस्ट्रार हरिद्वार के कार्यालय में पंजीकृत है और मूल विक्रय पत्र बही संख्या 1 में जिला 1407, पृष्ठ 165 से 168 क्रमांक 387 पर दिनांक 20.01.2003 उप रजिस्ट्रार हरिद्वार के कार्यालय में पंजीकृत है और मूल पंजीकृत विक्रय पत्र बही क्रमांक 1, जिला 1425/1659, पृष्ठ 106/205 से 208 क्रमांक 8988 दिनांक 25.10.2005 सब रजिस्ट्रार हरिद्वार के कार्यालय में पंजीकृत है, श्री इंद्रजीत अरोड़ा पुत्र श्री गोविंद राम अरोड़ा द्वारा घर से सब-रजिस्ट्रार कार्यालय हरिद्वार के बीच यात्रा करते समय कहीं खो गया था और खोजने के काफी प्रयासों के बाद भी नहीं मिला। मैं इंद्रजीत अरोड़ा ने उपरोक्त खोए हुए स्वामित्व विलेख का कोई दुरुपयोग नहीं किया। यदि किसी को उपर्युक्त शीर्षक विलेख मिला है तो कृपया **श्री इंद्रजीत अरोड़ा पुत्र श्री गोविंद राम अरोड़ा निवासी भूपतवाला, परगना ज्वालापुर, तहसील और जिला हरिद्वार** से संपर्क करें।

पंजाब नेशनल बैंक उक्त संपत्ति के संबंध में सामयिक बंधक बनाने का इरादा रखता है, कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति पर किसी भी हित या हक का दावा करता है या अन्यथा किसी को कोई आपत्ति है इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर **पंजाब नेशनल बैंक एमसीसी न्यू दिल्ली - 1** को अभ्यावेदन दे सकता हैं।

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या एलबीजीयूआर00003218096, कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम कन्हाई लाल/वरूण गुप्ता के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, सांकेतिक और भौतिक कब्जा सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(4) के तहत 20 नवम्बर, 2019 एवं 21 दिसम्बर, 2020 क्रमानुसार किया गया था और उनका प्रकाशन दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं पायनियर (हिन्दी) में 27 नवम्बर, 2019 एवं 24 दिसम्बर, 2020 क्रमानुसार को किया गया था। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त सूचनाओं में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा ग्राहक का नाम कन्हैया लाल के स्थान पर कन्हाई लाल वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको कन्हैया लाल के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 23-11-2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**NOTICE**

This is to inform the general public that Abeni Designs LLP proposes to change its registered address from A 146, Sector 19, Noida 201301 to 84/A, Agcy Villa, Deussa, Chicalim Goa 403711. If someone has an objection please reach out to us at sales.moy@gmail.com

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रवीण प्रताप सिंह/ शीतल/ LBDEL00005375230 | अपार्टमेंट नंबर ए, टॉवर नंबर ईएफ-29, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर, टॉवर नंबर-ईएफ, एक्सक्लूसिव फ्लोर, बिल्डिंग जिसे प्रिमंती के नाम से जाना जाता है, सेक्टर-72, गुड़गाँव में स्थित है/ नवंबर 18, 2023 | जून 21, 2023 रु. 2,74,34,454/- | दिल्ली/ एनसीआर और अंबाला |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 23, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# हुक्का बार को लाइसेंस देने पर विवाद आबकारी ने खाद्य विभाग पर उठाए सवाल

- फ्लेवर्ड हुक्के की आड़ में युवाओं को नशे की लत लगा रहे संचालक

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले में हुक्का बारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हुक्का बारों के लाइसेंस को लेकर दो विभाग आमने सामने हैं। हाईकोर्ट ने अभी तक हुक्का बार के लाइसेंस को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं की है। लेकिन फ्लेवर हुक्का बार पर रोक भी नहीं है। इसका फ ायदा बार संचालक उठा रहे हैं और फ्लेवर्ड हुक्के की आड में युवाओं को नशे की लत डाल रहे हैं।

आरडीसी, साहिबाबाद के विभिन्न मॉल्स में दर्जनों हुक्का बार संचालित हैं। आलम यह है कि यह हुक्का बार अब फूड विभाग के लाइसेंस की आड़ में हुक्का सर्व कर रहे हैं। आबकारी विभाग ने इस सम्बंध में फूड विभाग को लेटर जारी कर जानकारी मांगी है कि जिले में कितने फ्लेवर्ड हुक्का बार संचालित हैं। जिला आबकारी अधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि हुक्का बार के लाइसेंस पर अभी रोक है कोई विभाग इस सम्बंध में लाइसेंस जारी नहीं कर सकते। लेकिन इस तरह के मामले सामने आए हैं, जिसे लेकर फूड विभाग से जानकारी मांगी गई है। वहीं खाद्य एवं औषिधि विभाग के सहायक आयुक्त विनीत कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा किसी को भी हुक्का बार के लाइसेंस जारी नहीं किए गए हैं।



शासनादेश स्पष्ट है कि कहीं भी चाहे वह मॉडल शॉप या फिर कोई कम्पनी अगर वहां कोई कैंटीन या रेस्टोरेंट संचालित है तो वहां फूड विभाग द्वारा लाइसेंस जारी किया जाएगा लेकिन यह लाइसेंस सिर्फ खाद्य पदार्थो से संबंधित है नाकि हुक्का बार से सम्बंधित हैं।

विभाग के पास इनकी जांच कोई अधिकार नहीं है। वहीं आबकारी विभाग का भी यही कहना है कि हुक्का बार पर कार्रवाई करने का उनके पास कोई अधिकार नहीं है। लाइसेंस और कार्रवाई को लेकर दोनों ही विभाग ने हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसे में जिले में संचालित हो रहे इन बारों पर कार्रवाई कौन करेगा इसको लेकर बड़ा सवाल खडा हो गया है। हुक्का बारों को विभागों को शिकायतें भी दी जा रही है लेकिन नियमों का हवाला देकर विभाग अपने जवाबदेही से बच रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार



विजयनगर जोन में 4 करोड़ 55 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास करते मेयर सुनीता दयाल।

### स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन मनाया

**गाजियाबाद।** सपा संरक्षक दिवंगत मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन है। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पार्टी के आरडीसी स्थित कार्यालय पर हवन.पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सपाइयों ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के चित्र का माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित मुलायम सिंह यादव तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे और उन्होंने देश की राजनीति पर धर्मनिर्पेक्ष नेता के रूप में छाप छोड़ी थी। हवन पूजन एवं भंडारे के दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष एड फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, पूर्व मंत्री राकेश यादव, पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव, प्रभारी प्रमोद त्यागी, राजदेवी चौधरी, मधु चौधरी, अभिषेक गर्ग, मनोज पंडित, रमेश यादव एडवोकेट, विशाल वर्मा, अमन यादव, राजन कश्यप, प्रवेश बैसोया, उपेन्द्र यादव, भुवन जोशी, नितिन त्यागी, पार्षद मोहम्मद कल्लन, पुष्पा शर्मा, ऋतु खन्ना, कमलेश चौधरी, गुलाब यादव समेत बड़ी संख्या में सपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा ने चलाया वोटर चेतना अभियान

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भाजपा द्वारा महानगर मंडल अध्यक्षों के लिए जिला महानगर वोटर चेतना महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सह कोषाध्यक्ष हिमांशु मित्तल ने मंडल अध्यक्षों से उनके मंडल में वोटरर्स की स्थिति को जाना। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि पश्चिमी यूपी के सह कोषाध्यक्ष हिमांशुल मित्तल, पूर्व सांसद वरिष्ठ नेता रमेश चंद तोमर, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व मेयर आशा शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, राजेश्वर सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वंदे मातरम गान के साथ वोटर चेतना महाअभियान शुरू हुआ। इस दौरान एक.एक मंडल अध्यक्षों से परिचय के बाद हिमांशु मित्तल ने प्रत्येक मंडल अध्यक्ष से उनके मंडल में वोटर्स की संख्या, नए वोटर की जानकारी ली। साथ ही कितने नए वोटर्स के फार्म भरवाए गए हैं इसकी भी जानकारी ली। इस अवसर पर महानगर मंत्री पप्पू पहलवान, वरिष्ठ नेता ओमदत्त कौशिक, सरदार एसपी सिंह, पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, कामेश्वर त्यागी, प्रदीप चौधरी, प्रदीप चौहान, सुशील गौतम, अश्वनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 26 को ग्रेनो आएंगे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

**नोएडा।** कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आरएसएस प्रमुख डा मोहन भागवत 26 नंवबर को ग्रेटर नोएडा आएंगे। वह 26 व 27 नंवबर तक ग्रेनो शहर में रहेंगे। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान डॉ. मोहन भागवतशारदा यूनिवर्सिटी में रुकेंगे तथा यूनिवर्सिटी के सभागार में प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम स्व आधारित भारत पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में एनसीआर के हजारों प्रबुद्धजन शामिल होंगे।

### अभिभावक संघ ने घेरा जिलाधिकारी कार्यालय

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने एक ज्ञापन भी सौपा। पैरेंट्स एसोसिएशन से जुड़े विवेक त्यागी बताते हैं कि इतनी लंबी लड़ाई के बावजूद राइट टू एजुकेशन के तहत जिन बालक बालिकाओं का एडमिशन स्कूल में होना चाहिए था, वह नहीं हुआ है। उनके मुताबिक कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। बस पत्राचार किया जा रहा है। गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन के सचिव अनिल सिंह ने इस मौके पर कहा कि अगर गरीब बच्चों का हक मारा गया तो गाजियाबाद शिक्षा विभाग में ताला लगा दिया जाएगा। विवेक त्यागी बताते हैं कि शिक्षा सत्र 2023.2024 के तहत चार चरणों में लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 5841 बच्चों का चयन हुआ था। जिसमें 8 महीने की लंबी लड़ाई के बावजूद 3310 बच्चों का दाखिला ही हो पाया है।

### किसान एकता संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर में किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तहसील सदर पर किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद किसानों ने एसडीएम सदर को एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने एसडीएम के सामने 4 सूत्रीय मांगे रखी। किसान एकता संघ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में सदर तहसील पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए एक चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम अंकित कुमार को सौंपा। इस दौरान प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने बताया कि किसानों की चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जो इस प्रकार है। किसान अपने कार्य के लिए तहसील परिसर में आते है। उनका कार्य समय से नहीं किया जाता हैं।

# आतिशी ने मुख्यमंत्री को सौंपी पूरक रिपोर्ट

## एलजी ने यह कहते हुए कार्रवाई करने से इंकार कर दिया था कि मुख्य सचिव ने डीएम के खिलाफ कार्रवाई की थी : मंत्री

**बामनोली भूमि अधिग्रहण मामला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सतर्कता मंत्री आतिशी ने बुधवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूरक रिपोर्ट सौंपी। चर्चा है कि नई रिपोर्ट में आतिशी ने मुख्य सचिव को निलंबित करने की अपनी सिफारिश दोहराई है। पूरक रिपोर्ट को लेकर मुख्य सचिव की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इससे पहले उन्होंने इन आरोपों को खारिज किया था और आरोप लगाया था कि भ्रष्टाचार के लिए सतर्कता विभाग की कार्रवाई झेल चुके निहित स्वार्थ वाले लोग ही उन्हें निशाना बना रहे हैं। यह मामला दक्षिण पश्चिम दिल्ली के बामनोली गांव में 19 एकड़ भूमि के अधिग्रहण में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। केजरीवाल को सौंपी गई अपनी पहली रिपोर्ट में, आतिशी ने भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्य सचिव पर प्रथमदृष्ट्या मिलीभगत का आरोप लगाया था। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पूर्व जिला अधिकारी हेमंत कुमार ने 19 एकड़ जमीन का मुआवजा 41 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 353 करोड़ रुपये कर दिया था।

आतिशी ने पूरक रिपोर्ट में आरोप लगाया कि मुख्य सचिव ने जिला अधिकारी को बचाने के लिए तमाम प्रयास किए। कागजी कार्वाई जारी थी और तथ्यों के बावजूद, जिला अधिकारी को निलंबित नहीं किया गया। आतिशी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में आरोप लगाया कि बामनोली भूमि अधिग्रहण में मुख्य सचिव के बेटे, भूमि मालिक के रिश्तेदार की कंपनी के एक कर्मचारी को फायदा हुआ। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा 2018 में द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया था और इस साल मई में मुआवजा बढ़ा दिया गया।





### सच लाने के लिए सीबीआई व ईडी जांच जरूरी: मंत्री

**अपने बेटे के जरिए मुख्य सचिव का उन जमीन मालिकों से संबंध पर प्रकाश डालते हुए सतर्कता मंत्री ने लिखा है कि यह हैरान करने वाली बात है कि एलजी ने अपने नोट में सतर्कता निदेशालय द्वारा जांच में सामने आए सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। इस प्रारंभिक रिपोर्ट में 14 नवंबर 2023 को मुख्य सचिव के अपने बेटे के जरिए उन जमीन मालिकों से संबंध होने के बारे में जानकारी दी गई है।**

### पूछा- डीएम को सस्पेंड क्यों नहीं किया

आतिशी ने बताया कि यह दावा किया जा रहा है कि मुख्य सचिव और डिविजनल कमिश्नर ने डीएम के खिलाफ तेजी से कार्रवाई करते हुए उन्हें अवार्ड वापस लेने के लिए कहा और उनके खिलाफ जांच भी शुरू कर दी। लेकिन पाया गया है कि न केवल वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एक्शन लेने में देरी की गई, बल्कि उन्होंने कार्रवाई के तौर पर मामले की केवल खानापूर्ति की थी। उन्होंने जानबूझकर डीएम को वो आदेश दिए जिसका पालन नहीं किया जा सकता था।

### 'जांच तक मुख्य सचिव को हो निलंबित'

मुख्य सचिव को निलंबित करने का अनुरोध करते हुए मंत्री आतिशी ने कहा है कि सीबीआई पहले ही इस मामले को देख चुकी है, डीओवी की रिपोर्ट सिर्फ तत्कालीन डीएम हेमंत कुमार के कार्यों पर केंद्रित है। इसमें मुख्य सचिव और डिविजनल कमिश्नर के दोषी होने की बात को उजागर नहीं किया गया है। चूंकि मुख्य सचिव बतौर मुख्य सतर्कता आयुक्त डीओवी का प्रमुख होता है। मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल को सौंपी गई प्रारंभिक रिपोर्ट प्रथम दृष्ट्या इस तरफ इशारा करती है कि मुख्य सचिव और डिविजनल कमिश्नर इन गंभीर खामियों में शामिल थे और उनकी भूमिका की जांच होनी चाहिए।

### मामले पर फिर से विचार करने को कहा

*अरविंद केजरीवाल द्वारा द्वारका एक्सप्रेस-वे जमीन मुआवजा घोटाला मामले में विजिलेंस मंत्री की प्रारंभिक रिपोर्ट एलजी को भेजी गई थी। उसके बाद एलजी ने अपनी ऑब्जर्वेशन के साथ अपना जवाब दिया था। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने विजिलेंस मंत्री को एलजी की ऑब्जर्वेशन की जांच करने का निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश के अनुसार विजिलेंस मंत्री आतिशी ने एलजी द्वारा किए गए ऑब्जर्वेशन्स करने के बाद इसकी समीक्षा करते हुए मामले पर फिर से विचार करने को कहा है। विजिलेंस मंत्री आतिशी ने कहा है कि एलजी ने स्पष्ट कहा है कि मुख्य सचिव के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उन्होंने रिपोर्ट में सामने आए आवश्यक तथ्यों को पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया है। किसी भी कारण से अपने दोषी अधिकारी के खिलाफ इस प्रकार की जांच रिपोर्ट को गंभीरता से ना लेना एक जिम्मेदार, जवाबदेह और स्वच्छ सरकार को शोभा नहीं देता है। इससे पहले की जांच रिपोर्ट में मुख्य सचिव और भू-स्वामियों के बीच संबंधों के बारे में साफ पता चलता है जो कि एलजी के ऑब्जर्वेशन को गलत ठहराते हैं। साथ ही मुख्य सचिव ने कभी भी इन संबंधों को खुलासा नहीं किया था।*

### 'देरी की सबूतों के साथ हो सकता है छेड़छाड़'

*विजिलेंस मंत्री ने लिखा है कि डीएम होने के कारण हेमंत कुमार जिले के सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे। उन्होंने अधिकारियों और सरकारी रिकॉर्ड पर काफी निगरानी, नियंत्रण और अधिकार का प्रयोग किया। गवाहों को प्रभावित करने या सबूतों के साथ छेड़छाड़ रोकने के लिए उनको तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए था, लेकिन करीब साढ़े तीन महीने तक इंतजार के बाद निलंबित किया गया। जब बढ़ा मुआवजा जानकारी में आया था, तभी डिविजनल कमिश्नर और मुख्य सचिव को हेमंत कुमार के खिलाफ तत्काल और कठोर कार्रवाई करनी चाहिए थी।*



### बढ़ा हुआ मुआवजा डीएम साउथ-वेस्ट ने दिया था: आतिशी

आतिशी ने कहा है कि बढ़ा हुआ मुआवजा 15 मई 2023 को डीएम साउथ-वेस्ट द्वारा दिया गया था, जैसा कि उनके द्वारा बताया गया। डिविजनल कमिश्नर को 18 मई 2023 तक इसके बारे में जानकारी नहीं थी। केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं जलमार्ग मंत्री ने दिल्ली सरकार के अधिकारियों को अपने अधिकारियों के निर्णय से अवगत कराया। यदि केंद्रीय मंत्री न होते तो शायद यह मामला इतनी जल्द से सामने नहीं आता। इसके अलावा, 18 मई 2023 को बढ़े मुआवजे की जानकारी होने के बाद भी डिविजनल कमिश्नर ने डीएम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

# आया नगर में मामूली बात पर अज्ञात लोगों ने कांस्टेबल को पीटा

**नई दिल्ली।** आया नगर में एक मामूली दुर्घटना के बाद कुछ अज्ञात लोगों ने दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल की पिटाई कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना 19 नवंबर की है। दक्षिण जिले के विशेष दल में तैनात अशोक कुमार हत्या के प्रयास से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में इलाके में गए थे। जब कुमार आंबेडकर चौक पर पहुंचे तो उनकी मोटरसाइकिल एक स्कूटर से टकरा गई। पुलिसकर्मी के डांटने पर स्कूटर सवार ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने दोस्तों को भी वहां बुला लिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके बाद इन लोगों ने कुमार पर लाठियों से हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर फतेहपुर बेरी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना के वक्त कांस्टेबल सादा वर्दी में थे। दिल्ली पुलिस मामले की जांच शुरू हो गई है।

# सीबीआई ने साइबर अपराध का किया भंडाफोड़, 2.2 करोड़ जब्त

- 24 स्थानों पर छापेमारी, अमेरिका समेत कई देशों के नागरिकों को बनाते थे निशाना



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 24 स्थानों पर छापेमारी कर फर्जी कॉल सेंटर के जरिए अमेरिका समेत अन्य देशों के नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक साइबर अपराध मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और इस दौरान 2.2 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं।

सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और गुजरात में 24 स्थानों पर छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में डिजिटल साक्ष्य, 2.2 करोड़ रुपए की नकदी, संपत्तियों और क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। सुशील सचदेवा और उसके सहयोगियों द्वारा चलाया कथित तौर पर जाने वाला समूह, तकनीकी सहायता जैसी धोखाधड़ी योजनाओं के माध्यम से विदेश नागरिकों को निशाना बना रहा था और उन्हें धोखा देने के लिए कॉल सेंटर के माध्यम से लाखों कॉल किए थे।

सीबीआई की कार्रवाई उस जांच का हिस्सा थी जिसमें कई साइबर अपराधियों पर मामला दर्ज किया गया है।

**महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न मामला**

# आरोप तय करने पर 28 को दलीलें सुनेगी कोर्ट

- सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगे है आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

छह पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर यहां की एक अदालत 28 नवंबर को दलीलें सुनेगी।

मामले में 30 अक्टूबर को पिछली सुनवाई में अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने पक्षों के अधिवक्ताओं को उनकी लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया था, ताकि उन्हें व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके।



सांसद बृजभूषण शरण सिंह

बुधवार को सिंह के वकील ने जवाब दाखिल किया जिसके बाद न्यायाधीश ने मामले को आगे की कार्यवाही के लिए 28 नवंबर की तारीख तय की। इससे पहले सिंह ने मामले की सुनवाई कर रही अदालत के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाया था और दावा किया था कि भारत में कोई कथित घटना नहीं हुई थी। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 354 (महिला की गरिमा भंग करने के उद्देश्य से आपराधिक बल का इस्तेमाल या हमला), 354ए (यौन उत्पीड़न), 354डी(पीछा करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप निर्धारित किए है।

# दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार की न्यायिक जांच हो : तिवारी



- भाजपा सांसद बोले वर्ष 2016-17 के बाद से डीजेबी के न तो खाते बने और न ही कोई ऑडिट हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी और भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। इसका ओडिट ही नहीं इसकी न्यायिक जांच की आवश्यकता है।

पूर्व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि वर्ष 1998 में दिल्ली जल बोर्ड की स्थापना का मकसद था कि यह बोर्ड स्वयं अपना मूलभूत ढांचा तैयार करेगा और अपने राजस्व से अपने खर्चे चलायेगा। दिल्ली सरकार इसको केवल बड़े प्लान हेड योजनाओं के लिये आर्थिक संसाधन मुहैया करायेगी।

यह खेद का विषय है कि वर्ष 1999 से 2013 तक कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार किया और जल बोर्ड को टैंकर माफिया के सामने गिरवी रख दिया जिसके परिणाम स्वरूप वर्ष 2013-14 के अंत में डीजेबी पर लगभग 20 हजार करोड़ रूपये की देनदारी हो गई। ढ़ुइसके बाद वर्ष 2015 में सत्ता में आई आम आदमी पार्टी ने 14 लाख घरों को नल से जल देने का सपना दिखाया और फिर साल 2020 में हर घर को जल देने का सपना दिखाया पर पानी उपलब्धता बढ़ाने के लिये कोई काम नहीं किया। वर्ष 2013-14 में 850 एमजीडी पानी उपलब्ध था।

राष्ट्रपति शासन के दौरान वर्ष 2014 में ओखला में 100 एमजीडी पानी का प्लांट लगा जिसके बाद दिल्ली 950 एमजीडी पानी की उलब्धता बनी। तिवारी ने कहा कि हर घर को पानी देने का सपना दिखाने वाली सरकार ने जनता को किस तरह धोखा दिया है इसका एक प्रमाण है कि आज दिल्ली में 1350 एमजीडी पेय जल की आवश्यकता है जबकि उपलब्धता मात्र 950 एमजीडी की है।

# वाट्सऐप चैनल के जरिये मोहब्बत का संदेश देंगे राहुल : लवली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने जनता से सीधे संवाद के लिए चैनल शुरू किया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वाट्सऐप चैनल से मोहब्बत का संदेश आम लोगों तक पहुँचाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने राहुल गांधी के सोशल मीडिया पर जनता से सीधे जुड़ने को वाट्सऐप चैनल शुरू किया है।

लवली ने दावा किया कि राहुल के वाट्सएप्प चेनल लॉच करने वाला दिल्ली देश का पहला राज्य बन गया है। कार्यक्रम में जिला एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की मौजूदगी में लवली ने डिजीटल स्क्रीन पर डेमों के द्वारा मौजूद सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं को राहुल के चैनल से




वाट्सऐप चैनल को लॉन्च करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली।

जुड़ने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस चैनल से प्रतिदिन लोग जुड़ रहे और अभी तक 42 लाख से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं। लवली ने कहा कि इस वाट्सएप्प चैनल के जरीए राहुल द्वारा डाले गए पोस्ट और उनके विचारों से सीधा सम्पर्क होगा। राहुल के वाट्सएप्प चैनल से जुड़ने के लिए क्यूआरकोड स्केन करके अथवा मैसेज द्वारा सभी सीधे चैनल से जुड़ सकते हैं। यह क्यूआर कोड सभी प्रमुख लोगों को उपलब्ध कराऐंगे ताकि आप अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों विशेषकर कांग्रेस साथियों, आरडब्लूए, सामाजिक संस्थाओं और समाज के हर उस वर्ग के व्यक्ति को जोड़े जो कांग्रेस की विचारधारा और राहुल गांधी की सोच के साथ मिलकर देश का विकास चाहता है।

# युवक की हत्या के आरोप में किशोर को धरा

**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली में लूट-पाट के दौरान एक युवक की कथित तौर पर हत्या करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एक किशोर को पकड़ा है। वेलकम इलाके में जनता मजदूर कॉलोनी में हुई थी।

पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने बताया, मंगलवार को रात करीब सवा ग्यारह बजे एक पीसीआर कॉल पर सूचना मिली कि जनता मजदूर कॉलोनी में एक नाबालिग ने करीब 18 साल के एक युवक की लूटपाट के दौरान चाकू मारकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पीड़ित युवक का मुंह दबाया, जिससे वह बेहोश हो गया। बाद में उसने युवक से 350 रुपए छीनने से पहले उस पर चाकू से कई वार किए।

# सत्येंद्र जैन की याचिका पर कोर्ट ने मांगा जवाब

- भाजपा नेता छैल बिहारी ने पूर्व मंत्री के खिलाफ दर्ज कराया था मानहानि का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप के नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ दाखिल एक मानहानि मामले में निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली जैन की याचिका पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेता छैल बिहारी गोस्वामी से बुधवार को जवाब मांगा।

भाजपा नेता गोस्वामी ने ही आप पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दाखिल कराया था, जिस पर निचली अदालत ने जैन को समन जारी किया था। उच्च न्यायालय ने हालांकि इस समय निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। न्यायामूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा, मैं कार्यवाही पर रोक लगाने को लेकर आश्वस्त नहीं हूं। मुझे उनकी दलील सुनने की जरूरत है। मुझे निचली अदालत के रिकॉर्ड को देखना होगा। सत्येंद्र जैन की ओर से पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने उच्च न्यायालय से निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने का आग्रह किया क्योंकि शिकायतकर्ता से जिरह के लिए मामले को 30 नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर के लिए निर्धारित कर दी है। मजिस्ट्रेट की एक अदालत ने मानहानि की शिकायत पर पूर्व में आप नेताओं सत्येंद्र जैन और राघव चड्ढा को समन जारी किए थे, जिन्हें नौ नवंबर को निचली अदालत ने बरकरार रखा था। निचली अदालत ने कहा था कि समन तथ्यों के साथ-साथ कानून के मुताबिक बिल्कुल उचित और वैध हैं। गोस्वामी ने दिल्ली के पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक और पंजाब से राज्यसभा सांसद चड्ढा पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए एक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी।

# संक्षिप्त समाचार



सरेराह मोबाइल की झपटमारी करने वाले बदमाश पुलिस गिरफ्त में।

### छात्र का मोबाइल छीनने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दयालपुर थाना क्षेत्र में मोबाइल झपटमारी के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उत्तरी-पूर्वी जिला डीसीपी डॉक्टर जॉय टिर्की ने अनुसार पीड़ित छात्र सचिन कुमार गुप्ता ऑटो रिक्शा में फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान गलत दिशा से आ रहे बाइक सवारों बदमाशों ने उसका फोन छीन लिया। गोकलपुरी एसीपी के नेतृत्व में दयालपुर थानाध्यक्ष ने एसआई महिपाल, हेड हॉस्टेबल संदीप, हरेंदर, कॉस्टेबल अमित और गुलफाम की टीम बनाई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य जानकारी जुटाकर दोनों बाइक सवारों लुटेरों को धर दबोचा जिनकी पहचान अमन (20) पुत्र सलीम और आरिफ (22) पुत्र खुर्शीद के रूप में हुई।

### चलती कार में आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के पास एक कार में आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह करीब पौने 11 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। कार के मालिक मनीष मालवीय के नगर निवासी हैं। वह आईटीओ की ओर जा रहे थे तभी पंचशील के पास उनके वाहन में आग लग गई।

### कमानी ऑडिटोरियम में दो दिवसीय संगीत उत्सव 25 से



**नई दिल्ली।** कमानी ऑडिटोरियम में 25 और 26 नवंबर को संगीत और नृत्य का उत्सव आयोजित होगा। प्राचीन कला केंद्र के संस्थापक एम.एल. कोसर को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पहले दिन मधुरज्य रंजन बारठाकुर (तबला) और देबजीत पतितुंडी (तबला) की जुगलबंदी देखने को मिलेगी। सुजाता महापात्रा और उनके समूह की प्रस्तुति ओडिसी नृत्य पर होगी। दूसरे दिन इंद्राणी मुखर्जी (स्वर गायन) व उस्ताद अकरम खान (तबला) और विनय मिश्रा (हारमोनियम) अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। रंजीत बारोट (ड्रम) और दीपक पंडित (वायलिन) (ड्रम और वायलिन जुगलबंदी) के साथ प्रशांत सोनगरा (तबला) और तन्मय देवचाके (हारमोनियम) पर होंगे।

### वित्तीय साक्षरता पर होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** वित्तीय साक्षरता प्रति जागरूकता के लिए शुक्रवार को 'अंतरराष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता सम्मेलन 2023' के छठे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु करेंगे। सम्मलेन का आयोजन अवोक इंडिया कर रही है। अवोक इंडिया के अध्यक्ष प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस सम्मेलन में नीति आयोग के प्रवकर साहू और सेबी के सदस्य अनंत नारायण गोपालकृष्णन भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि दिन भर चलने वाला यह सम्मेलन कृषि, युवा, महिला, एमएसएमआर और नवउद्यमों और बीएफएसआइ क्षेत्र पर केंद्रित पांच पैनलों में शामिल प्रतिष्ठित पैनलिस्ट/उद्योग विशेषज्ञों से जुड़ने और मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन के विषय 'वित्तीय समावेशन- अंतराल को कम करना' है।

# 85 फीसदी लोग नहीं चाहते सीएनजी में तब्दील किए जाएं जनरेटर : सर्वे

## आयोग ने डुअल मोड फ्यूल यानी कि इस तरीके का जेनसेट लगाने के लिए कहा है जो गैस से भी चलता हो और डीजल से भी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली -एनसीआर के लगभग 85 प्रतिशत लोग जिनके पास डीजल से चलने वाला निजी या सामुदायिक जनरेटर है, वे इन्हें सीएनजी में बदलवाने के इच्छुक नहीं हैं। डिजिटल समुदाय-आधारित एक प्लेटफॉर्म द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है।

लोकलसर्कल्स के सर्वेक्षण में कहा गया है कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने प्रदूषण से मुकाबला करने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तहत एक अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2023 तक डीजल जनरेटर के उपयोग पर प्रतिबंध लगा रखा है, इसके बावजूद लोग मानने को तैयार नहीं हैं। सर्वेक्षण के दौरान दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद शहरों में रहने वाले 22,000 से अधिक लोगों से प्रतिक्रियाएं ली गईं। एनसीआर में आवश्यक क्षेत्रों में बिजली व्यवधानों से संबंधित चिंताओं को कम करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आपातकालीन सेवाओं की नौ महत्वपूर्ण श्रेणियों में डीजल जनरेटर के उपयोग के लिए सितंबर में 31 दिसंबर तक तीन महीने की छूट दी थी। सर्वेक्षण में यह जानने की कोशिश की गई कि" डीजल जनरेटर इस्तेमाल पर एक अक्टूबर से लगे प्रतिबंधों का आप और आपकी सोसायटी कैसे अनुपालन कर रही है। इसमें कहा गया है कि इस सर्वेक्षण से पता चला है कि (व्यक्तिगत या सामुदायिक स्तर पर) डीजल जनरेटर का उपयोग करने वाले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों में से केवल 15 प्रतिशत को लगता है कि 31 दिसंबर, 2023 तक इन्हें सीएनजी बदलना चाहिए, जबकि 85 प्रतिशत ऐसा नहीं मानते।



मालूम हो कि प्रदूषण को काबू करने के मकसद से एक अक्टूबर से डीजल से चलने वाले जनरेटर पर पूरी तरह पाबंदी लागू है। क्योंकि एक अक्टूबर से दिल्ली एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू है। जिसके तहत जैसे-जैसे प्रदूषण बढ़ेगा, पाबंदियां सख्त होती चली जाएंगी।

इस साल जून में सीएक्यूएम का एक निर्देश आया था जिसमें 30 सितंबर तक वैकल्पिक इंतजाम के लिए कहा गया था। पिछले साल कई सेक्टरों में रियायत दी गई थी। लगातार डुअल मोड फ्यूल यानी कि इस तरीके का जेनसेट लगाने के लिए कहा गया जो कि गैस से भी चलता हो और डीजल से भी। इमिशन कंट्रोल डिवाइस के रेट्रोफिटमेंट के लिए भी कहा गया है, कि आप यह लगाइए जिससे पॉल्यूशन कम हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने 2022 से 2023 में इस सिलसिले में कई बार निर्देश दिए, लेकिन इन निर्देशों पर अमल करना मुश्किल इसलिए भी रहा है कि अधिकतर लोगों को ये पता ही नहीं है कि डीजल जेनसेट में सीएनजी या पीएनजी के इस्तेमाल के लिए क्या तकनीकी बदलाव किए जाएं। ऐसे में दिल्ली एनसीआर में लोगों का परेशान होना बहुत स्वाभाविक है।

- ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू होने से दिल्ली एनसीआर में एक अक्टूबर से डीजल से चलने वाले जनरेटर पर है रोक

# प्राकृतिक चिकित्सा रोग मुक्त और दवा मुक्त जीवन जीने की पद्धति: डा. जयदीप आर्य

### हरियाणा योग आयोग ने गुरुग्राम में आयोजित किया राज्य स्तरीय सम्मेलन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मेलन में बोलते हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य।

**हरियाणा** योग आयोग, एमिटी विश्वविद्यालय एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। एमिटी यूनिवर्सिटी में हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य व एमिटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पीवी शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ।

सम्मेलन से पूर्व प्रातःकाल प्राकृतिक चिकित्सा का प्रेक्टिकल सत्र डॉ. विजाता आर्य द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने मुख्य रूप से भागीदारी की। सम्मेलन में मध्य प्रदेश योग आयोग के चेयरमैन वेदप्रकाश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत की। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं नेचुरोपैथी गीत के साथ किया गया।

हरियाणा योग आयोग एवं इंडो वियतनाम मेडिकल बोर्ड द्वारा कौन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक का लॉन्च किया गया। हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा रोग मुक्त, दवा मुक्त जीवन जीने की पद्धति है। प्राकृतिक चिकित्सा अपनाने से कार्यक्षमता, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का विकास होता है। उन्होंने कहा कि कोविड में जलनेति, सूत्रनेति, नस्य और प्राणायाम ने लाखों लोगों की जान बचायी। सम्मेलन में मुख्य अतिथि वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रथम प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान 1956 में पुणे में स्थापित हुआ था, जिसकी स्थापना महात्मा गांधी जी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा स्वयं में परिपूर्ण चिकित्सा है, इसमें किसी और चिकित्सा की आवश्यकता नहीं। अष्टांग योग का वर्णन करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा दोनों ही एक-दूसरे के पहलू हैं।

मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी निदेशक इंडो वियतनाम मेडिकल बोर्ड और एचआईएमएस हॉस्पिटल, डॉ डीएन शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आईएनओ, डॉ. ब्रिजेन्द्र आर्य, निदेशक कायाकल्प योग नेचुरोपैथी संस्थान, स्वामी आनंद देव प्रबंधन प्रतिनिधि पतंजलि विश्विद्यालय, डॉ. नवदीप जोशी, नाद योगगुरु, ओमप्रकाश संस्कार स्कूल पाली, डॉ. अभिषेक जैन वेलनेस प्रोजेक्ट सलाहकार, डॉ. मदन मानव सदस्य हरियाणा योग आयोग समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# मानेसर में 17 दिसंबर को होगा संवर्धिनी समागम

### मानेसर के सेक्टर-1 में जुटेंगीं तीन हजार से अधिक महिलाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**श्री** शक्ति सेवा संस्थान के तत्वावधान में जागृत महिलाओं का संवर्धिनी समागम का आयोजन किया जाएगा। गुरुग्राम व नूंह जिले की तीन हजार से अधिक महिलाएं इस समागम में सहभागी होंगी। जिसमें महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए समाज निर्माण में अपनी भूमिकाओं के लिए गहन चर्चा होगी।

समागम की पूर्ण सफलता के लिए मंगलवार को बैठक कर कार्यों के लिए टोलियां गठित की गई। मानेसर के सेक्टर-1 कम्युनिटी सेंटर में 17 दिसम्बर को आयोजित होने वाले इस समागम की संयोजिका प्रतिमा मनचंदा ने बताया कि श्री शक्ति सेवा संस्थान के माध्यम से समूचे भारत वर्ष में इस प्रकार के समागम का आयोजन किया जा रहा है। उसी के अंतर्गत 17 दिसम्बर को नूंह और गुरुग्राम जिले की अग्रणी भूमिका में रहने वाली महिलाओं का यह समागम किया जा रहा है। उनके अनुसार अभी प्रारम्भ में तीन हजार महिलाओं के सहभागी होने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन यह संख्या बढ़ भी सकती है। इस समागम में भारतीय स्त्री दर्शन, महिलाओं के समक्ष स्थानीय समस्या एवं समाधान व भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका जैसे प्रमुख विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। इस एक दिवसीय समागम को सार्थक बनाने के लिए टोलियां गठित कर दी गई है।

# विकिपीडिया की तर्ज पर ग्रामपीडिया पर मिलेगी गांवों की जानकारी

## डीसी निशांत कुमार यादव ने ग्रामपीडिया वेबसाइट का किया शुभारंभ

### गांवों में सतत और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में सहायक होगी ग्रामपीडिया वेबसाइट

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



सोहना ब्लॉक में विकिपीडिया की तर्ज पर ग्रामपीडिया की शुरुआत के मौके पर संबोधित करते डीसी निशांत कुमार यादव।

**गांव** से जुड़ी सूक्ष्म जानकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने व गांव की युवा शक्ति को गांव की ऐतिहासिक विरासत से रूबरू कराने के लिए सोहना ब्लॉक में विकिपीडिया की तर्ज पर ग्रामपीडिया वेबसाइट शुरू की गई है। इसका विधिवत शुभारंभ बुधवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने शुभारंभ किया। ऑस्टेरे सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सोहना की अग्रवाल धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया पोर्टल निश्चित रूप से गांवों की संस्कृति को नई पहचान देगा। ग्रामपीडिया वेबसाइट एक अभिनव पहल है जो गांवों में सतत और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के समग्र लक्ष्य में योगदान देने वाले शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और ग्रामीण विकास में रुचि रखने वाले अन्य हितधारकों के लिए एक मूल्यवान उपकरण होगा। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से ग्रामपीडिया वेबसाइट पर गांव से जुड़ी प्रत्येक जानकारी लोकेशन सहित उपलब्ध कराई गई है। जिसमें गांव की आबादी, कुल क्षेत्र, गांव में उपलब्ध संसाधन व सुविधाओं सहित गांव के जनप्रतिनिधियों की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

**गांव के विकास में मिलेगी मदद**

डीसी ने कहा कि वेबसाइट पर संबंधित पंचायत से जुड़ी सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध होने से गांव में नई विकास परियोजनाओं को शुरू करने में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर सभी संबंधित गांव अपनी विकास परियोजनाओं की जरूरतों को स्वयं अपलोड कर सकेंगे, ताकि सीएसआर फण्ड के तहत औद्योगिक संस्थानों को भी अपनी सुविधा व बजट के हिसाब से गांव का चयन करने में आसानी रहेगी। उन्होंने बताया कि यह ग्राम पंचायत का खुद का पोर्टल होगा जिस पर ग्रामवासी अपने गांव के इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी व मानचित्र सहित अपलोड कर सकेंगे।

कार्यक्रम में सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह ने कहा कि सोहना ब्लॉक में इस कार्यक्रम को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लांच किया गया। जिसे बाद में विस्तार देते हुए जिला के सभी ब्लॉक में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह वेबसाइट उन लोगों के लिए भी एक अच्छी पहल साबित होगी जो जीवनयापन की तलाश में गांव से दूर जा चुके हैं, लेकिन अब वे पुनः अपनी गांव की मिट्टी से जुडक़र गांव के विकास में अपना योगदान देने के इच्छुक हैं।

# बिजली निगम के स्थायी कर्मचारियों की दुर्घटना मृत्यु एवं विकलांगता कवर राशि बढ़ी

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कर्मचारियों को बैंक में खाता खोलने के तहत मिलने वाले लाभों में वृद्धि की गई है। बिजली निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि एचडीएफसी बैंक ने नियमित (रेगुलर) कार्य कर रहे बिजली निगम के कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों को बढ़ा दिया है।

स्थायी कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु कवर राशि मौजूदा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 90 लाख रुपये की गई है। स्थायी या आंशिक विकलांगता कवर मौजूदा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 90 लाख रुपये की गई है। प्राकृतिक मृत्यु कवर 4 लाख रुपये है। इसी प्रकार अनुबंध आधार (कॉन्ट्रैक्ट बेस) पर कार्यरत बिजली निगम के कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु कवर राशि 15 लाख रुपए है और प्राकृतिक मृत्यु पर एक लाख रुपए है। बिजली निगम मुख्यालय के वित्त सलाहकार नरेश मेहता ने बताया कि एचडीएफसी बैंक द्वारा बिजली निगम के कर्मचारियों को वेतन खाते खुलवाने के अनुरोध के साथ विभिन्न लाभ व सुविधाएं प्रदान करने की सूची एचडीएफसी और डीएचबीवीएन के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के तहत भेजी गई थी।

# गुरुग्राम में फर्नीचर के गोदाम में लगी भयंकर आग



गुरुग्राम के खेड़कीदौला स्थित फर्नीचर गोदाम में लगी।

### दमकल विभाग की आठ गाड़ियों ने पाया काबू

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**जिला** के गांव खेड़कीदौला स्थित एक फर्नीचर के गोदाम में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। आग में गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आठ गाड़ियों से पानी डालकर कई घंटे में आग पर काबू पाया गया। सेक्टर-37 दमकल केंद्र के फायर स्टेशन आफिसर जय नारायण ने बताया करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है।

फर्नीचर गोदाम के मालिक राघव ठकराल के अनुसार उन्होंने यह गोदाम दिल्ली से खेडक़ीदौला शिफ्ट किया था। यहां पर फर्नीचर बनाने का काम हो रहा था। गोदाम में जिस समय आग लगी कर्मचारी भी मौजूद थे। हालांकि कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया जब तक काफी नुकसान हो चुका था।

# सबसे बड़ा सैक्रम शेप्ड बैंडेज तैयार कर मौलिके हेल्थकेयर ने बनाया रिकॉर्ड

### घाव लगने की स्थिति में बेहतर देखभाल के लिए मैक्स हेल्थकेयर इंडिया से मिलाया हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**एडवांस्ड** वुंड केयर सॉल्यूशंस के मामले में अग्रणी कंपनी मौलिके हेल्थकेयर इंडिया ने सबसे बड़ा सैक्रम शेप्ड बैंडेज तैयार कर रिकार्ड बनाया है। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की देखरेख में यह रिकॉर्ड बनाया गया। इसके तहत एक बड़ा सैक्रम शेप्ड बैंडेज बनाया गया और उसके किनारों पर प्रेशर अल्सर से बचाव के संदेश लिखे गए। इसमें भारत के 3,184 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया। 16 नवंबर को दुनियाभर में स्टॉप प्रेशर अल्सर डे के रूप में मनाया गया और उसी दिन मौलिके हेल्थकेयर इंडिया ने यह रिकॉर्ड बनाया।

इस बैंडेज को बनाने की शुरुआत 16 अक्टूबर को हुई थी और 16 नवंबर को इसे पूरा किया गया। यह रिकॉर्ड हेल्थकेयर के क्षेत्र में इनोवेशन को लेकर मौलिके हेल्थकेयर इंडिया की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इसी के साथ मरीजों को सर्वश्रेष्ठ देखभाल प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मौलिके हेल्थकेयर इंडिया ने मैक्स हेल्थकेयर इंडिया के साथ गठजोड़ का भी एलान किया है। मौलिके हेल्थकेयर भारत में मैक्स के 17 अस्पतालों में प्रेशर अल्सर से बचाव की दिशा में ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में जुड़ेगा। इस गठजोड़ के लिए दोनों पक्षों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस गठजोड़ के तहत मैक्स हेल्थकेयर के प्रोफेशनल्स को प्रेशर अल्सर से बचाव की दिशा में मौलिके हेल्थकेयर की विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा। मैक्स हेल्थकेयर के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप बुद्धिराजा ने मरीजों को सर्वश्रेष्ठ सुविधा प्रदान करने की मैक्स हेल्थकेयर की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कहा कि मौलिके हेल्थकेयर के साथ यह गठजोड़ अपने स्टाफ को अल्सर से बचाव की नवीनतम तकनीकों से रूबरू कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# नुक्कड़ नाटक में बच्चों को बताया कैसे करें साइबर ठगी से बचाव

## सावधानी रखकर हम साइबर ठगी से कर सकते हैं बचाव

### लायंस स्कूल सेक्टर 10 ए में बच्चों को किया गया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-10 ए स्थित लायंस पब्लिक स्कूल में साइबर ठगी के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक करती नुक्कड़ नाटक टीम।

**साइबर** पुलिस गुरुग्राम के तत्वावधान में सेक्टर-10 ए स्थित लायंस पब्लिक स्कूल में बुधवार को साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गिव बैक टू गुरुग्राम एनजीओ की ओर से पेटीएम के सौजन्य से यह कार्यक्रम किया गया। इसमें नुक्कड़ नाटक और वक्तव्य के जरिये विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरुक किया गया।

नाटक मंडली ने कभी हंसी में तो कभी गंभीरता से विद्यार्थियों को साइबर ठगी के प्रति जागरुक किया। सभी कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर मंचन यहां पर करते हुए इस गंभीर विषय पर अच्छा संदेश बच्चों, स्टाफ सदस्यों तक पहुंचाया। इस अवसर पर पेटीएम की वाइस प्रेजीडेंट मेहनाज प्रवीन ने भी बच्चों को साइबर ठगी को लेकर जागरुक किया। उनहोंने कहा कि आज के समय में फिजिकल पेमेंट की जगह लोग डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह देश ही नहीं दुनिया में बड़ा बदलाव है। इस मोड में हम कहीं भी आसानी से पेमेंट कर सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट का दूसरा पहला यह भी है कि ठगी के केस भी बढ़ रहे हैं। आपको ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है। अपने डिजिटल अकाउंट का पासवर्ड यूनिक रखना चाहिए, जिससे कोई भी असानी से आपके अकाउंट को एक्सेस न कर पाए। उन्होंने कहा कि कभी भी अपनी पर्सनल और फाइनेंशियल इंफॉरमेशन किसी को नहीं देनी चाहिए। हम अपने अकाउंट पर हमेशा नजर रखें। कोई भी संदिग्ध पेमेंट पर आपको उसकी जानकारी सर्विस प्रोवाइडर को जरूर देनी चाहिए। केवल भरोसेमंद ऐप्स का ही इस्तेमाल करना चाहिए। साइबर पुलिस, ऑनलाइन पेमेंट कंपनी भी यह बार-बार अनुरोध करती है कि कोई भी संदिग्ध ऐप्स को डाउनलोड नहीं करना चाहिए। स्कैम से सतर्क रहना चाहिए। यह जरूर जान लेना चाहिए कि मार्केट में किस तरह के स्कैम हो रहे हैं। अगर हम खुद अपडेट रहेंगे तो कई तरह के फ्रॉड से बचा जा सकता है। गिव बैक टू गुरुग्राम एनजीओ की तरफ से सचिन व तुषार ने इस आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर लायंस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन लायन डा. केएस ढाका ने कहा कि सभी बच्चों को यह बात अपने तक ही सीमित नहीं रखनी। इसे अपने परिजनों, आसपास के लोगों तक भी पहुंचाना है, ताकि वे भी ऑनलाइन फ्रॉड के प्रति जागरुक रहते हुए बचाव कर सकें। स्कूल के प्रबंधक राजीव कुमार ने कहा कि बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए समय-समय पर जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते हैं। बच्चों के माध्यम से पूरे समाज को सकारात्मक संदेश दिया जाता है। प्राचार्य दीपिन्दर कौर, रेनू वर्मा साइबर सेफ्टी ऑफिस स्कूल ने भी इस विष पर अपनी बात रखी। विद्यालय की डिप्टी कॉर्डिनेटर अनीत वाधवा ने सभी का धन्यवाद किया।

# रसायन विज्ञान में विविधता और समावेशिता विषय बहुमुखी : प्रो. रमेश चंद्र




**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विवि के डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री द्वारा रसायन विज्ञान में विविधता और समावेशिता विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में एमएस यूनिवर्सिटी भरतपुर के कुलपति प्रो. रमेश चंद्र एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में सीएसआईआर के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. राम विश्वकर्मा ने सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएस यूनिवर्सिटी भरतपुर के कुलपति प्रो. रमेश चंद्र ने कहा कि रसायन विज्ञान में विविधता और समावेशिता विषय बहुमुखी है। उन्होंने रासायनिक उद्योग में स्थिरता, इस क्षेत्र की चुनौतियां, अनुसंधान की आवश्यकता, इस दिशा में उद्योग और शिक्षा जगत के शोधकर्ताओं के बीच सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सीएसआईआर के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. राम विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान समय की ज्यादातर समस्याओं का समाधान प्रौद्योगिकी से संभव है। ऐसे में शोधार्थियों को लगातार नई तकनीक से मनुष्य के जीवन को सरल और सुगम बनाने की दिशा में प्रयासरत रहना होगा। इस अवसर पर प्रो रंजना अग्रवाल निदेशक सीएसआईआर कार्यक्रम की संयोजक प्रो. सरला बालचंद्रन समेत विवि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यावान बनने के लिए हनुमानजी की शरण में आएं विद्यार्थी: बोधराज

### हनुमान चालीसा का आंकड़ा चार लाख 37 हजार के पार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में भाग लेते भक्त।

**बोधराज** सीकरी द्वारा चलाई जा रही हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम का आयोजन जीएवी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-7 एक्टेंशन में चेयरमैन प्रदीप कौशिक की अगुवाई में किया गया। मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित करके गणेश पूजन किया गया। गजेंद्र गोसाई जिनकी निरंतर लगभग 9 महीने से व्यास गद्दी के माध्यम से गायकी के सुर हनुमान चालीसा पाठ में जब मिश्रित होते हैं तो ज्ञान की वर्षा होती है।

गजेंद्र गोसाई ने 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। अंतिम पाठ में लगभग 350 विद्यार्थी मस्ती में झूमे। बोधराज सीकरी ने विद्यार्थियों को कहा कि हनुमान चालीसा पाठ का पहला शब्द श्रीगुरु अर्थात गुरु के बिना विद्यार्थी अधूरा है। गुरु तत्व की समीक्षा के ऊपर भी बोधराज सीकरी ने संक्षेप में विद्यार्थियों को समझाया और बताया कि संत तुलसीदास जी ने हनुमान जी को विद्यावान कहा। जीएवी स्कूल में 350 विद्यार्थी, 20 स्टाफ सदस्य और 30 अन्य लोगों ने 11-11 बार पाठ किया। ज्योत्सना बजाज के निवास पर शाम को पहले यज्ञ किया गया। फिर 30 महिलाओं ने 11-11 बार हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में 25 लोगों ने पांच-पांच बार पाठ किया। प्रताप नगर में 60 साधकों ने 5-5 बार पाठ किया। जनता रिहैबिलिटेशन ट्रेनिंग सेंटर भीमगढ़ खेड़ी के 40 विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से गायकी के साथ 21-21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसका आयोजन नरेंद्र शर्मा और पीपी मेहता ने किया। मां वैष्णो देवी दरबार गढ़ी-हरसरु में एक साथ 12 लोगों ने 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया है। अब तक 148 स्थानों पर 4,31,848 पाठ 30,464 साधकों द्वारा पिछले सप्ताह तक हुए थे। मंगलवार के पाठ मिलाकर 154 स्थानों पर कुल 437,927 हनुमान चालीसा पाठ 31,031 साधकों द्वारा किये जा चुके हैं। इस अवसर पर रमेश कामरा, किशोरी लाल डुडेजा, दलीप लूथरा, पुष्पा नासा, सुखदेव, लाल चंद, प्रवीण कुमार, सतीश पाहुजा, योगेश गंभीर व अन्य जन उपस्थित रहे।

# टीआरएआई के सचिव वी. रघुनंदन ने ट्रूकॉलर के 'फ्रॉड प्रीवेन्शन समिट' को किया सम्बोधित

## भारत में सुरक्षा से जुड़ी सभी समस्याओं को हल करने के लिए आपसी सहयोग है जरूरी

**पायनियर समचारा सेवा।** नई दिल्ली




**आज** की डिजिटल सोसाइटी में बढ़ते ऑनलाइन एवं मोबाइल फ्रॉड की समस्या को हल करने तथा लोगों को सुरक्षित संचार सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों को जारी रखते हुए सुरक्षित डिजिटल कम्युनिकेशन्स में ग्लोबल लीडर ट्रूकॉलर ने पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के सहयोग से नई दिल्ली में 'फ्रॉड प्रीवेन्शन समिट' (धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए सम्मेलन) का आयोजन किया। इस सम्मेलन ने उद्योग जगत के दिग्गजों, सरकारी प्रतिनिधियों, टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स, नीति निर्माताओं और सुरक्षा विशेषज्ञों को ऐसा मंच उपलब्ध कराया जहां उन्हें 'डिजिटल कम्युनिकेशन में सुरक्षा बढ़ाने' के महत्वपूर्ण विषय पर विचार-विमर्श करने का मौका मिला। हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों ने फ्रॉड यानि धोखाधड़ी के कानूनी, सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों पर रोशनी डाली, साथ ही तेजी से विकसित होती डिजिटल कम्युनिटी में इस तरह की धोखाधड़ी से निपटने और जोखिम को कम करने के लिए एआई एवं टेक्नोलॉजी की भूमिका पर भी जोर दिया।

टीआरएआई के सचिव वी. रघुनंदन इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने डिजिटल फ्रॉड से निपटने के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा, सिर्फ एक एजेन्सी देश में हर तरह की सुरक्षा को अकेले सुनिश्चित नहीं कर सकती, फिर चाहे वह सार्वजनिक संस्था हो या निजी संगठन। इस तरह की समस्याओं को हल करने के लिए हमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी के साथ आपसी सहयोग का दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत में विकास की संभावनाओं को देखते हुए हमें सुरक्षा से जुड़े हर पहलु पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए आपसी सहयोग ही नया मंत्र है।

ट्रूकॉलर के सह-संस्थापक एवं सीईओ, एलन मामेदी ने कंपनी के प्रयासों पर रोशनी डालते हुए कहा, ट्रूकॉलर में हम हमारे प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज को आधुनिक बनाने पर ध्यान देते हैं, ताकि धोखाधड़ी के नए तरीकों को देखते हुए आधुनिक टेक्नोलॉजी के द्वारा इन समस्याओं को हल किया जा सके। हम सभी हितधारकों के बीच आपसी सहयोग एवं इनोवेशन के माध्यम से धोखाधड़ी की संभावनाओं को कम करने के लिए प्रयासरत हैं। धोखाधड़ी को रोकने, नागरिकों को सुरक्षित रखने और उन्हें सुरक्षित डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए इस तरह के प्रयास जरूरी हैं। फ्रॉड प्रीवेन्शन समिट इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो सभी हितधारकों को एकजुट कर इस उभरते खतरे से निपटने तथा डिजिटल कम्युनिकेशन में यूजर का भरोसा बढ़ाने के लिए बेहद कारगर होगा।'

# जिला अस्पताल में बनेगा सौ बिस्तरों वाला जच्चा-बच्चा वार्ड

## वार्ड में सभी आधुनिक मशीनों की सुविधा उपलब्ध होगी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** पलवल अस्पताल में करोड़ों रुपये की लागत से 100 बिस्तरों का जच्चा-बच्चा वार्ड का निर्माण किया जाएगा। अस्पताल में जच्चा-बच्चा वार्ड बनने के बाद बच्चों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा होगी। वहीं इसके बाद गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों में जाने से छुटकारा मिलेगा। जच्चा बच्चा वार्ड को पुराने सीएमओ कार्यालय की जगह पर बनाया जाएगा। वार्ड का निर्माण पीडब्लयूडी विभाग की तरफ से जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के उच्च




अधिकारियों की मंजरी मिल चुकी है। वार्ड बनने के बाद पलवल, होडल, हसनपुर, हथीन क्षेत्र के लोग अपने बच्चों का इलाज यहां पर करवा सकेंगे।

पलवल इलाके की गर्भवती महिलाओं व उनके बच्चों को सभी प्रकार के इलाज की सुविधा देने के

> जिला पलवल अस्पताल में 100 बिस्तरों के जच्चा-बच्चा वार्ड का निर्माण जल्द करवाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मंजूरी मिल चुकी है। वार्ड का निर्माण पीडब्लयूडी विभाग की तरफ से करवाया जाएगा।
>
> **-डॉ. अजय माम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

लिए जिला अस्पताल में 100 बिस्तरों के जच्चा-बच्चा वार्ड को स्वास्थ्य विभाग हरियाणा से मंजूरी मिल चुकी हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पंचकूला से लगभग चार करोड़ रुपये का बजट पास हो चुका है। जर्जर पुराने सीएमओ कार्यालय को तोड़ने का कार्य जल्द ही पीडब्लयूडी विभाग की तरफ से शुरू हो जाएगा। उसके बाद उसकी जगह नए जच्चा-बच्चा वार्ड का निर्माण करवाया जाएगा। इस वार्ड में प्रसुति व छोटे बच्चों के इलाज के लिए सभी प्रकार की आधुनिक मशीनें होंगी।

वार्ड में जन्म से पहले पैदा हुए बच्चों को मशीनों में रखने की सुविधा होगी। इसके अलावा ऑक्सीजन देने की सुविधा भी होगी। छोटे बच्चों को निमोनिया, पीलिया और ज्वर होने पर उनका इलाज आधुनिक मशीनों की सहायता से किया जाएगा। वार्ड बनने के बाद पलवल, हथीन, होडल व हसनपुर क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को उनके बच्चे से संबंधित जानकारी तीन महीने की उम्र से ही शुरू हो जाएगी। उसके बाद पलवल जिले के लोगों को मंहगे निजी अस्पतालों में इलाज करवाने से छुटकारा मिलेगा। विभाग के मुताबिक जिला पलवल में आबादी के हिसाब से जच्चा बच्चा वार्ड छोटा पड़ रहा था। 100 बिस्तरों का अलग से जच्चा-बच्चा वार्ड बनने के बाद पलवल क्षेत्र की गर्भवती अपने प्रसव के दौरान यहां पर बच्चों को जन्म दे सकेंगी व उनका इलाज करवा सकेंगी।

# एनजीएफ कॉलेज में 24 को लगेगा रोजगार मेला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**एनजीएफ** कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 24 दिसंबर को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली एनसीआर की 15 से ज्यादा नामी कंपनियां भाग लेंगी। इसमें बीटेक, मैनेजमेंट, बीए, बीकॉम, बीएससी के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। जिसमें ऑन द सपोर्ट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया करनी पड़ेगी तथा साक्षात्कार के बाद नौकरी दी जाएगी। यह रोजगार मेला सभी विद्यार्थियों के लिए है, इसमें बाहरी विद्यार्थी भी भाग ले सकते हैं।



कॉलेज के सीईओ अश्विनी प्रभाकर ने बताया कि कॉलेज हर वर्ष इस तरह के आयोजन करता है, ताकि सभी को उनकी प्रतिभा के अनुसार रोजगार मिल सके। अध्ययन के बाद विद्यार्थी जीवन में रोजगार का बहुत महत्व होता है।

# पूजा सामग्री प्रवाह करने गई बुजुर्ग की नहर में गिरकर मौत

## बेटे ने नहर में कूदकर निकाला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** में बुजुर्ग महिला की नहर में गिरने से मौत हो गई। वह पूजा की सामग्री प्रवाह करने के लिए गई थी। उसी दौरान उसका पांव फिसल गया। महिला की पहचान पहलादपुर की रहने वाली पिस्ता देवी (80) के रूप में हुई है।

बुजुर्ग महिला के भतीजे मुकेश ने बताया कि उसकी ताई पिस्ता देवी बुधवार सुबह करीब आठ बजे घर से पूजा की सामग्री प्रवाह करने के लिए गई थी। वह आगरा नहर पर किनारे पहुंची तो नहर में सामग्री प्रवाह करते हुए उसका पैर फिसल गया और वह नहर में जा गिरी। नहर के पास चलता हुआ रास्ता है, जिसके चलते उन्हें गिरते हुए राह चलते लोगों ने देख लिया और लोगों की भीड़ जुट गई।



पिस्ता देवी का बेटा राजू अपने दोस्त के साथ गाड़ी का काम करवाने के लिए जा रहा था। सूचना मिलते ही वह तुरंत मौके पर पहुंच गया। मां को बचाने के लिए राजू ने नहर में छलांग लगा दी और नहर से बाहर निकाल लाए। इसके बाद उसे बादशाह खान सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही गेट पर मां ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम के लिए शव कब्जे में ले लिया

# ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी कार, दिल्ली के युवक की मौत

**पलवल।** पलवल में नेशनल हाईवे पर बघौला गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से कार सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। गदपुरी थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उन्हें सौंप दिया। दिल्ली के अरविंद नगर निवासी नकुल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह और उसके जीजा का बड़ा भाई शुभम कार में सवार होकर गोवर्धन परिक्रमा करने गए थे। वापस लौटते समय उनकी कार नेशनल हाईवे पर बघौला गांव के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। कार को नकुल चला रहा था, जबकि शुभम बैठा हुआ था। नकुल ने आरोप लगाया है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली नेशनल हाईवे पर खड़ी हुई थी। ट्रैक्टर पर कोई रिफ्लेक्टर और इंडिकेटर भी नहीं जल रहे थे, जिससे यह हादसा हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक सेवली गांव निवासी सुरेश को गिरफ्तार कर लिया।

# महापड़ाव को लेकर कर्मचारियों ने कसी कमर



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**संयुक्त** किसान मोर्चा के तत्वावधान में 26 से 28 नवंबर को अटोहां मोड़ पर होने वाले महापड़ाव को सर्व कर्मचारी संघ पलवल ने भी समर्थन देने की घोषणा की है। यह फैसला बुधवार को यूनियन कार्यालय पर आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजेश शर्मा एवं संचालन योगेश शर्मा द्वारा किया गया है। राजेश शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि सर्व कर्मचारी संघ सार्वजनिक सेवाओं को बचाने के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। प्रदेश में दो लाख से अधिक पद रिक्त पड़े हैं। बार बार आंदोलन करने के बाबजूद भी सरकार नियमित भर्ती नहीं कर रही है। पुरानी पेंशन बहाली पर भी सरकार ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है और न ही अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की कोई नीति सरकार बनाने को तैयार है। कौशल रोजगार निगम बनाकर अनियमित कर्मचारियों का आर्थिक शोषण सरकार द्वारा किया जा रहा है। बिजली यूनियन के उप महासचिव जितेंद्र तेवतिया और राकेश तंवर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को मात्र चार कानूनों में समायोजित कर दिया गया है। सरकार को चाहिए कि श्रम कानूनों को तुरंत प्रभाव से बहाल करे।

# मानव सेवा समिति ने प्रभात फेरी में भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**मानव** सेवा समिति की अध्यक्ष सीता वर्मा एवं दिनेश कुमार की ओर सं हुडा सेक्टर-2 में सनातन धर्म दशहरा कमेटी द्वारा संचालित प्रभात फेरी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने जमकर सत्संग का आनंद उठाया और कार्तिक मास में हर साल चलने वाली इस प्रभात फेरी में भक्ति का रंग बरसा।

इसके साथ ही केसी प्रशांत लैब के संचालक डॉ. प्रशांत गुप्ता ने मानव सेवा समिति के साथ मिलकर मात्र 100 रुपये में सभी तरह की जांच का शिविर लगाया। जिसमें 18 लोगों ने अपने स्वास्थ्य जांच टेस्ट कराए। इस स्वास्थ्य जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य पलवल के लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक



करना है, क्योंकि आजकल इंसान को कई तरह की गंभीर बीमारियां अपनी चपेट में ले लेती हैं, जिसका हमें पता ही नहीं चलता। यदि सही समय पर हमें इनके बारे में मालूम हो जाए तो इनका इलाज संभव हो जाता है। डॉ. प्रशांत ने बताया कि वह सिर्फ टेस्ट ही नहीं कर रहे, बल्कि टेस्ट की रिपोर्ट मरीज के घर तक भी पहुंचा रहे हैं, ताकि मरीज उन अपनी बीमारियों से अवगत होकर सही समय पर उनका इलाज भी कर सकें।

# किसानों को दी एकीकृत प्रबंधन व एप्लिकेशन की जानकारी



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के कृषि मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद से आयी टीम में डॉ. वंदना पांडेय, उप निदेशक, डॉ. वीडी निगम, उप निदेशक, लक्ष्मी चंद दीक्षित, वनस्पति संरक्षण अधिकारी व जमुना नेगी वनस्पति संरक्षण अधिकारी द्वारा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की विभिन्न पद्धति जैसे बीजोपचार, फेरोमोन ट्रैप इत्यादि का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम डिजिटल एप्लिकेशन की प्रगतिशील किसानों को जानकारी दी एवं उनके मोबाइल में एप्लिकेशन डाउनलोड करवाकर चलाकर दिखाया। ट्राईकोडर्मा द्वारा बीज उपचार एवं मृदा उपचार के लिए ट्राईकोडर्मा पाउडर वितरित किया। इस मौके पर डॉ. मनजीत सिंह, एसडीएओ, डॉ. अरुण कुमार, खंड कृषि अधिकारी, लक्ष्मण सिंह, तकनीकी सहायक ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# शिविर में विद्यार्थियों को कराया योग का अभ्यास

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल के तत्वावधान में योग विज्ञान एवं चिकित्सा संस्कार शिविर का आयोजन योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय सराय सिटी पलवल हरियाणा में गायत्री महामंत्र के उपरांत हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल डॉक्टर सरला रावत ने की तथा संयोजन देवेंद्र सिंह ने किया। शिविर के दौरान योगाचार्य गुरमेश सिंह ने छात्राओं को आत्मसुरक्षा, संयम, सदाचार, नैतिकता, सनातन संस्कृति, योग संकृति का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा उपचार, अंकुरित आहार में मोटा अनाज, साबूत अनाज में चना, मूंग, मोठ, सोयाबीन, मूंगफली कच्चा दाना, भिगोकर अंकुरित आहार उपयोगिता पर बल दिया गया। आसन में ताड़ासन, त्रिकोणासन, उत्कटासन, वृक्षासन, पद्मासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तानासन, एक पद सिकंदासन, सर्वांगासन, चक्रासन, धनुरासन, गर्भासन, भुजंगासन, मयूरासन, शीर्षासन आदि का अभ्यास कराया गया। प्राणायाम में भास्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, उद्यानबंद,



आंतरिक, उज्जाई, उद्गीद के साथ ध्यान भी कराया गया। सूक्ष्म व्यायाम में स्कंद चालन, कटी चालन, पगचलनी, योग जॉगिंग सूक्ष्म व्यायाम कराए गए। इस अवसर पर डॉक्टर सरला रावत, राकेश कुमार, निशांत सिंह, महावीर सिंह, बच्चू सिंह, बलवीर सिंह, प्रमोद कुमार, योगिता, विजयबाला, अनीता देवी, चंचल देवी, प्रियंका देवी, मनीषा, पूनम रावत, रजनी, सुमन, निशा, माया, धारा, मिथिलेश आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# एमवीएन विश्वविद्यालय में करियर ज्ञान महोत्सव का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एमवीएन** विश्वविद्यालय ने अनूठी पहल करते हुए क्षेत्र में पहली बार दो दिवसीय करियर ज्ञान महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें पहले दिन आसपास के विभिन्न स्कूलों के ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षाओं के विधार्थियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्र म का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन, प्रोफेसर एसएच अंसारी, प्रोफेसर नरेंद्र आहूजा ने दीप जलाकर सरस्वती वंदना के साथ की। कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों



को भविष्य में सही करियर के बारे में अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि एमवीएन विश्वविद्यालय इस कार्य को निरंतर करता रहेगा, ताकि आने वाले बच्चों को भी करियर को लेकर सही दिशा निर्देश मिल सकें। इस महोत्सव के प्रथम दिवस पर सेंट जॉन, हथीन, बीएन मॉडल पलवल, शिव पब्लिक मर्रोली, एएमयू स्कूल बिछोर, डीआरपी पब्लिक स्कूल पलवल, संस्कार वैली श्रीनगर, केवीएम बामनीखेड़ा, यूटोपीन, एनडीएम पुन्हाना, पीएसआर एमवीएन पलवल, एसवीएम पलवल, ग्रीन वुड रहराना, ग्रीन वुड पलवल, शिव शक्ति करीमपुर, चौधरी गुलाब सिंह स्कूल पलवल, ज्ञान शिखा स्कूल पलवल आदि शामिल रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने वाले व्यक्ति की मौत

**पलवल।** पलवल रेलवे स्टेशन पलवल पर ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुए व्यक्ति की उपचार के दौरान रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के बाद शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। जीआरपी के जांच अधिकारी एसआई भीम सिंह ने बताया कि सात नवंबर को पलवल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया था। जिसके सिर में गंभीर चोट लगी हुई थी, जिसे तुरंत उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल पलवल में दाखिल करा दिया था। घायल की हालत नाजुक देखते हुए नल्हड़ (मेवात) स्थित मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। नल्हड़ मेडिकल कॉलेज से घायल की हालत नाजुक देखते हुए पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# राइट टू सर्विस कमीशन के मुख्य आयुक्त करेंगे सीधा संवाद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**राइट** टू सर्विस कमीशन हरियाणा के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता 23 नवंबर को दोपहर 02.30 बजे जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेंगे। इस दौरान वे सेवा का अधिकार अधिनियम-2014 के लाभार्थियों से ऑटो अपील सिस्टम-आस बारे सीधा संवाद भी करेंगे। नगराधीश द्विजा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध अवधि में पहुंचाना है।



### सीटीएम ने बैठक में दी जानकारी

उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बैठक में पूरी तैयारी व रिपोर्ट के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# जीजीडीएसडी कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्त एकत्रित

### सह संस्थापक ब्रह्मलीन श्री परमानंद जी कालड़ा की पुण्य स्मृति में लगा विशाल रक्तदान शिविर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल में महाविद्यालय की युवा रेडक्रॉस इकाई द्वारा महाविद्यालय के सह संस्थापक ब्रह्मलीन श्री परमानंद जी कालड़ा की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र



कालड़ा एवं समापन समारोह में पलवल जिला के अतिरिक्त जिला उपायुक्त साहिल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं ब्रह्मलीन श्री परमानंद जी को पुष्पांजलि अर्पित करते एवं स्वयंसेवकों द्वारा प्रभु वंदना से हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा सिंगला व युवा रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ. रुचि शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। शिविर के मुख्य अतिथि एडवोकेट महेंद्र कालड़ा ने वंदे मातरम के उद्घोष के साथ रक्तदान की महत्वता को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। समापन समारोह के दौरान अतिरिक्त जिला उपायुक्त साहिल गुप्ता ने रक्तदान की महत्वता के साथ मूल्य शिक्षा और संज्ञानात्मक कौशल के विषय में विद्यार्थियों को बताया। प्रबंधक समिति के सचिव बंशीधर मखीजा ने विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक समिति के सदस्य राजेंद्र कालड़ा एवं अजनीत कालड़ा इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में जिला नागरिक अस्पताल से डॉ. सरफराज एवं डॉ. सुरेश की टीम एवं अपना ब्लड बैंक से डॉ. प्रशांत एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

# नए वोट बनवाने के लिए स्पेशल कैंपेन 25 व 26 नवंबर को

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार जिला के सभी मतदान केंद्रों पर 25 व 26 नवंबर को स्पेशल कैंपेन चलाकर नए वोट बनवाने के लिए फार्म नंबर-6, दोबार नाम दर्ज होने या मृत्यु हो चुके लोगों के मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म नंबर-7 व मतदाता सूची में दर्ज नाम, पता आदि ठीक करवाने के लिए फार्म नंबर-8 भरे जाएंगे। इसलिए जिलावासी इन दोनो तिथियों पर सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक अपने संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ से जरूर संपर्क करें तथा सभी पात्र व्यक्ति अपने वोट अवश्य बनवाएं। नेहा सिंह बुधवार को मुख्य चुनाव



अधिकारी अनुराग अग्रवाल की वीडियो कांफ्रेंस के पश्चात संबंधित अधिकारियों को त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने, नए वोट बनवाने व स्वीप एक्टिवीटी को प्रभावी ढंग से चलाने आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं थीं। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता, एसडीएम शशि वसुंधरा, नगराधीश द्विजा सहित चुनाव विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# पलवल नगर परिषद क्षेत्र में आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित होगी

## लाइब्रेरी में सभी प्रकार की पुस्तकें उपलब्द होंगी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पलवल** नगर परिषद क्षेत्र में जल्द ही मॉडर्न लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। लाइब्रेरी बनने के बाद क्षेत्र के युवाओं को सभी विषयों की पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध होंगी। पलवल क्षेत्र के युवा इन पुस्तकों को पढ़कर आगे सभी प्रकार की परीक्षाएं पास कर सकेंगे। लाइब्रेरी पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

नगर परिषद क्षेत्र के युवक और युवतियों को सभी प्रकार की




ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध करवाने के लिए पलवल के जवाहर नगर क्षेत्र में जल्द ही एक आधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी।

> पलवल में आधुनिक लाइब्रेरी की बहुत ही आवश्यकता है। पुस्तकें ही ज्ञान का स्त्रोत होती हैं। उनके पढ़ने के बाद ही लोग आगे बढ़ते हैं। इसके लिए कई बार नगर परिषद से मांग की गई है।
>
> **-मीना कुमारी**

इसके लिए नगर परिषद द्वारा प्रपोजल पास कर दिया है। इस लाइब्रेरी में मेडिकल, इतिहास, जनरल नॉलेज, प्रतियोगी और सभी दूसरे विषयों की पुस्तकें उपलब्ध होंगी। क्षेत्र के लोग लाइब्रेरी में पहुंचकर अपने पसंद की पुस्तकें

> पलवल में जल्द ही आधुनिक लाइब्रेरी जवाहर नगर में बनाई जाएगी। इस लाइब्रेरी में सभी प्रकार की ज्ञानवर्धक पुस्तकें मौजूद होंगी। जहां बैठ क्षेत्र के युवक युवती अपना ज्ञानवर्धन कर सकेंगे।
>
> **-डॉ. यशपाल, चेयरमैन, नगर परिषद**

पढ़ने के लिए अलॉट कर सकेंगे। वे लाइब्रेरी में बैठकर इन पुस्तकों पढ़ सकेंगे। लोगों के बैठने के लिए विशाल हॉल का निर्माण भी करवाया जाएगा। हालॅ में बैठने के लिए कुर्सी व मेज भी उपलब्ध होंगी। लाइब्रेरी के हॉल में लोगों के लिए पंखे, कूलर व एसी भी लगाए जाएंगे। जिससे युवकों को गर्मी व सर्दी में खराब मौसम में दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। इससे आसपास के लोग आराम से बैठकर पुस्तक पढ़ने के बाद लौटा सकेंगे। इस अलावा पुस्तकों को लाइब्रेरी में छात्र व छात्राओं के लिए अलॉट भी किया जाएगा। पुस्तकें ही ज्ञान का भंडार होती हैं। इनको पढ़ने के बाद ही लोग आगे बढ़ते हैं। इसलिए पलवल नगर परिषद में आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का फैसला किया गया है।

# चुनाव प्रचार

## मोदी का अभियान

**मोदी** के चुनाव प्रचार अभियान में कांग्रेस के भ्रष्टाचार तथा वंशवादी सोच को केन्द्र में रखा गया है। विधानसभा चुनावों में अगले दौर का मतदान निकट आने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना चुनाव अभियान तेज कर दिया है और वे भ्रष्टाचार, वंशवादी शासन तथा विकास पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार की खिंचाई करते हुए उस पर विकास के बजाय भ्रष्टाचार और वंशवाद को वरीयता देने का आरोप लगाया। मोदी का कांग्रेस पर करारा हमला भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण नीतियों तथा परिवार में विरासत पर केन्द्रित था। उन्होंने जोर दिया कि कांग्रेस तुष्टीकरण राजनीति में उलझी है जिसके कारण दंगों व आतंकवाद की मानसिकता वाले लोग फल-फूल रहे हैं। उन्होंने देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' तथा उसके सहयोगियों को महिलाओं के खिलाफ अभियान चलाने का आरोप लगाया जो खासकर विधायी संस्थाओं में महिला आरक्षण विधेयक पेश करने के बाद सामने आया था। कांग्रेस के कथित महिला-विरोधी दृष्टिकोण की चर्चा करते हुए मोदी ने विपक्षी समूह 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस'-इंडिया को 'घमंडिया' बताया। वे यह बात अक्सर अपने भाषणों में दुहराते हैं। परंपरागत रूप से स्वीकार किया जाता है कि कोई भी पार्टी चुनाव रैलियों में अपने विरोधियों पर हमले करेगी। लेकिन आजकल बेलगाम बयानबाजी में कोई भी 'सुरक्षित' या 'पवित्र' नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी को विपक्षियों की जैसी 'गालियों' का सामना करना पड़ता है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ है।



प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के कार्यकाल में प्रत्यक्ष करों में कमी पर जोर देते हुए कहा कि इससे करदाताओं को काफी राहत मिली थी। उन्होंने मोबाइल डेटा कीमतें कम होने को भी रेखांकित किया। विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार की आवश्यकता बताते हुए मोदी ने ऐसी सरकार के लिए वोट देने को कहा जो विकास के लिए काम करे। उन्होंने भाजपा को ऐसी पार्टी के रूप में पेश किया जो राजस्थान को इक्कीसवीं शताब्दी में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी तथा अन्य भाजपा नेताओं ने न केवल राजस्थान, बल्कि अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार को लगातार मुद्दा बनाया है। विपक्षी नेताओं द्वारा केन्द्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के आरोपों पर मोदी ने बार-बार दुहराया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका अभियान निरंतर जारी रहेगा और इस मामले में वे किसी से डरने वाले नहीं हैं। मोदी ने राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की 'लाल डायरी' का भी उल्लेख किया है जिसमें उनके भ्रष्टाचार का ब्यौरा दर्ज है। यह मुद्दा कांग्रेस के ही एक मंत्री ने उठाया था जिसे बाहर का दरवाजा दिखा दिया गया। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि भाजपा सरकार पर केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाले कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी नेताओं के पास 'काबिल वकीलों' की कोई कमी नहीं है, इसके बावजूद उनमें से अनेक को सर्वोच्च न्यायालय तक से सजा मिल चुकी है अथवा वे जमानत पर हैं। कांग्रेस पार्टी में सर्वोच्च स्तर से नीचे तक फैले भयानक भ्रष्टाचार के अनेक प्रमाण हैं जिनको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने 'यंग इंडियन' की सैकड़ों करोड़ की संपत्तियां जब्त की हैं। देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाने का जनादेश दिया है। उम्मीद है कि वह अपना यह जनादेश पुनः दुहरायेगी।

# घुसपैठ के प्रति यथार्थवादी दृष्टिकोण

अवैध आप्रवास या घुसपैठ से आतिथेय देश में सामाजिक व राजनीतिक तनाव पैदा हो सकता है। लंबे समय में यह बहुत गंभीर समस्या बन सकता है।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



वर्तमान समय न केवल युद्धों और सशस्त्र टकरावों, बल्कि घुसपैठ या अवैध आप्रवास का भी है। घुसपैठ के कारण अनेक देशों में सामाजिक व राजनीतिक तनाव पैदा हुए हैं। लंबे समय से जारी घुसपैठ के कारण इन देशों में गंभीर समस्या पैदा हुई है। इसके अनेक उदाहरण हमारे सामने हैं। यूरोप के अनेक देश लंबे समय से अवैध घुसपैठ का शिकार हुए हैं। ब्रिटेन में अवैध आप्रवासियों की बाढ़ सी आ गई है जिसके कारण देश को प्रति दिन लगभग 8 मिलियन पौंड केवल इन घुसपैठियों को भोजन देने पर खर्च करना पड़ता है। घुसपैठ की समस्या का सामना यूरोप के साथ ही दुनिया के अन्य क्षेत्रों में भी अनेक देशों को करना पड़ रहा है और भारत भी इन देशों में शामिल है। हालांकि, घुसपैठ या अवैध आप्रवास के अनेक कारण हो सकते हैं। बर्मा या म्यांमार के विद्रोहियों तथा देश की सेना में टकराव के कारण खबरों के अनुसार, यदि एक लाख नहीं तो भी कम से कम 50,000 म्यांमारी आप्रवासी भारत में घुस आए हैं जिनमें से अधिकांश मणिपुर व मिजोरम में हैं। म्यांमार से आने वाले घुसपैठिये दिल्ली तक पहुंच गए हैं। एक अनुमान के अनुसार, ब्रिटेन में 175,000 अवैध आप्रवासी पहुंच चुके हैं।

इसी प्रकार रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के कारण हजारों यूक्रेनवासी पिछले डेढ़ साल में भाग कर पोलैंड पहुंच चुके हैं, जबकि हजारों अन्य जर्मनी की सीमाओं पर एकत्र हैं। आप्रवासियों के प्रति आतिथेय देशों या उनके घुसपैठ वाले देशों का व्यवहार उनके मूल पर निर्भर करता है। यूरोपीय मूल का होने के कारण अनिच्छित होने के बावजूद यूक्रेनवासियों का यूरोप में तिरस्कार नहीं किया गया है। लेकिन ब्रिटेन में घुसपैठ करने वाले अधिकांश आप्रवासी र्वांडा से हैं और उनका स्वागत नहीं किया जा रहा है। संभावित आप्रवासियों की तीसरी श्रेणी पश्चिमी किनारे व गाजा पट्टी में है जो इज़राइल व हमास के बीच युद्ध के कारण वहां से पलायन का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से गाजा पट्टी के आप्रवासियों का स्वागत इस्लामी देश भी करने को तैयार नहीं हैं।

पिछले दशक में और उसके भी पहले से यूरोप में अवैध आप्रवासियों की बाढ़ सी आई है। इससे वहां की जनसंख्या संरचना में भी व्यापक परिवर्तन आए हैं। इस कारण से वह जल्द ही 'यूरेबिया' में बदल सकता है। अवैध आप्रवास के कारणों के साथ उनका स्वागत करने के मामले में वैचारिक दृष्टिकोण से भी बदलाव आ सकता है। उदाहरणार्थ, जब अनेक सीरियावासी अपनी ही सरकार द्वारा की जा रही बमबारी के कारण यूरोपीय संघ में पलायन कर रहे थे तब जर्मनी के नेतृत्व में अनेक यूरोपीय संघ के देश उनका स्वागत कर रहे थे।

जर्मनी की तत्कालीन चांसलर एंजेला मर्केल भी उनके स्वागत के लिए तैयार थीं। एजेंला मर्केल शायद अपने अनुभवों के कारण आप्रवासियों के प्रति अधिक उदार थीं। मर्केल पूर्वी जर्मनी की निवासी थीं जहां की पूर्व समाजवादी सरकार ने अपने उन हजारों नागरिकों को मार डाला था जो पश्चिमी देशों में पलायन का प्रयास कर रहे थे। इसका कारण सोवियत युग में उसके खेमे तथा पश्चिमी देशों के बीच जारी शीतयुद्ध से पैदा प्रतियोगिता थी। भारत पहले ही बांग्लादेश से आने वाले अवैध आप्रवासियों के कारण भारी परेशानी झेल चुका है और उसके लगभग 20 मिलियन नागरिक आज भी भारत में अवैध रूप से रह रहे हैं। जैसे इतना काफी न रहा हो, पाकिस्तान आजकल संभावित दीवालियापन के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। इससे अवैध आप्रवास का खतरा बढ़ गया है। बताया जाता है कि उसके आम नागरिक आजकल केवल एक समय भोजन कर किसी तरह जीवित हैं। ऐसे में सवाल है कि जब इतना भोजन भी नहीं मिलेगा तो क्या वे भारतीय सीमा पर एकत्र होने के लिए लालायित नहीं होंगे? पाक-अधिकृत कश्मीर के नागरिक भयानक उत्पीड़न का शिकार हैं। उसके अनेक नागरिक आज अनुभव कर रहे हैं कि यदि वे भारत के नागरिक बनते तो ज्यादा अच्छा होता। जम्मू कश्मीर की पूर्व देशी रियासत के राजा महाराज हरि सिंह ने अपने राज्य का 1947 में भारत में विलय कर लिया था।

इसके बाद पाकिस्तानी मुजाहिदीनों ने जम्मू कश्मीर के एक भाग पर कब्जा कर लिया था जिसे आज पाक-अधिकृत कश्मीर कहा जाता है। उस समय इस कब्जे का समुचित सैनिक विरोध नहीं हो पाया था। पाक-अधिकृत कश्मीर के अनेक नागरिक इस कारण स्वयं को भारतीय नागरिक के रूप में स्वीकृति का अधिकार चाहते हैं। आप्रवास या विस्थापन पर अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं। इनमें से कुछ में कहा गया है कि दुनिया में अधिकांश लोगों ने इतिहास के किसी चरण पर कहीं न कहीं से विस्थापन किया है। सैम मिलर की पुस्तक 'माइग्रेंट्स' इस संबंध में उल्लेखनीय है। मध्य एशिया की तुलना में अपनी समृद्धि के कारण भारत ने निश्चित रूप से शताब्दियों तक अनेक आप्रवासियों को आकर्षित किया है।

लेकिन इससे अब भारत में अवैध आप्रवास को विधिक नहीं ठहराया जा सकता है। यूरोपीय संघ में आप्रवासियों के लगभग अनन्त प्रवाह ने पिछले दशक में या इसके पहले भी यूरोप की घरेलू नीतियों में परिवर्तन किया है। आज यूरोप और खासकर दक्षिणी यूरोप 'मीना' कहे जाने वाले मध्यपूर्व व उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र से आप्रवासियों के दबाव का खतरा झेल रहा है। रिपब्लिकन पार्टी और उसके नेता डोनाल्ड ट्रंप के उलट अमेरिका के बहुत से लोग क्यूबा या मैक्सिको से आने वाले आप्रवासियों पर आपत्ति नहीं प्रकट करते हैं। इसका कारण यह है कि उनमें श्वेत लोगों की संख्या अधिक है। अक्सर राष्ट्रीयता को ऐसे लोगों के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनके दिल अनेक मामलों पर एकसाथ धड़कते हैं। दूसरी ओर अमेरिका के अनेक नागरिक समझते हैं कि विभिन्न नस्लों वाले किसी भी देश से आप्रवास की अनुमति देने से टकराव पैदा हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप और आप्रवासियों के प्रति अनिच्छा की भावना मजबूत हो रही है। लेकिन इस मामले में भी रिपब्लिकनों और डेमोक्रेटों में मतभेद है। डेमोक्रेट आमतौर से आप्रवास का समर्थन करते हैं क्योंकि इससे उनका वोटबैंक बढ़ता है।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ब्रिटेन ने अपने एशियाई उपनिवेशों तथा कैरीबियन देशों से मुक्त आप्रवास की अनुमति दी थी। हाल में वे अपने पूर्ववर्तियों के इस निर्णय पर दुःख प्रकट करने लगे हैं जो सस्ते श्रम के लालच में किया गया था। फ्रांस का अनुभव इस मामले में कड़वा है क्योंकि वहां देश में आने वाले 10 प्रति आप्रवासी अल्जीरियन हैं जिनकी भावनायें अक्सर यूरोपीय फ्रांसीसियों के विपरीत होती हैं। नीदरलैंड और बेल्जियम इस प्रकार के आप्रवास से असहमत हैं, जबकि जर्मनी में बड़ी संख्या में तुर्की के लोग हैं जिनका स्वागत नहीं होता है। हालांकि उनको 'अतिथि श्रमिक' कहा जाता है, पर सच्चाई यह है कि यदि कोई बाहरी किसी देश में कुछ महीने ठहर जाता है तो उसे वहां से बाहर निकालना असंभव हो जाता है। कनाडा और आस्ट्रेलिया के पास स्थान की कमी नहीं है और वे अपनी अर्थव्यवस्था का विस्तार करना चाहते हैं। इसलिए आप्रवासियों के प्रति उनकी नीतियां उदार हैं। आने वाला समय ही बतायेगा कि बहु-नस्ली या बहु-सांस्कृतिक समाज बनाने का कितना खामियाजा उठाना पड़ सकता है। उचित समय में कोई राजनीति विज्ञानी इस बारे में राजनीतिक दृष्टिकोण बनाएगा। लेकिन एक ही देश में दो या तीन समुदाय होने के कारण न केवल सामाजिक तनाव, बल्कि राजनीतिक प्रतियोगिता भी पैदा हो सकती है।

पश्चिम एशिया में वर्तमान टकराव इसका केवल एक उदाहरण है। भारत में 75 साल पहले एक विभाजन हो चुका है और उसकी 35 प्रतिशत भूमि दूसरे देश को चली गई। सालों पहले नाइजीरिया के उत्तरी भाग में रहने वाले मुसलमानों तथा दक्षिण में रहने वाले बियाफ्रा ईसाइयों के बीच भयानक गृहयुद्ध हुआ था। संस्कृतियों के टकराव के कारण ईसाई पूर्वी तिमोर को बाकी इंडोनेशिया से अलग होना पड़ा था। इसलिए आप्रवासियों के संबंध में नीतियां बनाने वालों को इतिहास के इन असंदिग्ध आयामों का ध्यान रखना चाहिए।

# बेहतर जीवन की कुंजी है सहयोग

"यह बताने के लिए किसी दार्शनिक की आवश्यकता नहीं है कि सहयोग एक दैवीय गुण है जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता और उपलब्धि की कुंजी है।"

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



सहयोग या टीम वर्क एक सामान्य उद्देश्य के लिए एकजुट होकर काम करने की कला है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि हम अकेले की तुलना में एक साथ मिलकर अधिक हासिल कर सकते हैं। सहयोग शब्द इतना जादुई है कि इसके बारे में सोचने मात्र से ही हमारे मन पर सुखद प्रभाव पड़ता है। हमें यह बताने के लिए किसी दार्शनिक की आवश्यकता नहीं है कि सहयोग एक दैवीय गुण है जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता और उपलब्धि की कुंजी है।

यह सह-निर्माण की ओर ले जाता है और यह सिम्फनी, पुल और समुदायों को संभव बनाता है। इस तथ्य को याद रखना चाहिए कि मनुष्य सहयोग के बिना सुखी और आरामदायक जीवन नहीं जी सकता, न ही जानवर इस जादुई गुण के बिना जीवित रह सकते हैं। इसलिए, सहयोग जीवित प्राणियों के लिए और मानव समाज के लिए भी आधार है। एक समाज का अस्तित्व सहयोग के कारण होता है, इसलिए यह मनुष्य के लिए मनोवैज्ञानिक और सामाजिक आवश्यकता दोनों है; क्योंकि वे एकाकी जीवन नहीं जी सकते। क्या वे कर सकते हैं?

आधुनिक समाज में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कृषि और उद्योग, परिवहन और संचार, व्यापार और वाणिज्य आदि के क्षेत्रों में प्रगति सहयोग के अभाव में संभव नहीं होती। इसी प्रकार, सामाजिक एकता और एकता भी सहयोग पर निर्भर करती है क्योंकि सहयोग ही आपसी मतभेदों और मानसिक झगड़ों को कम करता है और लोगों को एकजुटता बनाए रखने के लिए यथासंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है।




संक्षेप में कहें तो व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सहयोग आवश्यक है। हालाँकि, जीवन के लिए अनिवार्य किसी चीज़ के बारे में इतना सकारात्मक पढ़ने के बाद, कोई भी यह सवाल पूछे बिना नहीं रह सकता- जब सहयोग से इतना कुछ हासिल करना है, तो हर क्षेत्र में इतनी प्रतिस्पर्धा, टकराव और सहयोग की कमी क्यों है? आधुनिक समाज में गतिविधि का? आज आधुनिक समाज में मानवीय मूल्यों का बड़े पैमाने पर पतन देखा जा रहा है, जहां हर चीज को पैसे और ताकत के पैमाने पर मापा जाता है। तदनुसार, अधिकांश मानवीय गतिविधियां धन के लालच और सत्ता की लालसा से निर्देशित होती हैं। इससे व्यापार और उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में गलाकाट प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हममें से अधिकांश लोग इतने संस्कारित हो गए हैं कि यह मानने लगे हैं कि प्रतिस्पर्धा हमारे अंदर सर्वश्रेष्ठ लाती है और यह प्रतिस्पर्धा है, न कि सहयोग, जो सफलता की कुंजी है।

हालांकि सच्चाई यह है कि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी संरचनाएं उच्च तनाव और नैतिक भ्रष्टाचार का कारण बनती हैं जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं। इसके अलावा, वे अविश्वास, प्रतिद्वंद्विता और मित्रता पैदा करने वाली अमानवीय मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिस्पर्धी और सहकारी प्रयास स्थितियों के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला है कि सहयोग प्रतिस्पर्धा की तुलना में कहीं बेहतर काम करता है। कैसे? कुंआ!

यह काफी सरल है. प्रतिस्पर्धा मनुष्यों के बीच मतभेद पैदा करती है जबकि सहयोग पुलों का निर्माण करता है। प्रतिस्पर्धी संरचनाओं के तहत, वही विशेषज्ञता शोषण का एक उपकरण बन जाती है। सहयोग के माहौल में, प्रोत्साहन और सहायक आलोचना दोनों दी और प्राप्त की जा सकती हैं। सहयोग संचार को उत्तेजित करता है। सहयोग पर आधारित रिश्ते और प्रयास अधिक सफल और स्थायी होते हैं।

सदियों से यह भुला दिया गया है कि जीवन का एक और दर्शन है जो लेने के बजाय देने का है। याद करना! यदि हम समुदाय से जितना लेते हैं उससे अधिक उसे देते हैं, तो हमारे पास हमेशा प्लस संतुलन रहेगा। समान पुनर्क्रिया उत्पन्न करने वाला क्रिया का प्रसिद्ध नियम सहयोग पर भी लागू होता है। भगवत गीता भी कहती है, इनाम की उम्मीद किए बिना नेक कार्य करो, इनाम अपने आप मिल जाएगा। वास्तव में, किसी के दीर्घकालिक स्वार्थ की भी सबसे अच्छी पूर्ति सभी के अधिकतम सामान्य हित के लिए काम करने से होती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि ब्रह्मांड में, बहुत अधिक परस्पर निर्भरता है।

इसलिए एक व्यक्ति जो कुछ भी करता है वह पीछे हटने या वापस लौटने के लिए बाध्य होता है उस पर, देर-सबेर। तो क्यों न हम अपने पूर्वजों की तरह देने की कला का अभ्यास करें और देवता यानी दाता बनें?

## आप की बात

### न्यायपालिका में सुधार

**सुप्रीम कोर्ट** ने जजों के तबादले और नई नियुक्तियों को लेकर केंद्र सरकार द्वारा अत्यधिक विलंब किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच लंबे समय से अनेक मामलों में खींचतान चल रही है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम सिस्टम द्वारा ही व्यवस्था को चलाते रहना चाहता है, जबकि कार्यपालिका इसके लिए एक आयोग बनाकर उसके द्वारा जजों की नियुक्ति आदि मामले तय करने की पक्षधर है। सरकार का कहना है कि किसी अन्य देश में स्वयं जज दूसरे जजों की नियुक्ति नहीं करते हैं। वैसे भी न्यायपालिका में व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। भारी संख्या में लंबित मुकदमे पड़े हुए हैं जिनकी संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। इसक साथ ही न्यायपालिका में समुचित विस्तार नहीं हुआ है। देश की निरंतर बढ़ती हुई आबादी के अनुपात में हमारे यहां न्यायाधीशों तथा न्यायालयीन कर्मचारियों की भारी कमी है। भारत सरकार ने विधि संहिताओं में परिवर्तन का कदम उठाया है तथा अनेक पुराने कानूनों को समाप्त किया है। इसके साथ ही न्यायपालिका में सभी स्तरों पर अद्यतन तकनीक के प्रयोग तथा उसकी ढांचागत संरचना को बेहतर व समयानुकूल बनाना भी बहुत जरूरी हो गया है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### पाठ्यक्रम में बदलाव

**अब** देश के स्कूली पाठ्यक्रम में भारतीय महाकाव्य रामायण एवं महाभारत पढ़ाए जाने की तैयारी है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी ने सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में इसे शामिल करने की सिफारिश की है। अब इसे इतिहास के पाठ्यक्रम में भारत के शास्त्रीय काल की श्रेणी में रखा जाएगा। छात्रों को पता होना चाहिए कि राम कौन थे एवं उनके जीवन का उद्देश्य क्या था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत अब स्कूली पाठ्यक्रम में बदलाव किया जा रहा है एवं इसके लिए 19 सदस्यों की एक कमेटी भी बनाई गई है। कमेटी ने प्राचीन इतिहास की जगह क्लासिकल हिस्ट्री और हिंदू योद्धाओं की विजय गाथायें शामिल करने की सिफारिश की गई है। इस नए पाठ्यक्रम में वेद और आयुर्वेद को भी शामिल किया जा रहा है ताकि छात्र अपने गौरवमयी अतीत के बारे में समुचित जानकारी प्राप्त कर सके। इसके साथ ही विज्ञान एवं तकनीक में अद्यतन ज्ञान देने के प्रयास भी प्राथमिक कक्षाओं से ही शुरू किए जाएंगे ताकि छात्र बदलती दुनिया के अनुसार अपना कौशल संवर्धन कर प्रगति कर सकें।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### डीपफेक का खतरा

**डीपफेक** पिछले काफी दिनों से अखबारों और टीवी न्यूज से लेकर सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां तक कि प्रधानमंत्री ने भी डीपफेक के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जाहिर की थी। ये तकनीक भारत के सामने मौजूद सबसे बड़े खतरों में से एक है क्योंकि इससे अराजकता पैदा हो सकती है तथा इसके गलत इस्तेमाल से लोगों की पूरी जिंदगी भी प्रभावित हो सकती है। हाल ही में कई सेलिब्रिटीज की डीपफेक वीडियो सामने आई तो वहीं प्रधानमंत्री मोदी भी इससे अछूते नहीं रहे। किसी ने उनका भी गरबा खेलते हुए डीपफेक वीडियो बनाया। इसके सोशल मीडिया पर वायरल होने पर सभी लोग चौंक गए थे। डीपफेक में एआई के प्रयोग से जरिए किसी की भी फर्जी फोटो, वीडियो और ऑडियो बनाई जा सकती है। डीपफेक से तैयार वीडियो आदि से सही-गलत में अंतर करना मुश्किल हो जाता है। इसे बनाना ज्यादा कठिन नहीं है। लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार को जल्द से जल्द सख्त कदम उठाने चाहिए। इस खतरनाक प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के लिए कड़े कानून बनाने चाहिए।

–**निधि जैन,** गाजियाबाद

### जल संचय

**हमारे देश** में हर साल गर्मियों में कई राज्यों में जल संकट पैदा हो जाता है। इस वर्ष तो महाराष्ट्र में अभी से सूखे के हालात नज़र आने लगे हैं। सालों साल जल संकट से हम जूझने के बावजूद लोग केवल सरकार का मुंह ताकते हैं। सरकार तो यथासंभव प्रयास करती ही है, मगर सबको जल संचय के प्रति जागरूक होना चाहिए। किसान जल उपलब्धता के आधार पर ही खेती और पशुपालन करते हैं। इसके बावजूद-खेत का पानी खेत में ही संचित करने के कोई खास प्रयास नहीं करते हैं। यदि हर किसान अपनी कृषि भूमि का 10 प्रतिशत तालाब बनकर वर्षा जल संचय करें तो धरती का जलस्तर बढ़ेगा और 12 महीने पानी उपलब्ध रहेगा। इसी प्रकार छोटे नदी नालों पर चेक डेम ग्राम पंचायत स्तर पर ही योजनाबद्ध ढंग से बनाये जा सकते हैं। इससे भी इनमें जमा पानी पूरी गर्मियों में उपयोग किया जा सकता है। विडंबना है कि देश की आबादी का सतर प्रतिशत शुद्ध पेयजल से वंचित है। दूसरी ओर पानी का देश में करोड़ों रुपए का व्यापार खड़ा हो गया है। पानी के व्यापारीकरण पर रोक लगनी चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

### 30 हजार से अधिक रोडवेज ड्राइवर व कन्डक्टर्स को योगी सरकार का तोहफा

# अब 1.89 रुपए प्रति किमी की दर से मिलेगा पारिश्रमिक

● परिवहन निगम ने प्रति किमी 14 पैसे का किया इजाफा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के परिवहन विभाग में संविदा पर कार्य कर रहे ड्राइवरों. कन्डक्टरों को योगी सरकार ने तोहफा दिया है। सरकार ने संविदा ड्राइवरों-कन्डक्टरों का पारिश्रमिक बढ़ाने का निर्णय लिया है। आगामी 1 दिसम्बर 2023 से ड्राइवरों-कन्डक्टरों के पारिश्रमिक में प्रति किमी 14 पैसे की दर से अधिक भुगतान किया जाएगा। इससे परिवहन निगम की बसों में कार्यरत 30 हजार से अधिक ड्राइवरों.कन्डक्टरों को लाभ मिलेगा। इस सम्बंध में प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने आदेश जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक (कार्मिक) अशोक कुमार ने बताया कि सीएम योगी एवं परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन निगम में कार्यरत ड्राइवरों-कन्डक्टरों की पारिश्रमिक दरों को पुनरीक्षित किया गया है। अभी तक 1.75 रुपए प्रति किमी की दर से भुगतान किया जा रहा था, जिसे पुनरीक्षण के पश्चात बढ़ाकर 1.89 रुपए प्रति किमी कर दिया गया है। नई दर से देय भुगतान 1 दिसम्बर 2023 से लागू होगा। उन्होंने बताया कि नोएडा क्षेत्र की नगरीय बसें, इसी क्षेत्र की ग्रामीण सेवाएं, एनसीआर क्षेत्र के अन्तर्गत कौशाम्बी, साहिबाबाद एवं लोनी डिपो व एनसीआर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त डिपोज की ग्रामीण सेवाओं में कार्यरत केवल संविदा चालकों, गोरखपुर क्षेत्र की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकट सौनोली, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज बस डिपो के संविदा चालक एवं उप नगरीय सेवाओं के ड्राइवरों को छोड़कर शेष संविदा ड्राइवर-कन्डक्टर को ही इसका लाभ मिलेगा।

## प्रथम फेज में 7.16 लाख करोड़ की परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

● निवेश के मामले में मेरठ, झांसी, मीरजापुर लखनऊ और वाराणसी मंडल टॉप फाइव में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में फरवरी माह में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का परिणाम सरकार की सोच से भी कहीं ज्यादा उत्साहवर्धक साबित हुआ है। लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को अब धरातल पर उतारने के प्रयास शुरू हो गये हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी योगी सरकार के प्रयासों से 7.16 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश धरातल पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। प्रदेश के सभी 18 मंडलों में उद्योग जगत ने बेहतरीन संभावनाएं देखते हुए निवेश करने का फैसला लिया है। हालांकि सभी मंडलों में निवेशकों की रुचि अलग अलग ही देखने को मिली है। मेरठ मंडल में निवेशकों ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है। क्रियान्वयन के लिए तैयार निवेश में प्रदेश के टॉप फाइव मंडलों में क्रमशः मेरठ, झांसी, मीरजापुर, लखनऊ और वाराणसी हैं।

मंडलवार बात की जाए तो मेरठ मंडल में सर्वाधिक 255097 करोड़, इसके बाद झांसी मंडल में 91128 करोड़, मीरजापुर मंडल में 85104 करोड़, लखनऊ मंडल में 48770 करोड़, वाराणसी मंडल में 37372 करोड़, बरेली मंडल में 35322 करोड़, अयोध्या मंडल में 23921 करोड़, आगरा मंडल में 23706 करोड़, कानपुर मंडल में 22992 करोड़, मुरादाबाद मंडल में 17833 करोड़, प्रयागराज मंडल में 17780 करोड़, गोरखपुर मंडल में 15600 करोड़, सहारनपुर मंडल में 12413 करोड़, अलीगढ़ मंडल में 9873 करोड़, चित्रकूट मंडल में 9213 करोड़, देवीपाटन मंडल में 3954 करोड़, आजमगढ़ मंडल में 3400 करोड़ और बस्ती मंडल में 3018 करोड़ रुपए के निवेश क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं।

कभी बुंदेलखंड और पूर्वांचल यूपी के सबसे पिछड़े इलाके माने जाते थे। योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के बाद से ही इन दोनों क्षेत्रों पर विशेष फोकस करते हुए विकास कार्यों को लेकर रणनीति बनाना शुरू किया। बीते छह साल में पूर्वांचल और बुंदेलखंड रीजन से ना सिर्फ डकैतोंए माफिया और रंगदारों के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया बल्कि बेहतर कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी विकसित करते हुए पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इन प्रयासों का परिणाम अब धरातल पर उतरने जा रहे निवेश के रूप में दिखने जा रहा है। बुंदेलखंड रीजन के अंतर्गत आने वाले झांसी और चित्रकूट मंडल में 1 लाख करोड़ से भी ज्यादा का निवेश क्रियान्वित होने के लिए तैयार है। इस मामले में भी झांसी मंडल प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। इसी प्रकार पूर्वांचल क्षेत्र में मीरजापुर और वाराणसी मंडल टॉप फाइव में शामिल है, इसके अलावा गोरखपुर और आजमगढ़ मंडल में भी भारी भरकम निवेश धरातल पर उतरने के लिए तैयार है। जाहिर है उद्योग जगत को योगी शासन में इन इलाकों में व्यवसाय करने में अब कोई परेशानी नहीं दिख रही है। यही नहीं जिन इलाकों में कभी शाम ढलने के बाद लोग घर से बाहर निकलने से भी डरते थे, वहां उद्योग धंधे स्थापित करने का माहौल बनाने में योगी सरकार को बड़ी सफलता मिली है। सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में धरातल पर उतरने जा रहा निवेश इसकी गवाही देता है।

# ओटीएस योजना के तहत अब तक करीब 500 करोड़ के राजस्व की वसूली

● विद्युत उपभोक्ताओं के बीच हिट साबित हो रही एकमुस्त समाधान योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल की बकाया राशि के भुगतान में राहत देते हुए योगी सरकार ने 8 नवंबर को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की शुरुआत की थी। उपभोक्ताओं के बीच यह योजना हिट रही है और प्रतिदिन लाखों लोग इस योजना से जुड़ रहे हैं। अब तक इसके तहत करीब 6.25 लाख उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। यही नहीं, इस योजना के तहत प्रदेश सरकार ने अब तक करीब 500 करोड़ रुपए (495 करोड़ से ज्यादा) के राजस्व की वसूली कर ली है। योजना के तहत दो तरह के लोग इसका लाभ ले रहे हैं। एक ओटीएस नॉर्मल और दूसरा ओटीएस थेफ्ट (जिन पर बिजली चोरी का बकाया है)। यह योजना 8 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलेगी। इस योजना का पहला चरण 8 से 30 नवंबर, दूसरा चरण 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तथा तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा। खास बात ये है कि जो उपभोक्ता जल्दी आएंगे, वो ज्यादा लाभ पाएंगे। खासतौर पर 30 नवंबर तक पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा लाभ मिलेगा।

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल के अनुसार, इस योजना को लेकर सभी डिस्कॉम्स में लोगों के बीच उत्साह देखा जा रहा है। पहले चरण में ही 6.25 लाख लोगों का रजिस्ट्रेशन कराना इसका उदाहरण है। प्रतिदिन लाखों लोग योजना से जुड़कर अपने बकाये का एकमुश्त समाधान करा रहे हैं। प्रदेश सरकार की ओर से लोगों को राहत देने के लिए इस योजना की शुरुआत की गई है। उन्होंने अपील की है कि जो भी लोग इस योजना का अत्यधिक लाभ लेना चाहते हैं वो 30 नवंबर से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर योजना से जुड़ सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता किसी भी विभागीय बिलिंग काउंटर पर, एसडीओ या एक्सीएन कार्यालय पर या यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर योजना में पंजीकरण कर इसका लाभ ले सकते हैं।

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिण् की बात करें तो ओटीएस नॉर्मल और ओटीएस थेफ्ट के तहत 1.6 लाख से अधिक लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसके माध्यम से कुल 143 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी तरहए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि के तहत योजना का लाभ लेने के लिए 1.72 लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिससे विभाग को 130 करोड़ से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि के तहत 1.43 लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और विभाग ने 93.55 लाख राजस्व की वसूली की। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिण् के जरिए कुल 1.40 लाख से अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया, जिससे 127 करोड़ से अधिक के राजस्व की वसूली हुई। अंत में केस्को के तहत योजना का लाभ पाने के लिए 5500 से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 75 लाख के राजस्व की प्राप्ति हुई।

## काम में लापरवाही पर अधिशासी अभियंता निलंबित

**उत्तर** प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने बुधवार को दक्षिणांचल डिस्काम के बांदा एवं कानपुर क्षेत्र की समीक्षा करते हुए अपने कर्तव्य एवं दायित्वों को भली-भांति कार्यान्वित न करने के कारण परीक्षण खंड फर्रुखाबाद के अधिशासी अभियंता को निलंबित कर दिया। साथ ही उन्होंने 2 अधीक्षण अभियंता तथा 8 अधिशासी अभियंताओं को धीमी प्रगति के कारण चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत में सभी के कार्यों की प्रगति का मूल्याकंन किया जाएगा और जिनकी प्रगति संतोषजनक नहीं होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिन 8 अधिशासी अभियंताओं को

### 10 इंजीनियर को दी गई चेतावनी

खराब परफॉर्मेंस के लिए चेतावनी दी गई है उसमें सैफई तृतीय, ईडीडी राठ, हमीरपुर, कन्नौज, कायमगंज, इटावा, फर्रुखाबाद तथा तृतीय महोबा शामिल है। अधीक्षण अभियंता इटावा तथा हमीरपुर को भी चेतावनी दी गई है। अध्यक्ष ने निर्देशित किया है की जनता में इस बात का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए कि ओटीएस योजना में चोरी के प्रकरण पर पहली और आखिरी बार छूट की सुविधा मिल रही है। इसका लाभ लेकर यदि कोई बकाया है तो वह जमा कर दे जिससे उन्हें विद्युत विच्छेदन आदि की कोई समस्या भविष्य में न हो।

## छुट्टियों में भी जमा होंगे विद्युत बिल

**उत्तर** प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कहा है कि ओटीएस के माध्यम से हर बकायेदार विद्युत राजस्व जमा करे इसके लिए प्रयास होना चाहिए। इसके लिए फोन घुमाओ अभियान से लेकर कैंप लगाना, लाउडस्पीकर सहित विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने से लेकर सभी प्रयास किए जाएं। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि हमें आईडीएफ पूरी तरह खत्म करना है। इसके लिए हर स्तर पर व्यापक प्रयास होना चाहिए। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष में यह भी निर्देश दिए हैं कि इस महीने पड़ने वाली छुटियों में ओटीएस और राजस्व वसूली से संबंधित सभी कार्य होंगे। इसके लिए संबंधित कार्यालय खुलेंगे और सामान्य कार्य दिवसों के अनुरूप विद्युत बिल जमा करने तथा ओटीएस से संबंधित कार्य होंगे।

# सपा मुख्यालय में सादगी के साथ मनाई गई मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व रक्षामंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ सहित पूरे प्रदेश के प्रत्येक जनपद में सादगी से मनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने (नेताजी) मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

स्व. मुलायम सिंह यादव को नमन करने वालों में प्रमुख थे राजीव राय, अरविन्द कुमार सिंह, एचएन पटेल, अताउरर्हमान, डॉ. फिदा हुसैन अंसारी, डॉ. निर्भय सिंह पटेल, जयसिंह जयंत, सीएल वर्मा, डॉ. आशुतोष वर्मा, शाहीन फातिमा, डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव सहित इन्द्र सेन शास्त्री, सुधा जायसवाल, रणजीत यादव, रमेश सिंह यादव, रामगोपाल पुरी, लता जायसवार, शबीना खान, सलमा, आलोक त्रिपाठी, संजय यादव, रामदरश विद्यार्थी, चन्द्रिका पाल, वंदना चतुर्वेदी, लक्ष्मीनाथ कश्यप, विमल कुमार साहू, सुजीत यादव, एजाज सिद्दीकी, अरविन्द यादव आदि मौजूद थे। इस अवसर पर समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वंदना चतुर्वेदी ने लक्ष्मीबाई अस्पताल राजाजीपुरम् तथा प्राइमरी पाठशाला नरपतखेड़ा में फलों, ब्रेड का वितरण किया। लखनऊ नगर निगम में उपनेता एवं समाजवादी पार्टी पार्षद देवेन्द्र सिंह यादव जीतू एवं नवीन धवन बंटी ने लोकबंधु राज नारायण अस्पताल में मरीजों के बीच फ्ल वितरण किया। दिलीप कमलापुरी प्रदेश सचिव द्वारा फैजुल्लागंज, हनुमान सेतु और मेडिकल कॉलेज तिराहा पर नेताजी की स्मृति में मिष्ठान, फल एवं पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया।

● अस्पतालों, स्कूलों व मंदिरों में बांटे गए फल व मिठाइयां

## मुलायम ने गरीबों व कमजोरों को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ाः दीपक

● जयंती पर समाजवादी प्रदीपिका का किया गया विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को लोहिया सभागार में समाजवाद हिन्दी सशक्तिकरण व मुलायम विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी विचार प्रदीपिका का विमोचन किया गया ।

इस मौके पर बौद्धिक सभा व हिंदी जन अभियान के अध्यक्ष समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र ने कहा कि लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश के पश्चात समाजवाद एवं हिन्दी से जुड़े अभियानों के सशक्तीकरण में नेताजी का सर्वाधिक योगदान रहा है । समाजवादी पार्टी का गठन कर उन्होंने समाजवादियों के बिखराव को रोका। लोहिया के विचारों को मूर्त देने वाले शीर्ष क्रम के नेताओं में नेताजी का नाम अग्रगण्य है । उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं से अंग्रेजी की अनिवार्यता हटाई। हिन्दी दिवस के दिन ही नेताजी ने 1987 में क्रांति रथ निकाला था। वे भारतीय भाषियों के प्रबल पैरोकार थे।

उन्होंने गरीबों, वंचितों व कमजोरों को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़कर लोकतंत्र को मजबूत किया। मुलायम सिंह यादव जितने बड़े समाजवादी थे, उतने समावेशी राष्ट्रीयता प्रतिबद्ध समर्थक थे । मुझे उन्होंने आचार्य नरेंद्रदेव की राष्ट्रीयता और समाजवाद पुस्तक देते हुए राष्ट्रवाद और समाजवाद पर एक पुस्तक लिखने का निर्देश दिया था ताकि नई पीढ़ी राष्ट्रीयता, समाजवाद और रामराज्य जैसी अवधारणाओं से अवगत होकर राजनीति करे। सपा संस्थापक के निर्देश पर कार्य कर रहा हूं, जल्द ही पुस्तक का विमोचन होगा। योगेश पांडे, ब्रजेश मिश्र, हरिशंकर यादव एम पी यादव, गयासुल हक, इंजीनियर अरविंद, दौलत अली, जावेद समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया किए । रात में वरिष्ठ सपा नेता नागा चौधरी के संयोजन में 84 टोलियों ने अलग अलग स्थानों पर फुटपाथी मजदूरों एवं रिक्शे वालों में कंबल तथा गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।

# पूर्वी यूपी का नोएडा बनने की राह पर सोनभद्र

● जीबीसी के पहले फेज में सोनभद्र में उतर रही नोएडा के बाद सर्वाधिक निवेश वाली परियोजनाएं

● कभी नक्सल गतिविधियों के लिए पूरे देश में कुख्यात जिला बनने जा रहा विकास का इंजन

● सोनभद्र में उतरेंगी 79 हजार करोड़ की 43 निवेश परियोजनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** का सोनभद्र जिला, जो कभी देश में नक्सलियों के चरागाह के रूप में कुख्यात था, आज प्रदेश के विकास में भागीदारी करने वाला दूसरा सबसे महत्वपूर्ण जिला बन चुका है। प्राकृतिक और खनिज संपदा की प्रचूरता के बावजूद दशकों तक अव्यवस्था और नक्सल गतिविधियों के चलते उद्योग जगत यहां बड़ा निवेश करने से कतराते रहे। नक्सलियों द्वारा लेवी डिमांड (अवैध उगाही) से त्रस्त उद्यमियों ने पिछले दशकों में सोनभद्र से किनारा कर लिया। हालांकि, अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं। योगी सरकार की अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीतिए दुर्गम और हाशिये वाले क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विकास, आधारभूत संरचनाओं का निर्माण और बेहतर कनेक्टिविटी ने सोनभद्र से ना सिर्फ नक्सल गतिविधियों का अंत किया है, बल्कि अब ये जिला यूपी के विकास का दूसरा ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 के बाद यूपी को मिले तकरीबन 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए योगी सरकार अब ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों में जुटी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नोएडा के बाद धरातल पर उतरने जा रहा सबसे ज्यादा निवेश सोनभद्र में ही होने वाला है। इस निवेश से ना सिर्फ पूर्वांचल बल्कि प्रदेश के विकास को भी रफ्तार मिलेगी। तकरीबन 79 हजार करोड़ की 43 निवेश परियोजनाएं सोनभद्र में कार्यान्वित होने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। सोनभद्र में ऊर्जा और अक्षय ऊर्जा से जुड़े लगभग 35 हजार करोड़ के दो बड़े प्रोजेक्ट जल्द से जल्द धरातल पर उतरने को तैयार हैं। इनमें ओबरा में 2 गुणे 1600 मेगावाट सुपर थर्मल पॉवर प्लांट और सिंगरौली में तापीय विद्युत संयत्र का विस्तार शामिल है। इसके अलावा 3660 मेगावाट की ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरज परियोजना भी सोनभद्र के लिए वरदान साबित होगी। ये तीनों बड़ी परियोनाएं शासन की ओर से अनुमोदित हो चुकी हैं। गौरतलब है कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज में लगभग 13 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अलग अलग विभागों को मुख्यमंत्री की ओर से निर्देशित किया गया है। इसी के साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों में भी निवेश पर योगी सरकार का पूरा जोर है। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो प्रदेश के उस जिले ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया हैए जिसे कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माना जाता था। बता दें कि जीबीसी के प्रथम फेज के लिए नोएडा में 1.96 लाख करोड़ की परियोजनाएं निवेश के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं इस पायदान पर दूसरे नंबर पर सोनभद्र जिले का नाम सामने आया है। इसके बाद झांसी में तकरीबन 63 हजार करोड़ की 175 परियोजनाएं, लखनऊ में 34 हजार करोड़ की 327 परियोजनाएं और बरेली में 31.7 हजार करोड़ की 357 परियोजनाएं धरातल पर उतरने जा रही हैं। टॉप फाइव में शामिल सभी जिलों की तुलना में सोनभद्र की ऊंची छलांग सबको हैरान करने वाली है। ऐसे ही नक्सल प्रभावित रहे चंदौली और मीरजापुर जनपदों में भी प्रथम फेज में बड़ा निवेश धरातल पर उतरने के लिए तैयार है। चंदौली में जहां 17.4 हजार करोड़ तो मीरजापुर में 6 हजार करोड़ की निवेश परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। बेहतर कानून व्यवस्था कैसे विकास में सहायक हो सकती है, ये तीनों जिलों के प्रदर्शन से साफ दिखाई देता है। इसे योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## हाईकोर्ट ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी पर लगाया 30 हजार का हर्जाना

**लखनऊ (विसं)।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान मांगी गई जानकारी का सही जवाब नहीं देने पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार पर 30 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। जस्टिस अब्दुल मोइन की एकल पीठ में यह आदेश फेडरेशन आफ यूपी यूनिवर्सिटी कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की ओर से दाखिल एक सेवा संबंधी याचिका पर दिया है। पीठ ने इस मामले की पिछली सुनवाई के दौरान पूछा था कि सरकारी सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेजों के अध्यापकों की ग्रेच्युटी भुगतान के लिए कोई नियमावली है अथवा नहीं। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने मामले पर अपना पूरक शपथ पत्र दाखिल तो किया परंतु पूछे गए उपरोक्त प्रश्न का कोई जवाब नहीं दिया। पीठ ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए अपने आदेश में कहा कि पूर्ण जवाब नहीं देकर उक्त अधिकारी ने अदालत का लगभग 15 मिनट का समय बर्बाद किया है।

# प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर सरकार का फोकस

### धार्मिक, आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व वाले 10 प्रमुख स्थलों को चिह्नित कर उनके कायाकल्प की हो रही है तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश की औद्योगिक व आर्थिक उन्नति के साथ ही आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। यूं तोए उत्तर प्रदेश धार्मिक महत्व वाले स्थलों के लिहाज से काफी समृद्ध रहा है, मगर इनमें काशी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, अयोध्या, मिर्जापुर, गोरखपुर, चित्रकूट, नैमिषारण्य व देवीपाटन क्षेत्रों के तीर्थस्थलों को प्रमुखता दी जाती है। वहीं, प्रदेश में अब उन धार्मिक, आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों को भी सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों के लिए वरीयता जा रही है जो कई वर्षों से इस प्रक्रिया से वंचित रहे हैं। इस क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है जिसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूपीएसटीडीसी ने बस्ती में काली माता मंदिर, झरखंडी मंदिर व श्रीराम-जानकी मंदिर, आजमगढ़ में कालिका मंदिर व उन्नाव में सिद्धपीठ माता मंशारानी मंदिर तथा लखीमपुर में काली मंदिर, सेठ घाट तथा बाबा बनवारी दास धाम व बरेली के धोपेश्वर नाथ मंदिर समेत कुल 10 धार्मिक महत्व वाले स्थलों पर सौंदर्यीकरण समेत विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इन स्थलों के सौंदर्यीकरण व लंबित विकास कार्यों के पूर्ण होने से न केवल इन तीर्थों पर पर्यटन का विकास होगा बल्कि इसके जरिए क्षेत्र की उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा शुरू की गई सौंदर्यीकरण व विकास प्रक्रिया के मौजूदा चरण में कुल 5 जिलों के चिह्नित तीर्थों में विकास प्रक्रिया को पूर्ण करने की तैयारी की गई है। इनमें बस्ती व लखीपुर के मंदिरों व तीर्थस्थलों को प्रमुखता दी गई है। बस्ती के विक्रमजोत स्थित देवखार गांव में स्थित झरखंडी मंदिर, दुबखारा स्थित काली माता मंदिर व रेपुरा के जंगलों में स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए यूपीएसटीडीसी की ओर से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू की गई है जिसके जरिए चयनित कंपनी व एजेंसी को कार्य आवंटित किए जाएंगे।

इसी प्रकार आजमगढ़ के हरखोरी स्थित माता कालिका मंदिर में भी विकास कार्यों को पूर्ण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी ओरए उन्नाव के सिद्धपीठ माता मंशारानी मंदिर व नवल जातापुर स्थित बौद्ध तीर्थस्थल के विकास और सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बरेली के छावनी क्षेत्र में स्थित धोपेश्वरनाथ मंदिर केवल धार्मिक तीर्थ ही नहीं, बल्कि कई ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी भी रहा है। ऐसी मान्यता है कि 5000 साल पुराने इस मंदिर में द्रौपदी के गुरू ध्रूम ऋषि ने द्वापर युग में तपस्या की थी।

इस दौरान उन्होंने यहां शिवलिंग की स्थापना की और तभी से इसका नाम धोपेश्वरनाथ पड़ गया। उनके प्राण त्यागने के कुछ वर्षों बाद यह मंदिर धोपेश्वर नाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ। कई श्रद्धालु इसे धोपा मंदिर भी बोलते हैं। यह भी कहा जाता है कि अवध के नवाब शुजाउद्दौला की मनोकामना भी इस मंदिर में पूर्ण हुई थी। इसी प्रकार, लखीमपुर के सेठ घाटए बांकेगंज स्थित बाबा बनवारी दास धाम तथा पडसर के मोहम्मदी गांव स्थित काली माता मंदिर भी किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इन सभी तीर्थस्थलों में सौंदर्यीकरण समेत विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र ही कार्य आवंटित कर दिया जाएगा।

# उपमुख्यमंत्री ने लगाई चौपाल

● लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक व चाबी भेंट कर बधाई दी





**शाहजहाँपुर।** उप मुख्यमंत्री, उप्र केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को गांव की समस्या, गांव में समाधान के अन्तर्गत ग्राम व पो0 उखरी, ब्लाक खुदागंज में जन चौपाल लगाई। चौपाल में उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होने ग्राम संगठन और स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया व स्वरोजगार योजनाओं से सम्बन्धित लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर बाल विकास एवं पुष्टाहार, जल जीवन मिशन, बेसिक शिक्षा, ग्रामोद्योग उप्र माटीकला बोर्ड, सूक्ष्म, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्सान केन्द्र, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, कृषि विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, जिला अग्रणी बैंक एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पाद को प्रदर्शित करने के लिए स्टाल लगाये गये। आर्गेनिक खेती से उगाये गये फ्ल, सब्जी, अचार मुरब्बे, माटी कला के उत्पाद, जरी जरदोजी उत्पाद, बैंक सखी, विद्युत सखी, बीसी सखी के साथ ही जिला प्रोबेशन, कृषि, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, समाज कल्याण, स्वच्छ भारत मिशन, के विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल भी लगाये गये जिसका अवलोकन उप मुख्यमंत्री ने किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से स्टाल भ्रमण के दौरान उनकी आय के बारे में जानकारी ली और उनको बचत करने के लिए प्रेरित करने और बैंक सखी के माध्यम से बैंक में पैसे जमा कराने को प्रोत्साहित किया। चौपाल में उप मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस योजना से महिलाओं को सम्मान भी प्राप्त हुआ है और वे स्वावलम्बी भी बनी है। गरीबों को डीबीटी के माध्यम से योजनाओं के पात्र लाभार्थियों तक सीधे उनके खाते में पैसा भेजा जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गांव, गरीब किसान, महिला, नवयुवकों के उत्थान एवं प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक घर को हर घर नल योजना से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इससे लोगो को घर घर शुद्ध पेयजल प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा 52 करोड़ से अधिक लोगो का बैंको में खाता खोलने का कार्य किया गया। उन्होने बताया कि जिले में 62 हजार से अधिक लोगो को प्रधानमंत्री आवास दिया गया है। 3397 अमृत सरोबर का विकास करने का कार्य किया गया। 8 लाख 19 हजार लोगो को आयुष्मान भारत योजना का लाभ गरीबो को दिया गया है। 4 लाख 70 हजार 839 की संख्या में किसानों को 2-2 हजार रू0 डीबीटी के माध्यम से किसान सम्मान निधि की राशि भेजी गयी है। उन्होने प्रधानमंत्री श्रम सम्मान योजना के विषय में भी जानकारी दी और अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने हेतु प्रेरित किया तथा अधिकारियों को उक्त योजना हेतु जनजागरूकता एवं व्यापक स्तर पर प्रचार करने को कहा। उन्होने कहा कि पात्रता के आधार पर उज्जवला योजना, आवास योजना, मनरेगा, नि:शुल्क राशन, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं से गरीब पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

### सड़को के रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण नही हो जाता तब तक भुगतान नही

मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य सुरेश कुमार खन्ना ने अपने सबोधन में कहा कि हर घर जल योजनान्तर्गत सभी घरों में शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराया गया है। शुद्ध पेय जल उपलब्ध घर-घर तक पहुचाने में सड़कों की खुदायी के कारण जो असुबिधा हुयी है उसे जल्द दूर किया जायेगा। उन्होने कहा कि जब तक सभी सड़को के रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण नही हो जाता तब तक भुगतान नही किया जायेगा।

# लखीमपुर से हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज

● विधायक डीएम चेयरमैन ने किया स्टालों का अवलोकन, लाभार्थियों को दी सौगाते

●आईईसी वैन बनी आकर्षण का केंद्र, पीएम के कटआॅउट संग सेल्फी खिंचाने की होड़



**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका परिषद लखीमपुर के तत्वावधान में बुधवार को नगरीय क्षेत्र के लिए समारोहपूर्वक विलोबी मैदान से ष्विकसित भारत संकल्प यात्राष् की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक (सदर) योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, पालिकाध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव ने सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एडीएम संजय सिंहए ईओ संजय कुमार संग दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी राममोहन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी योजना के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। विभिन्न योजनाओं के लिए वंचित और पात्र व्यक्तियों का चयन करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत.प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करना है।

डीएम ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचेए जिसे साकार करने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सर्वप्रथम वंचित लोगों को केंद्र, प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का संकल्प है। उसके बाद वंचित समुदायों और प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं से संतृप्ति करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत का संकल्प दिलाया। विधायक योगेश वर्मा ने डीएम, पालिकाध्यक्ष संग केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को हितपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने आईईसी प्रचार वाहन का अवलोकन करते हुए पीएम के रिकॉर्डेड उद्बोधन को देखा और सुना गया। इसके बाद केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अंत में अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने आभार ज्ञापित किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक (सदर) योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, नपाप अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पीएम स्वनिधि के लाभार्थी बब्बू वारसी, अशोक कुमार को स्वीकृत पत्र, पीएम आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी निज़ामुद्दीन, आफताब, अंकित दीक्षित, नफीस, सदरून निशा को आवास की चाबी, स्वयं श्रेणी के शिशु उम्मे हबीबा, अनिशा को सुपोषण किट सहित कई संख्या में लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड को सुपोषण किट प्रदान की।

नगर पालिका परिषद लखीमपुर क्षेत्र अंतर्गत विलोबी हाल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली तस्वीरों से सुसज्जित सूचनाए संचारए शिक्षा का संगम बना आईईसी रथ के जरिए पीएम का सम्बोधन भी जनमानस को सुनाया गयाए जो उपस्थित जनमानस के आकर्षण का केंद्र बनी और पीएम के कटआॅउट संग सेल्फी खिंचाने की होड़ लगी रही। विधायक सदर, डीएम, पालिकाध्यक्ष ने विलोबी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया।

# प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा डीएम ने सीडीओ संग किया शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** समग्र शिक्षा अभियान (माध्यमिक) के तहत जीआईसी में बुधवार को जनपदीय विज्ञान प्रदर्शनी 2023 एवं टीएलएम मेला का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ डीएम, सीडीओ ने डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह के साथ फीताकाट कर किया। इस प्रदर्शनी में छात्र.छात्राओं ने विज्ञान प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में वैकल्पिक ऊर्जा, जैव विधिता तथा सूचना व प्रौद्योगिकी पर फोकस किया गया। डीएम ने कहा कि विज्ञान को रूचि के साथ पढ़े। वैज्ञानिक सोच को विकसित करने का प्रयास करें। आसपास व दुनिया में हो रहे बदलाव विज्ञान की ही देन है। छात्र छात्राओं से कहा कि सभी छात्र विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ने के लिए तीन सवालों की खोज में लगे रहेए कैसे, क्या और क्यों।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सभी छात्र अपने अंदर वैज्ञानिक चेतना को विकसित करें तभी वह इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। डीएम ने सीडीओ संग छात्र छात्राओं के बनाएं माडल, पोस्टर देख निरंतर विज्ञान कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों के मॉडलों का परीक्षण जनपद स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की ओर से किया गया। प्रदर्शनी में जूनियर अर्थात कक्षा 09 व 10 तथा सीनियर वर्ग कक्षा 11 व 12 से विभिन्न विषयों जलवायु परिवर्तन के कारण एवं परिणाम, जैव विविधता संरक्षण एवं सुगमता, मानव कल्याण में जीवन विज्ञान वैकल्पिक ऊर्जा, सूचना संचार और परिवहन प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त गणित भौतिक विज्ञान और खेल से लगभग सौ मॉडल व प्रदर्श प्रस्तुत किए गए। सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी गिरजा शंकर पांडेय, जीआईसी एवं जीजीआईसी के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक गण मौजूद रहे। विज्ञान प्रदर्शनी के स्वागत द्वार पर बनाई गई रंगोली आकर्षण का केंद्र रही।

## क्विक न्यूज

### युवाओं को भारतीय संस्कृति का बोध होना जरूरी है: डीडीओ

**कन्नौज।** युवा कल्याण विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मकरन्द नगर स्थित कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर में संपन्न हुआ जिसका उद्घाटन जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्वारा सरस्वती मां को माल्यार्पण करके किया गया। जिला विकास अधिकारी द्वारा युवा शक्ति को संदर्भित करते हुए बच्चों को प्रेरित किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव नें सबोधित करते हुये कहा कि युवाओं को भारतीय संस्कृति को बोध होना बेहद आवश्यक है। इसके बाद कार्यक्रम में गोमती देवी, नवोदय विद्यालय, कानपुर पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों तथा विभिन्न विकास खंडों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। समापन जिला युवा कल्याण अधिकारी कन्नौज संतोष कुमार तथा प्रधानाचार्य कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर जितेंद्र पांडे द्वारा बच्चों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार वितरित कर उत्साहबर्धन किया गया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी/कार्यक्रम प्रभारी अंशिता श्रीवास्तव, सौरभ यादव अपूर्वा सिंह, आकाश सिंह, सोनपाल, अजीत, विनोद मिश्रा, अखिलेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन शिवांग श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



छात्र छात्राओं को पुरूस्कृत करते डीडीओ व अन्य।

### शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन कर जताया विरोध

संडीला (हरदोई)। उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के तत्वाधान में ब्लाक के शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध बीआरसी पर एकत्रित होकर किया। बीआरसी पर उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र बाजपेयी ने कहा कि एमडीएम की सब्जी, फल, दूध, खरीदकर लाने और स्कूल ले जाने, सिम, नेटवर्क, स्टाफकी उपलब्धता, सड़कों के खस्ता हाल होने की समस्याओं का जब तक निस्तारण नहीं होता तब तक ब्लाक का कोई शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी नहीं देगा। विरोध प्रदर्शन में तहसील अध्यक्ष पवन शुक्ला, संघर्ष समिति अध्यक्ष मो. हारून के अलावा महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रशमी मिश्रा, अरपी वर्मा, मंत्री शैलेन्द्र मौर्य, दुर्गेश जायसवाल, मो. नईम, नूरुलहसन, अतुल कुमार, साधना देवी, मीना तोमर, प्रियंका जायसवाल आदि समेत बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।



### भारत संकल्प यात्रा में दी गयी योजनाओं की जानकारी

संडीला (हरदोई)। ग्राम मलेहरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम मलेहरा में आयोजित कार्यक्रम में सांसद अशोक रावत, विधायक अलका अर्कवंशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख कुवर वीरेन्द्र सिंह के अलावा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता के अलावा एसडीएम तानया सिंह, परियोजना निदेशक गजेन्द्र तिवारी, उपायुक्त श्रम रोजगार रविप्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी धर्मेश चन्द्र पाण्डेय समेत कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने अपने अपने विभागों द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के विषय में स्टॉलों पर आए लोगों को विस्तार से जानकारी दी।



### बदलाव की नई दिशा

आगरा। विंकुलम सॉल्यूशंसए ने आगरा में अपने पहले मेगा इवेंट ऑनलाइन व्यापार उत्सव का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया। इस इवेंट का आयोजन होटल हॉलिडे इनए आगरा में किया गया था, जहाँ शहर के 100 से अधिक प्रमुख जूता निर्माताओं और ई.कॉमर्स विक्रेताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में 80 प्रतिशत से अधिक भागीदारों ने विंकुलम के सॉफ्टवेयर समाधानों को लाभकारी पाया और इसे अपनाने का निर्णय लिया। विंकुलम की यह पहल आगरा के जूता उद्योग में एक नयी क्रांति सिद्ध हो सकती है। कंपनी के सॉफ्टवेयर समाधानों में भुगतान सुलहए इन्वेंटरी प्रबंधनए और कैटलॉग प्रबंधन जैसी सेवाएँ शामिल हैंए जो निर्माताओं और विक्रेताओं को उनके वित्तीय और संचालनात्मक कार्यों में नई कुशलता और सुधार लाने में मदद करेंगी।आगराए जो कि भारत का प्रमुख जूता उत्पादन केंद्र हैए अब विंकुलम की तकनीकी मदद से अपने उद्योग को और भी ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार है।

### मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के अवसर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**शाहजहांपुर।** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के अवसर पर तिलहर के रॉयल पैलेस मैदान में सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव ने क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान व विशिष्ट अतिथि सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव पहुंचे.। क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सपा का झंडा रोहण व नेताजी के चित्र पर पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ माल्याअर्पण कर पुष्प अर्पित किए। दोनों टीम शाहजहांपुर की टीम व तिलहर की टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय किया। सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने एक बॉल पर शॉट लगाकर क्रिकेट की शुरुआत की और क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू होने से पूर्व सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान व सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# प्राकृतिक चिकित्सा से कम समय में होगा पूर्णतः उपचारः डा. सुधीर

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भारत का हर 5 वां व्यक्ति आज किसी न किसी छोटी-मोटी बीमारियों से परेशान है और वह अलग अलग अस्पतालों के चक्कर काटते रहता है। अंग्रेजी दवाइयां भी लेता है पर फ्रि भी कई रोग पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाते। ऐसे लोगों के लिए प्राकृतिक चिकित्सा एक बेहतर विकल्प हो सकता है। प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से कई सारी बीमारियों का बहुत कम समय में पूर्णता से इलाज हो जाता है।

उक्त वक्तव्य भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा एवं मिट्टी लेपन शिविर के समापन अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष डा सुधीर दीक्षित ने पदाधिकारियों के साथ कंचन सेवा संस्थान के चिकित्सकों को विदाई देते हुए दिया। नगर अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कहा कि यदि नगर में इस तरह के शिविर आयोजित होते रहेंगे तो लोगो को काफी राहत मिलेगी। ललितमोहन सिंह नें कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में आयुर्वेद, योग, नेचुरोपैथी, सिद्ध, और होम्योपैथी जैसी प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को विशेष महत्व दिया गया है। संजीव गुप्ता संजू ने कहा कि भारत सरकार ने इस परंपरा के प्रति विशेष ध्यान देते हुए आयुष मंत्रालय की स्थापना की है। यह भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग है। आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित की जाने वाली नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से, भारतीय प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को संरक्षित रखने का प्रयास करती है। यही नहीं, आयुष मंत्रालय लोगों में भी इन पद्धतियों की जागरूकता बढ़ाने का कार्य करता है।



कंचन सेवा संस्थान के चिकित्सकों को विदाई देते भाविप पदाधिकारी।

# अंतर महाविद्यालय हाकी पुरुष ट्रायल टूर्नामेंट का आयोजन

**शाहजहांपुर।** जी.एफ कॉलेज में अंतर महाविद्यालय हाकी पुरुष ट्रायल टूर्नामेंट का सफ्ल आयोजन हुआ। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने प्रतिभागी छात्रों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने कहा कि खेलों से छात्रों का सर्वागींण विकास होता है। खेल शरीर को स्वस्थ रखने का मूल मंत्र है। इसलिए प्रत्येक छात्र-छात्रा को खेलों में अवश्य भाग लेना चाहिए। जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर और बरेली कॉलेज बरेली की टीमों के अतिरिक्त हिंदू कॉलेज मुरादाबाद, स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय शाहजहांपुर, एम. एच. कॉलेज मुरादाबाद के.जी.के. पीजी कॉलेज मुरादाबाद, राजकिरण डिग्री कॉलेज मुरादाबाद, फ्यूचर इंस्टिट्यूट बरेली, रुक्मणी महाविद्यालय मुरादाबाद, विवेकानंद पीजी कॉलेज चांदपुर, लोटस इंस्टिट्यूट बरेली, राजश्री इंस्टिट्यूट बरेली, उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खेल विशेषज्ञ के रूप में डॉ अनुराधा तथा पर्यवेक्षक के रूप में डॉ महिपाल सिंह को एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा नामित किया गया था। अम्पायर के रूप में मुजाहिद अली, आदर्श गुप्ता और पुनीत कुमार ने सहयोग दिया। महाविद्यालय के क्रीड़ासचिव डॉ फैयाज अहमद ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 30 नवंबर से 06 दिसंबर 2023 को आयोजित होने वाले नार्थ जोन अंतर विवि हॉकी पुरुष टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने के लिए टीम मैनेजर डॉ. मोहम्मद तुफैल के नेतृत्व में महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पटियाला जाएंगे। सैयद अनीस अहमद, हॉकी क्लब अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद तुफैल खान, डॉ. शमशाद अली, डॉ. मो. काशिफनईम, डॉ. परवेज मुहम्मद, डॉ. नसीम अख्तर, डॉ. मो. शोएब, डॉ. इमरान खान, डॉ. मसीउल्ला खान, डॉ. जमील अहमद खान, डॉ. शहजाद अहमद का विशेष योगदान रहा।

# माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता




**बरेली।** माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल मे तेरहवी श्रीमती एम डी अग्रवाल मैमोरियल वाद-विवाद प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में थी। हिन्दी भाषा का विषय था कैशलेस अर्थव्यवस्था देश के विकास के लिए अच्छी है तथा अंग्रेजी भाषा में विषय था- प्रतियोगिता आरंभ होने से पूर्व विद्यालय प्रबंधक श्री सौरभ कुमार अग्रवाल एवं स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ प्रियंका सरकार ने दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात् विद्यालय के विद्यार्थी-समूह द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में शहर के 20 से ज्यादा प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बडिंग ओरेटर (अंग्रेजी) माही मेहरोत्रा, चिकर इंटरनेशनल स्कूलय संस्कृति गुप्ता, कंम् स्कॉलर स्कूलय केशव भाटिया जी0आर0 एम 0स्कूल नैनीताल रोड, अनिशा सिंह आर्य, काव्या त्रिपाठी, एसआर इंटरनेशनल स्कूल, किंजल खंडेलवाल, द गुरु स्कूल, राधिका गौतम, बी बी एल पब्लिक स्कूल अलखनाथ रोड, आर्यन सिंह, अल्मा मतेर डे बोर्डिंग स्कूल, शौर्य चौबे, जी आर एम स्कूल नैनीताल रोड, विदिता गौर, जिंगल बेल्स स्कूल, प्रेरणा शर्मा, सेक्रेड हार्ट सीनियर से. स्कूल, आस्था तोमर, सेंट मैरीज स्कूल,शौर्य त्रिपाठी, बेदी इंटरनेशनल स्कूल, कृतिका तोमर, मदर्स पब्लिक स्कूल, जया सिंह, दिल्ली पब्लिक स्कूल, बडिंग ओरेटर (हिन्दी ) इशिता त्यागी जीआरएम दोहरा, सानिध्य सक्सेना, साची कोहली, एसआर इंटरनेशनल स्कूल, कंगना जौहरी सेंट मैरीज स्कूल, कोमल गंगवार, द गुरु स्कूल, अवनी श्रीवास्तव, आर्य दीक्षित, बीबीएल पब्लिक स्कूल पीलीभीत, उर्जिता तिवारी, अल्मा मातेर डे बोर्डिंग स्कूल, रिधिमा राठौर, अथर्व पांडे, जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, दीक्षा कांचंदानी, अक्षिता मालु, चिकर इंटरनेशनल स्कूल, श्रेया सिंह, मदर्स पब्लिक स्कूल, सलोनी भारती कामम स्कोलर पब्लिक स्कूल, आराध्या तोमर, जीआरएम स्कूल, नैनीताल रोड हिन्दी में विजयी प्रतिभागी रहे- सांत्वना पुरस्कार- आयुषी मिश्रा, सैक्रेड हार्ट स्कूल, जाह्नवी भल्ला, जीआर एम स्कूल नैनीताल रोड, तृतीय स्थान वसावी अग्रवाल बीबीएल पब्लिक स्कूल अलखनाथ रोड, द्वितीय पुरस्कार शगुन गंगवार, सैक्रेड हार्ट स्कूल, प्रथम पुरस्कार खुशी तलवानी, जीआरएम स्कूल डोहरा रोडद्य सैक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल को टीम का विजयी पुरस्कार मिला।

### कोची यादव ने मुलायम का मंदिर बनवाने का संकल्प लिया

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** समाजवादी विचारधारा से ओत-प्रोत छात्र सभा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कोची यादव ने श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की 84 वीं जन्मतिथि के अवसर पर गरीब मजदूर एवं बच्चों को मिष्ठान वितरित कर नेताजी के नाम पर मंदिर बनवाने का संकल्प लिया। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर में जिला उपाध्यक्ष कोची यादव ने समर्थकों के साथ श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की 84 वीं जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करने के उपरांत बताया कि नेताजी की याद में एवं उनकी नीतियों व सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नेताजी के नाम से निजी जमीन पर मंदिर बनाने का ऐलान करते हुये कहा कि आने वाली पीढ़ियां नेताजी के सामाजिक उत्थान एवं जनकल्याण के कार्यों व नीतियों को याद रखें। बताते चलें कि पूर्व में नेताजी के अस्वस्थ होने पर कोची यादव ने संपूर्ण अंगदान की घोषणा की थी एवं उन्हें भारत रत्न दिलाए जाने के लिए अनवरत रूप से अभियान चल रहे हैं।

# कालाजार रोग को लेकर जारी हुई एडवाइजरी



**लखीमपुर.खीरी।** कालाजार रोग के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसे लेकर एक एडवाइजरी सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा जारी की गई है। जिसमें उन्होंने बताया कि कालाजार प्रोटोजोआ लिश्मानिया डोनोवानी से होने वाला एक वेक्टर जनित रोग है। जिसमें बालू मक्खी वाहक का कार्य करती है। वेक्टर जनित रोग कालाजार को ब्लैक फीवरए डमडम फीवर भी कहा जाता है क्योंकि इसमें शरीर का रंग काला पड़ जाता है और पेट ढोलकनुमा या तुमड़ी के आकार का हो जाता है। यह मक्खी प्राय: सीलन युक्त अंधेरे स्थानोंए मिट्टी की दीवालों एवं छिद्रों तथा गोबर के ढेरों पर पायी जाती है। यह आकार में मच्छर की अपेक्षा लगभग एक तिहाई होती है। आकार की अपेक्षा शरीर का भार अधिक होने के कारण उड़ने की अपेक्षा ज्यादातक फुद्दक कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचती है। बालू मक्खी का जीवन काल लगभग एक माह का होता है।

रोगी को 15 दिन या उससे अधिक बुखार से पीड़ित हो। भूख कम लगना एवं वजन की कमी साथ ही एनीमिया की शिकायत होना। लिवर एवं स्पिलीन के बढ़ जाने के कारण पेट का आकार ढोलकनुमा हो जाना। त्वचा का रंग काला पड़ जाना। कालाजार के लक्षण दिखने पर इसकी जांच आरके.39 किट द्वारा की जाती है। जांच के उपरान्त धनात्मक पाए जाने पर रोगी का उपचार एम्बीसोम इंजेक्शन की एक खुराक द्वारा किया जाता है। वर्ष 2021 में जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक पलिया के ग्राम पचपेड़ा एवं ढकिया में कालाजार के दो रोगी सूचित हुए थे।

उक्त ग्रामों में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत एक्टिव केश डिडेक्शन एवं इंडोर रेसिड्यूल स्प्रे ;आईआरएसद्ध की गतिविधियों को 04 चरणों में संपादित कराया जा चुका है।

कालाजार केस के सापेक्ष 06 चरणों में आईआरएस गतिविधि कराने का प्रावधान है। जिसमें से पांचवे चरण की शुरूआत दिनांक 21 नवम्बर 2023 को ग्राम ढकिया एवं पचपेड़ा में आशा कार्यकत्री एवं चार वर्करों को प्रशिक्षित कर शुरूआत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम प्रधान रामकुमार व सरिता भी मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिला मलेरिया अधिकारीए वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक दावा लामा एवं मलेरिया निरीक्षक विकास सिंह उपस्थित थे।

प्रशिक्षण के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी ने अवगत कराया कि आईआरएस की गतिविधि माइक्रोप्लान के अनुसार दिनांक 21.11.2023 से 30.11.2023 तक की जाय। आशा को निर्देशित किया गया कि जिस क्षेत्र में आईआरएस की गतिविधि होना है उस क्षेत्र के लोगों को एक दिन पहले घर.घर जाकर रसोंई गृह एवं खाद्य पदार्थों को ढकने हेतु निर्देशित किया जाय। साथ ही कीटनाशक का छिड़काव होने के उपरान्त घरों एवं दिवालों की पेंटिंग एवं लिपाई.पुताई का कार्य कम से कम 06 महीने बाद ही किया जाय एवं आशा कार्यकत्री एवं वर्करों को निर्देशित किया गया कि दीवालों पर 06 फीट ऊँचाई तक लम्बवत छिड़काव करेंगे।

# सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का गरीबों को मिल रहा लाभ: डिप्टी सीएम





**संवाददाता।** कानपुर देहात

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नगर पंचायत मूसानगर में चल रही 31 वां भक्ति योग वेदान्त सन्त सम्मेलन एवं श्रीमद् भागवत कथा शतचण्डी महायज्ञ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार की योजनाएं दूर दराज के क्षेत्र में स्थित आम व्यक्ति तक भी आसानी से पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याण हेतु कृत संकल्पित है, लोगों के जीवन में लगातार सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसके द्वारा विभिन्न योजनाओं से असंतृप्त लोगों के घर-घर जाकर योजनाओं से संतृप्त करने का कार्य किया जाएगा।

**●मूसानगर पहुंच शतचण्डी महायज्ञ में शामिल हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य**

**●विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं से संबंधित स्टालों का किया अवलोकन**

हमारी सरकार का लक्ष्य है कि चलाए जा रहीं योजनाओं से एक भी व्यक्ति छूटे ना। इसी दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं से गरीब जनता को मिल रहे लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं से संबंधित स्टालों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर उपस्थित केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, भानु प्रताप वर्मा, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, अन्य अधिकारी, विभिन्न जनपद से आये जनप्रतिनिधि गण, गणमान्य नागरिक आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के वोटर चेतना महाभियान की कार्यशाला का हुआ आयोजन



**चित्रकूट।** भाजपा द्वारा 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक चलाये जाने वाले वोटर चेतना महाअभियान के द्वितीय चरण की जिला कार्याशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं चित्रकूट जनपद के नवनियुक्त प्रभारी डॉ अनिल यादव मौजूद रहे। बुद्धवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित वोटर चेतना महाअभियान की कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने की। कार्यशाला में पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्रा,पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिले के प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि बूथ की मजबूती ही जीत का आधार है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ तक जनसंवाद करके हमें विपक्ष को धूल धूसरित करना है। कार्यकर्ताओ का हौसला बढ़ाते हुए जिले के प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि किसी भी चुनाव को जीतने के लिये मतदाता होना सबसे जरुरी है,बिना मतदाता सूची मे नाम जुडे आप किसी भी चुनाव में सफ्लता नही पा सकते।

# श्रद्धापूर्वक मनाई सपाइयों ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह की जयंती

**संवाददाता।** चित्रकूट



**सपा** जिला कार्यालय में सपा संस्थापक/ पद्मश्री स्व मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने मुलायम सिंह के कारवां को आगे बढ़ाने का सपाइयों को संकल्प दिलाया। बुधवार को मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा जिला कार्यालय में हुई गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि नेताजी गरीब, किसान, मजदूर, मजलूमों, पिछडों एवं दलितों की रहनुमाई करने वाले नेता थे। उप्र के तीन बार मुख्यमंत्री व देश के रक्षामंत्री रहते हुए साबित किया कि उनके चिन्तन-चरित्र में एकरुपता थी। वे जैसा सोंचते थे, वैसा बोलते थे। सपा मुखिया अखिलेश यादव डॉ अम्बेडकर व डॉ लोहिया तथा मुलायम सिंह के बताये रास्ते पर चलकर उनके सपनों का भारत बनाना चाहते हैं।

## सपा संस्थापक की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**जालौन, उरई।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती स्थानीय गेस्ट हाउस में मनाई गई। पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ने उन्हें याद कर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्थानीय गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल यादव दादी ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित नेताजी एक जुझारू व कर्मठ नेता थे। वह हर व्यक्ति को साथ लेकर चलने की कला थी।

## सपा के पूर्व मुखिया को जयंती पर किया याद



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती जिले भर में अलग-अलग स्थानों पर मनाई गई। सपा समेत अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर जहां श्रद्धांजलि दी वहीं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर पद चिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया।

# वोटर चेतन महाभियान में घर-घर दस्तक देकर बनवाएं नए मतदाता



**उरई, जालौन।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा वोटर चेतन महा अभियान की बैठक लल्ला धाम गेस्ट हाउस अजनारी रोड पर संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी विधान परिषद सदस्य प्रदेश के महामंत्री अनूप गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उर्विज दीक्षित ने की। बतौर मुख्य अतिथि ने बताया कि 25 व 26 नवंबर एवं 2 व 3 दिसंबर को मतदाता बनाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा।

जिसमें सभी बूथों पर बीएलओ बैठेंगे जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथों पर अपनी दो टोली बनाकर रहेंगे जिसमें प्रथम टोली का कार्य घर घर जाकर फॅार्म 6 भरवाकर बीएलओ के पास जमा करे तथा दूसरी टोली का कार्य है कि वह बूथ पर बैठकर आम जनता की वोट बनवाने में तथा ऑनलाइन करवाने में मदद करेंगे जिससे लोकतंत्र के पर्व को मजबूती मिलेगी जनपद जालौन के नव नियुक्त जिला प्रभारी अशोक जाटव ने बताया कि 27 नवंबर को किसान मोर्चा द्वारा कैंप लगाकर वोट बनाए जाएंगे 28 व 29 नवंबर को युवा मोर्चा द्वारा सभी डिग्री कॉलेज आईआईटी कोचिंग सेंटर में जाकर कैंप लगाकर वोट बनाने हैं आईटी और सोशल मीडिया के कार्यकर्ता सभी बूथों पर जाकर आमजन लोगों की ऑनलाइन फॉर्म भरवाने में मदद करेंगे।

# वीरांगना झलकारी बाई को 193 वीं जयंती पर किया याद



**रामपुरा, जालौन।** वीरांगना झलकारी बाई की 193 वीं जयंती नगर पंचायत कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र के समक्ष चेयरमैन गायत्री वर्मा व निवर्तमान चेयरमैन शैलेंद्र सिंह द्वारा दीपदान व पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। विचार गोष्ठी में निवर्तमान चेयरमैन शैलेंद्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई में झलकारी बाई का त्याग और देशभक्ति एक मिसाल है। युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। भारत में जब भी महिला सशक्तिकरण की बात होती है तो महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की चर्चा जरूर होती है। लक्ष्मीबाई की तरह ही उनकी महिला शाखा 'दुर्गा दल' की सेनापति झलकारी बाई भी ऐसी ही एक महान वीरांगना थीं जिनका भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने न केवल रानी लक्ष्मीबाई की जान बचाई बल्कि अपने प्राणों की परवाह न करते हुए अदम्य साहस व बहादुरी के साथ अंग्रेजों से लोहा लिया। झलकारी हूबहू रानी लक्ष्मीबाई की तरह थीं।

# विद्युत पोल से टकराई बच्चों से भरी स्कूली मैजिक, चालक समेत 17 बच्चे घायल




**संवाददाता।** कोंच, जालौन

**ग्रामीण** अंचलों के कोंच में पढ़ने वाले बच्चों को उनके घरों से लेकर बुधवार की सुबह स्कूल ले जा रही वैन अनियंत्रित होकर हाईटेंशन लाइन के विद्युत पोल से जा टकराई जिसमें ड्राइवर सहित लगभग 13 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सीएचसी और प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जिन्हें प्रथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के अलावा झांसी और ग्वालियर रेफर किया गया है।

हादसा इतना जबर्दस्त था कि वैन खंदक में चली गई, गनीमत यह रही कि वह पोल के सपोर्टर से जाकर टिक गई वरना गाड़ी पलट जाती और इससे भी बड़ा हादसा हो जाता। घटना की सूचना पर विधायक मूलचंद्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे तथा पुलिस अधीक्षक डॉ ईराज राजा ने भी सीएचसी पहुंच कर स्थिति की जानकारी ली तथा अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। ग्वालियर रेफर हुए अथर्व की हालत नाजुक बताई जा रही है, ट्रामा सेंटर में उसका उपचार चल रहा है।

**●सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डीएम-एसपी**

**●हेडफोन लगाकर गाड़ी चला रहा था चालक**

बताया गया है कि मैक्सो गाड़ी में 18 बच्चे सवार थे। जैसे ही बच्चों के अभिभावकों को हादसे की जानकारी हुई तो वे घटना स्थल और फिर अस्पतालों में पहुंचे। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय व एसपी ईराज राजा ने कहा कि पूरी घटना के बारे में विस्तृत जांच पुलिस द्वारा करायी जायेगी और जो भी दोषी होगा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### कोटेदार अब बेंच सकेंगे ये 35 वस्तुएं, बढ़ेगी आय

**घाटमपुर।** सरकारी राशन की दुकान से अब गेंहू-चावल और चीनी के साथ ही कार्ड धारकों को 35 अन्य वस्तुएं भी अलग से रियाती दामों पर मिलेंगी इसके लिये शासन ने बिधिवत जिलाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है। इन वस्तुओं को बेंचने से कोटेदारों की आय बढ़ेगी उधर कोटेदारों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। संतलाल संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश लखनऊ के आयुक्त खाद्य एंव रसद बिभाग को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि सार्बजनिक बितरण प्रणाली के अर्न्तगत राशन की दुकानों से गेंहू-चावल और चीना के बितरण के अलावा आटा, दाल, खाद्य तेल, मोटा अनाज, मिट्टी का तेल, नमक तथा अन्य जन उपयोगी चीजें जैसे स्वास्थ्य संवंन्धी वस्तुएं,चाय, साबुन, सैंम्पू, काफी, पेन बेंच सकेंगे। जारी आदेश में ये भी कहा गया है कि येसा निर्णय कोटेदारों की आर्थिक स्थित में सुधार और आम लोगों को उचित दामों में चीजें उपलब्ध कारने के उद्वेश्य से लिया गया है।

### तारपीन तेल की दुकान में भीषण आग लगी, आठ झुलसे

**फर्रुखाबाद।** तारपीन तेल की दुकान में लगी,आग से आठ झुलसे,दो अस्पताल रिफर तारपीन तेल की दुकान में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे हड़कंप मच गया। आग से दमकल कर्मी सहित आठ लोग घायल हो गये। जिसमे से 6 को सीएचसी में भर्ती किया गया। जहां से हालत गंभीर होने से दो को रिफर कर दिया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के जवाहरगंज निवासी डिम्पल गुप्ता पुत्र मुन्ना लाल गुप्ता की तारपीन तेल की दुकान हैं। जिस पर उनका भाई रिंकल गुप्ता भी बैठता है। बुधवार को दोपहर अचानक शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गयी। जिससे भगदड़ मच गयी । सूचना मिलने पर अपराध निरीक्षक भोलेंद्र चतुर्वेदी फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे। जनपद एटा के अलीगंज की एक दमकल गाड़ी और फतेहगढ़ से 2 दमकल की गाड़ियां मौके पर आ गयी। उन्होंने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझानें में अलीगंज का दमकल कर्मी मोनू पुत्र सत्यपाल भी झुलस गया। इसके साथ ही आग बुझा रहा 25 वर्षीय उज्जवल पुत्र शिवमोहन निवासी सधबाड़ा, 10 वर्षीय छात्रा सानिया पुत्री मो. अली निवासी नोनिमगंज, उधर से गुजर रहे ई-रिक्शा चालक 17 वर्षीय शिवम पुत्र रामविलास निवासी रुटौल, उस पर बैठे सूरज पुत्र सुभाष, के साथ ही दुकान कर्मी 17 वर्षीय विकास वर्मा पुत्र जगमोहन, समीर पुत्र रफीक निवासी जवाहरगंज आदि घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

# दबंगों की हरकतों से परेशान स्वतंत्रता सेनानी ने डीएम से मांगी इच्छा मृत्यु

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जिले** में दबंगों के हौसले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। कल्यानपुर कस्बे में दबंगों ने एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पैतृक कच्चे मकान पर कब्जा कर लिया है और अब परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। जिससे आहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार संग गांव छोड़कर मुख्यालय आ गया और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय किए जाने की गुहार लगाते हुए अन्यथा की दशा में इच्छा मृत्यु की मांग भी की है।

कल्यानपुर थाना व कस्बा निवासी विश्वनाथ खन्ना स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं। उनकी उम्र 103 वर्ष है। गांव के अशोक कुमार, राम शंकर पुत्रगण स्व. राम प्रताप लोहार व रविकांत उर्फ रवि, उमाकांत उर्फ राजा, शिवाकांत उर्फ छोटू, शक्ति उर्फ गुड्डू, अमर पुत्रगण अशोक कुमार, मंजू उर्फ निक्की पत्नी रविकांत,



गुड़िया पत्नी उमाकांत, प्रीती देवी पत्नी शिवाकांत, ज्योति पुत्री अशोक कुमार, मनोरमा देवी पत्नी रामशंकर लोहार आदि ने उनके पैतृक कच्चे मकान पर कब्जा करने पर उतारू हैं। 21 नवंबर की दोपहर सभी लोग हाथों में फावड़ा, कुल्हाड़ी व लाठी-डंडा लेकर आये और मकान की नींव खोदकर ईंटा व सरिया ले जाने लगे। जिसका वीडियो उनके पौत्र के पास मौजूद है।

निवेदन करने पर उक्त लोग गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। बताया कि इसका लिखित शिकायती पत्र भी थाने में दिया लेकिन दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## भाजपा के वोटर चेतना महाभियान को लेकर हुई बैठक



**फतेहपुर।** भाजपा के दूसरे चरण में शुरू होने वाले वोटर चेतना महाभियान को सफल बनाये जाने के लिए बुधवार को पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने शिरकत करते हुए सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बूथ पर मुस्तैद रहकर जिम्मेदारी का निर्वहन करने की अपील की। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय का भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल समेत अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

## गरीबों के रहनुमा थे नेताजी मुलायम सिंह : नीता सचान

**पुखरायां, कानपुर देहात।** समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा की ओर से बुधवार को स्थानीय मंडी समिति के श्याम नगर मोहल्ले में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जीवन पर प्रकाश डाला गया। समाजवादी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष नीता सचान ने श्रद्धांजलि अर्पित करते बताया कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक सर्वसमाज के नेता थे। वह लोकनायक जयप्रकाश नारायण और डॉ लोहिया के बाद समाजवादी आंदोलन के मजबूत स्तंभ थे। वह लोकतंत्र के सजग प्रहरी थे। वह सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के प्रबल पक्षधर और सशक्त पैरोकार थे। उन्होंने हमेशा आजीवन समाज से गैरबराबरी समाप्त कर समता मूलक समाज बनाने की लड़ाई लड़ते रहे। गरीबों का रहनुमा और हर दिल अजीज बताते हुए कहा कि नेता जी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे।

# उत्पीड़न के विरुद्ध मछुआरा समाज ने सरकार से लगाई मदद की गुहार



**फतेहपुर।** यमुना व गंगा नदियों के किनारे बसे मछुआरों ने मछली माफियाओं पर उनका उत्पीड़न किये जाने का आरोप लगाते हुए मछुआरा समाज ने धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी आवाज़ बुलंद की व सरकार से अधिकार दिलाने की गुहार लगाई।

बुधवार को मछुआरा कल्याण समिति के बैनर तले संयोजक राधा निषाद की अगुवाई में मछुआरा समाज के समाज के लोगो ने नहर कालोनी में धरना प्रदर्शन कर माफियाओं के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद की। जिला संयोजक राधा निषाद ने मछली माफियाओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि मछुआरा समाज सदैव से नदियों से मछली पकड़ने का काम करता रहा है लेकिन ठेकेदारी प्रथा के चलते माफिया उनकी मछलियां मात्र पांच या छह रुपये किलो की दर से खरीदते है जबकि दस किलो मछली खरीद के एवज में तीन किलो बट्टा बताकर मात्र सात किलो का भुगतान किया जाता है। रोजगार के अवसर न होने के कारण शोषण सहने को मजबूर है। उन्होंने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय धरना देते हुए मांग किया कि नदियों से ठेका प्रथा समाप्त करके मछुआरों से सरकारी कांटा लगाकर मछलियों की खरीद की जाये, मछुआरों को परिचय पत्र व उनका बीमा एव मछली पकड़ने वाली बोट दी जाय।

# आयुष्मान सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बांदा के लिए बना संजीवनी का पर्याय



**बांदा।** चिकित्सा के क्षेत्र में बांदा में एक उपलब्धि और जुड़ गई जो हॉस्पिटल लखनऊ कानपुर भोपाल दिल्ली में पाए जाते हैं आज वही अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड में स्थापित हो चुका है। वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संसदीय क्षेत्र की निवासिनी ने आकर चिकित्सा क्षेत्र में एक कायाकल्प लाने का संकल्प किया है जिसका जीता जागता उदाहरण यह हॉस्पिटल है। बांदा के नरैनी रोड स्थित नर्सरी के गेट के सामने आयुष्मान सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल गुर्दा, मूत्र रोग एवं सर्जरी सेंटर का शुभारंभ हो गया। रविवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री उमाशंकर पांडे, और डाक्टर सुनील कौशल प्राचार्य रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज बांदा ने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस हॉस्पिटल की डायरेक्टर डाक्टर प्रिया दीक्षित त्रिपाठी एनेस्थीसिया एन्ड क्रेटकल केयर एक्सपर्ट ने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में गुर्दा, एवं मूत्र रोग के रोगियों को अब दूसरे जनपदों में भटकना नहीं पड़ेगा। इस हॉस्पिटल में मूत्र मार्ग की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना,मूत्र नलिका सम्बन्धी रोग, पेशाब नली से खून आना, सेक्स से सम्बंधित बीमारियां, किडनी एवं मूत्र मार्ग के कैंसर, किडनी फेल, डायलेसिस, हर्नियां,ब्रेस्ट गांठ, व शरीर के अन्य हिस्सों की गांठों का उपचार, पित्त की थैली का दूरबीन विधि से ऑपरेशन आदि की सुविधा मिलेगी ।

# पेज एक का शेष

## इजराइल-हमास...

है कि कृत्रिम मेधा के वैश्विक नियामक को लेकर हमें मिलकर काम करना चाहिए। डीप फेक समाज के लिए कितना खतरनाक है, इसकी गंभीरता को समझते हुए हमें आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा समाज के लिए उपयोगी हो, इसके लिए भारत में अगले महीने वैश्विक एआई साझेदारी सम्मेलन आयोजित कर रहा है। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होनी है लेकिन सभी की निगाहें गाजा की स्थिति से संबंधित चर्चा पर टिकी हैं। गौरतलब है कि यह बैठक ऐसे दिन हो रही है जब इजराइल के मंत्रिमंडल ने हमास समूह के साथ एक अस्थाई संघर्ष विराम को मंजूरी दे दी है, जिससे छह सप्ताह के युद्ध में पहली बार ठहराव आने की उम्मीद है।

## सुरंग में...

मीटर ड्रिलिंग पूरी कर ली गई है। इससे पहले, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद ने संवाददाताओं को बताया कि सुरंग में ड्रिलिंग के दौरान 40 से 50 मीटर का हिस्सा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम इसे पार कर लें, इसके बाद हम ज्यादा विश्वास से कुछ कह सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि अभियान के पूरा होने में अब कितना समय और लगेगा, उन्होंने कहा, अगर हमें कोई अड़चन नहीं आती और हम इसी गति से चलते रहे तो हमें बुधवार देर रात या बृहस्पतिवार सुबह तक कोई अच्छी खबर मिल सकती है। अहमद ने बताया कि वैकल्पिक योजना के तहत सुरंग के बड़कोट छोर की ओर से भी क्षैतिज ड्रिलिंग शुरू की गई है। उन्होंने कहा, तीन ब्लास्टिंग की गई हैं और हम वहां से भी करीब आठ मीटर अंदर प्रवेश कर चुके हैं। उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था जिससे मलबे के दूसरी ओर श्रमिक फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बचावकर्मियों को सोमवार को 53 मीटर लंबी छह इंच की पाइपलाइन को मलबे के आरपार डालने में सफलता मिली थी जिसके जरिए ज्यादा भोजन सामग्री श्रमिकों तक पहुंचाई जा रही है। इसी पाइपलाइन के जरिए एंडोस्कोपिक फ्लैक्सी कैमरा भेजकर मंगलवार तड़के श्रमिकों के सकुशल होने की पहली तस्वीरें तथा वीडियो मिला था। बचाव कार्यों में सहयोग के लिए उत्तराखंड सरकार की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा प्रतिवादन बल की टीम ने श्रमिकों के साथ एक आडियो कम्यूनिकेशन चैनल भी स्थापित किया है। खैरवाल ने कहा कि श्रमिक अंदर अच्छी मानसिक स्थिति में हैं और उनका मनोबल ऊंचा है। उन्होंने कहा कि छह इंच की पाइप स्थापित होने के बाद से उनके पास लगातार ताजा पका भोजन भी पर्याप्त मात्रा में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, तौलिया, अंतर्वस्त्र और ब्रश आदि अन्य जरूरी चीजें भी उन तक पहुंचाई गई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात करके सिलक्यारा में चल रहे बचाव कार्यों की जानकारी ली। सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए धामी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को केंद्रीय एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों एवं प्रदेश प्रशासन के परस्पर समन्वय के साथ संचालित बचाव कार्यों से अवगत कराया और उन्हें गत 24 घंटे में हुई सकारात्मक प्रगति एवं श्रमिकों और उनके परिजनों की बातचीत से बढ़े मनोबल की भी जानकारी दी।

## इजराइल-हमास...

हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध में विराम लगेगा। यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की उस टिप्पणी के बीच आई है जिसमें उन्होंने कहा था, हमारे सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। तेल अवीव में करीब छह घंटे चली बैठक बुधवार को सुबह खत्म हुई। बैठक के बाद इजराइल कैबिनेट ने कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को तीन के मुकाबले 35 वोट से मंजूरी दी। धुर दक्षिणपंथी ओत्जमा एहुदित पार्टी के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर सहित पार्टी के मंत्रियों ने इसके खिलाफ वोट किया। कैबिनेट की बैठक से पहले युद्ध कैबिनेट और सुरक्षा कैबिनेट की बैठक हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि गाजा में बंधक बनाई गईं 50 महिलाओं और बच्चों को चार दिनों में रिहा किया जाएगा, इस दौरान युद्ध विराम रहेगा। बयान में कहा गया है कि हर 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई पर युद्ध विराम अगले दिन के लिए बढ़ा दिया जाएगा। हालांकि इसमें रिहा किए जाने वाले फलस्तीनी कैदियों की संख्या का जिक्र नहीं है। सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, इजराइल की सरकार सभी बंधकों की घर वापसी के लिए प्रतिबद्ध है। बयान के अनुसार, आज रात सरकार ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के पहले चरण की रूपरेखा को मंजूरी दे दी, जिसके अनुसार कम से कम 50 बंधकों (महिलाओं और बच्चों) को चार दिनों के लिए रिहा किया जाएगा। इस दौरान युद्ध में विराम रहेगा। प्रत्येक 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई के परिणामस्वरूप एक और दिन की राहत मिलेगी। अंतिम मंजूरी के बाद अगले 24 घंटे तक समझौते को लागू नहीं किया जा सकता है क्योंकि इजराइल का कानून जनता को किसी समझौते के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाने की अनुमति देता है। स्थानीय मीडिया का अनुमान है कि बंधकों की रिहाई का पहला चरण बृहस्पतिवार को सुबह हो सकता है। इजराइल ने 300 फलस्तीनियों की सूची जारी की है जिन्हें इजराइल और हमास के इस समझौते के तहत रिहा किया जा सकता है। यह सूची इजराइल के न्याय मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सूची में शामिल लोगों के नाम, उम्र और अपराध का जिक्र है। पहले चरण में सिर्फ 150 कैदियों की रिहाई की संभावना है। कतर की राजधानी दोहा हमास के मुख्यालय के रूप में काम करती है। कतर ने इजराइल और हमास के बीच अस्थाई युद्ध विराम के लिए समझौते की पुष्टि की है और कहा है कि युद्ध विराम कब से लागू होगा इसकी घोषणा अगले 24 घंटे में होगी। युद्ध विराम चार दिनों का होगा। बुधवार को सुबह कतर के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इसकी घोषणा की गई और इसे मिस्र, अमेरिका और कतर द्वारा मानवीय संघर्ष विराम के लिए की गई मध्यस्थता की वार्ता का नतीजा बताया। बयान में कहा गया है, युद्धविराम कब से लागू होगा, इसकी घोषणा अगले 24 घंटे में होगी। युद्धविराम चार दिन का होगा। इसमें विस्तार की भी संभावना है। बयान के अनुसार, समझौते के तहत, इजराइल द्वारा पकड़े गए फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा कब्जे में लिए गए 50 बंधकों की रिहाई होगी। दोनों पक्षों द्वारा रिहा किए जाने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बाद के चरणों में रिहा किए जाने वाले बंधकों की संख्या बढ़ सकती है। बयान के मुताबिक, इस समझौते से गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति भी बढ़ेगी और युद्धविराम से बड़ी संख्या में मानवीय सहायता एवं राहत सामग्री आपूर्ति वाहनों के काफिलों को जाने की अनुमति मिल जाएगी जिनमें ईंधन की आपूर्ति भी शामिल है। नेतन्याहू ने कैबिनेट बैठक से पहले जोर दिया कि समझौता इजराइल की सेना के अभियान से हमास पर दबाव बढ़ने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हमास को खत्म करने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और इजराइल की सुरक्षा को गाजा से कोई खतरा नहीं होने की पुष्टि समेत सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा।

## नेशनल हेराल्ड...

मोदी के खिलाफ 'पनौती' शब्द का इस्तेमाल किया था। एक हिंदी कठबोली पनौती का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो दुर्भाग्य लाता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इस शब्द के इस्तेमाल पर राहुल का बचाव किया। उन्होंने कहा कि पनौती शब्द का इस्तेमाल उस व्यक्ति के लिए किया जाता है जो अपने आस-पास के लोगों के लिए दुर्भाग्य या बुरी खबर लाता है, इसलिए इसे नकारात्मक शब्द कहा जाता है। जब कोई काम अधूरा रह जाता है तो उस व्यक्ति को पनौती कहा जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ल्ड कप शुरू होते ही यह शब्द सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। उन्होंने कहा कि यह शब्द किसके लिए इस्तेमाल किया गया था? स्टेडियम में हजारों लोग थे। भाजपा ने मोदीजी को 'पनौती' क्यों माना? उनके लिए वह एक विश्व नेता हैं।

## राजौरी में...

सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाने के लिए रविवार से ही घेराबंदी एवं तलाशी अभियान जारी है।एक ग्रामीण ने बताया, अभियान के कारण हमें घर पर ही रहने और बाहर न निकलने के लिए कहा गया था। हमारे बच्चे घर पर ही रहे और स्कूल नहीं गए। उन्होंने बताया कि गांव के नजदीक वन क्षेत्र में मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने कहा कि बाजीमाल में मुठभेड़ स्थल पर घेरे गए दोनों आतंकवादी विदेशी नागरिक प्रतीत होते हैं और रविवार से इलाके में घूम रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने एक उपासना स्थल पर भी शरण ली थी।

## प्रदूषण से...

गंभीर परिणाम शामिल हैं। वायु प्रदूषकों के ऊंचे स्तर के संपर्क में आने वाली माताओं को जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है।

# शिंजियांग के बाहर भी मस्जिदें बंद कर रहा चीन

## ● मानवाधिकार संगठन ने अपनी रिपोर्ट में किया खुलासा

भाषा। हांगकांग (एपी)

**मानवाधिकारों** के क्षेत्र में काम करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि चीन शिंजियांग के अलावा भी अन्य क्षेत्रों में मस्जिदों को बंद करने की कार्रवाई कर रहा है। मानवाधिकार के क्षेत्र में काम करने वाले ह्यूमन राइट्स वॉच ने अपनी रिपोर्ट में मस्जिदों को बंद किए जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि अधिकारियों ने उत्तरी निंशिआ और गांसू प्रांत में मस्जिदें बंद की हैं। इन इलाकों में हुई मुसलमानों की बहुलता है। स्थानीय अधिकारी मस्जिदों की वास्तुकला शैलियों को भी खत्म कर रहे हैं ताकि वह चीन की तरह प्रतीत हों। दरअसल सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी धर्म पर नियंत्रण मजबूत करने और उसके शासन के लिए संभावित चुनौतियों के जोखिम को कम करने के लिए दमनकारी अभियान चला रही है और मस्जिदों के संबंध में इस प्रकार की गतिविधियां उसी अभियान का हिस्सा है।



बीजिंग में उरुगुए के राष्ट्रपति लुइस लाकाले के साथ चीन के राष्ट्रपति शी जिन फिंग

राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2016 में धर्मों को चीन के अनुरूप करने का आह्वान किया था और इसके साथ ही शिंजियांग में शिकंजा कसने की कार्वाई शुरू की थी। उस इलाके में एक करोड़ 10 लाख से अधिक उइगर मुसलमान तथा अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यक रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की पिछले वर्ष एक रिपोर्ट में कहा गया था कि चीन ने शिंजियांग में मानवता के खिलाफ अपराध किए हैं, जिसमें गैर-न्यायिक नजरबंदी शिविरों के नेटवर्क का निर्माण भी शामिल है। कहा जाता है कि चीन ने इन शिविरों में दस लाख उइगर, हुई, कजाख और किर्गिज लोगों को रखा है। ह्यूमन राइट्स वॉच के अनुसार, चीनी अधिकारियों ने शिंजियांग के बाहर के क्षेत्रों में अन्य उपयोग के लिए मस्जिदों को बंद कर दिया, ध्वस्त कर दिया या उनका रूप परिवर्तित कर दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने हालांकि इस रिपोर्ट के संबंध में फैक्स के जरिए पूछे गए प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं दिया है।

ह्यूमन राइट्स वॉच के लिए चीन की कार्यवाहक निदेशक माया वांग ने कहा, चीन की सरकार मस्जिदों का सुदृढ़ीकरण नहीं कर रही जैसा कि वह दावा करती है बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करते हुए उन्हें बंद कर रही है। वांग ने कहा, चीनी सरकार का मस्जिदों को बंद करना, नष्ट करना और उनका पुनर्निर्माण करना चीन में इस्लाम पर अंकुश लगाने के व्यवस्थित प्रयासों का हिस्सा है। मानवाधिकार समूह के शोधकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए वीडियो और चित्रों से पता चलता है कि 2019 और 2021 के बीच निंशिआ के लियाओकियाओ और चुआनकोऊ गांवों में अधिकारियों ने सभी सात मस्जिदों के गुंबदों और मीनारों को ध्वस्त कर दिया और उनमें से तीन की मुख्य इमारतों को ध्वस्त कर दिया। खबरों के अनुसार सरकार धार्मिक स्थलों की संख्या को सख्ती से नियंत्रित करना चाहती है और उसने मस्जिदों से चीनी वास्तुकला शैली को अपनाने का आह्वान किया है।



लंदन में हाउस ऑफ कॉमन्स में बोलते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक।

## पाक राष्ट्रपति अल्वी ने फलस्तीन समस्या के एक राष्ट्र समाधान की पेशकश किया विवाद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने फलस्तीन की समस्या को लेकर देश की पूर्व निर्धारित नीति से हटते हुए एक राष्ट्र समाधान की पेशकश कर विवाद खड़ा कर दिया है और कार्यवाहक सरकार ने उनके बयान से दूरी बनाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। राष्ट्रपति कार्यालय ने फलस्तीन के मुद्दे पर एक राष्ट्र समाधान की वकालत करते हुए शुक्रवार को विवाद खड़ा कर दिया था। हालांकि, अल्वी के कार्यालय ने कुछ ही घंटों में बयान वापस ले लिया और नया बयान जारी किया।

राष्ट्रपति कार्यालय ने शुरू में बयान जारी कर बताया था कि अल्वी ने फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ टेलीफोन पर बातचीत में एक राष्ट्र के समाधान का सुझाव दिया है। अल्वी की फलस्तीन के राष्ट्रपति से बातचीत का हवाला देते हुए विज्ञप्ति में कहा गया, अगर इजराइल को द्विराष्ट्र का समाधान स्वीकार्य नहीं है तो एक-राष्ट्र का समाधान ही एकमात्र रास्ता है जहां यहूदी, मुस्लिम और बड़ी संख्या में ईसाई एक साथ रहते हुए समान राजनीतिक अधिकारों का लाभ उठा सकते हैं।

ज्यादातर समाचार चैनलों ने राष्ट्रपति का बयान चलाया। यही बयान सरकारी एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान ने भी जारी किया। हालांकि, बाद में राष्ट्रपति कार्यालय ने प्रेस विज्ञप्ति वापस ले ली और नया बयान जारी किया जिसमें विवादित प्रस्ताव का कोई जिक्र नहीं था। मंगलवार को कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने कहा कि फलस्तीन के मुद्दे पर राष्ट्रपति का एक राष्ट्र समाधान इस बारे में देश के ऐतिहासिक और सैद्धांतिक रूख के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सीनेट में कहा कि प्रेस विज्ञप्ति जारी करने से पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने उनके मंत्रालय से कोई जानकारी नहीं मांगी थी। जिलानी ने कहा कि बयान जारी होने के तुरंत बाद उनके मंत्रालय को स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा।

## कांगो और संयुक्त राष्ट्र ने शांतिरक्षकों की वापसी के समझौते पर हस्ताक्षर किए

**किन्शासा।** कांगो के विदेश मंत्री और देश में संयुक्त राष्ट्र के स्थिरिकरण मिशन ने मध्य अफ्रीकी देश में करीब दो दशक से अधिक समय तक संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों की मौजूदगी को समाप्त करने के लिए मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। कांगो के विदेश मंत्री क्रिस्टोफ लुटुंडुला ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कहा कि पूर्वी कांगो में शांति बहाली की इच्छा पूरी नहीं हो सकी लेकिन इसके बावजूद इस समझौते से अब संयुक्त राष्ट्र के साथ सहयोग यहीं खत्म हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा में सितंबर में अपने संबोधन में कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स त्शिसेकेदी ने 15,000 शांति रक्षकों की जल्द वापसी का अनुरोध किया था। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने कांग्रेस से कहा कि संयुक्त राष्ट्र मिशन की चरणबद्ध तरीके से वापसी निश्चित रूप से जिम्मेदाराना तरीके से होनी चाहिए। मंगलवार को कोई समय सीमा घोषित नहीं की गई।

## गाजा में शांति के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में ब्रिक्स की भूमिका अहम

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने ब्रिक्स समूह के देशों से इजराइल एवं हमास के बीच न्यायसंगत और स्थाई शांति लाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया है। रामफोसा ने मंगलवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) नेताओं और आमंत्रित ब्रिक्स सदस्यों की एक ऑनलाइन विशेष संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने फलस्तीन में संयुक्त राष्ट्र रैपिड डिप्लॉयमेंट फोर्स की तैनाती का भी प्रस्ताव रखा, जिसका उद्देश्य शत्रुता की समाप्ति की निगरानी करना और नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के समर्थन से फलस्तीनियों और इजराइलियों के नेतृत्व एवं स्वामित्व वाली व्यापक बातचीत करना शामिल है।

ब्रिक्स देशों के नेताओं के अलावा नए ब्रिक्स भागीदारों - सऊदी अरब, अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं ने भी ऑनलाइन बैठक में भाग लिया। रामफोसा ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा, मानवता के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले ग्लोबल साउथ की एक महत्वपूर्ण आवाज के रूप में हमारा मानना है कि न्यायसंगत और स्थाई शांति प्राप्त करने के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय प्रयास में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। इस बैठक को गंभीर वैश्विक चिंता के मुद्दे को संबोधित करने के लिए बुलाई गई बैठक बताते हुए रामफोसा ने कहा कि सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर हमले में 1,200 से अधिक लोगों के मारे जाने के बाद से दुनिया गाजा में हजारों लोगों की विनाशकारी हत्या की गवाह रही है।

## भारतीय मूल के छात्र की मौत के बाद मादक पदार्थ तस्कर को जेल भेजा गया

**लंदन।** फार्मासिस्ट होने का दावा करने वाले मादक पदार्थ के एक तस्कर को कैंब्रिज विश्वविद्यालय के एक भारतीय मूल के छात्र की मौत के बाद साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई गई। मार्च 2021 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के ट्रिनिटी कॉलेज में एक दोस्त के कमरे में 20 वर्षीय केशव अयंगर को अधिकारियों द्वारा मृत पाए जाने के बाद कैम्ब्रिजशायर पुलिस ने बेंजामिन ब्राउन का पता लगाया था। कोरोनर (मृत्यु के कारण का पता लगाने वाले अधिकारी) की रिपोर्ट ने बाद में निष्कर्ष निकाला कि अयंगर की मौत मादक द्रव्यों से संबंधित थी और पुलिस जांच में उसके फोन पर लीन जान मैन नामक मादक पदार्थ तस्कर के संदेश सामने आए। अधिकारियों ने लीन जान मैन की पहचान सरे में गिल्डफोर्ड के 32 वर्षीय ब्राउन के रूप में की। मामले की जांच करने वाले कैम्ब्रिजशायर पुलिस के डिटेक्टिव कॉन्स्टेबल डैन हार्पर ने कहा, ब्राउन सरे में अपने शयनकक्ष से एक बड़ा अभियान चला रहा था।

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन में पुलिस को यात्रा के दौरान लापता हुए चार किशोरों के शव मिले

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने उन चार किशोरों के शव बरामद कर लिए हैं, जो सप्ताहांत में एक यात्रा के दौरान लापता हो गए थे। उनके शव एक पलटी हुई कार में बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वेल्स की पुलिस ने बताया कि वाहन से जिन किशोरों के शव बरामद किए गए हैं उनकी उम्र 16 से 18 वर्ष के बीच थी। ऐसा प्रतीत होता है उत्तर पश्चिम वेल्स के ग्वेनेड में ट्रेमाडोग के पास राजमार्ग से उन्होंने अपना मार्ग बदल लिया था। पुलिस ने बताया कि गाड़ी पलटी हुई थी और आंशिक रूप से पानी में डूबी हुई थी। सभी किशोर घूमने फिरने के इरादे से स्नोडोनिया क्षेत्र में रातभर की कैंपिंग यात्रा पर गए थे, लेकिन जब वह इंग्लैंड के श्रॉपशायर में अपने घर वापस नहीं लौटे तो पुलिस ने जेवॉन हर्स्ट, हार्वे ओवेन, विल्फ हेंडरसन और ह्यूगो मॉरिस की तलाश शुरू की। पुलिस अधिकारी ओवेन लेवेलिन ने कहा, हालातों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि एक दुखद दुर्घटना में उनकी मौत हुई और इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं चारों किशोरों के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। वेल्स के एक मंत्री मार्क ड्रेकफोर्ड ने कहा कि किशोरों की मौत बेहद दुखद घटना है।

### फिलाडेल्फिया में गोलीबारी की घटना में दो की मौत, पांच घायल

**फिलाडेल्फिया।** फिलाडेल्फिया में मंगलवार रात को गोलीबारी की एक घटना में दो पुरुषों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हिंसा की यह घटना मादक पदार्थों से जुड़ी हो सकती है। उत्तरी फिलाडेल्फिया के फेयरहिल स्ट्रीट में रात करीब 8.30 बजे पुलिस को गोली चलने की खबर मिली। अंतरिम पुलिस आयुक्त जॉन स्टेनफोर्ड ने संवाददाताओं से कहा कि पुलिस दल मौके पर पहुंचा तो चार लोग घायल पड़े मिले। उन्होंने कहा कि सभी को अस्पताल ले जाया गया जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया। तीन अन्य घायलों को भी अस्पतालों में भर्ती कराया गया और उनकी मौजूदा स्थिति की जानकारी नहीं है। स्टेनफोर्ड के अनुसार घटना में कम से कम 70 गोलियां चलीं। उन्होंने कहा कि मौके पर कुछ हथियारों के साथ मादक पदार्थ भी मिले हैं और जांचकर्ताओं का मानना है कि इसमें कई हमलावर शामिल थे।

### इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके, कोई हताहत नहीं

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी हिस्से में समुद्र के भीतर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता छह थी और इससे जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप का केन्द्र इंडोनेशिया के उत्तरी प्रांत मालुकु में टोबेलो से 94 किलोमीटर पश्चिम में 116 किलोमीटर (72 मील) की गहराई पर था। इंडोनेशिया के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी ने कहा कि भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है लेकिन उसने भूकंप के बाद और झटके आने की चेतावनी जारी की। इंडोनेशिया की आबादी 27 करोड़ से अधिक है। इसके प्रशांत बेसिन के चारों ओर भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र में होने के कारण यहां अक्सर भूकंप आते हैं और ज्वालामुखी में विस्फोट होता है। पिछले वर्ष पश्चिमी जावा के सियानजुर शहर में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया था जिसमें कम से कम 331 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 600 लोग घायल हो गए थे।

### बाइडन ने पूर्व प्रथम महिला रोज़लिन कॉर्टर की याद में अमेरिकी ध्वज पांच दिन झुकाने के निर्देश दिए

**प्लेन्स (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व प्रथम महिला रोज़लिन कार्टर की याद में सरकारी इमारतों तथा प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज पांच दिन तक आधा झुकाने के आदेश दिए हैं। पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर की पत्नी रोज़लिन कार्टर का रविवार को निधन को गया था। वह 96 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 29 नवंबर को जॉर्जिया के प्लेन्स में किया जाएगा। ध्वज आधा झुकाने संबंधी आदेश व्हाइट हाउस, सभी संघीय भवनों और मैदानों, अमेरिका और उसके क्षेत्रों में नौसेना के जहाजों, सभी सैन्य तथा नौसैनिक चौकियों के साथ-साथ विदेशों में सभी अमेरिकी राजनयिक कार्यालयों, सैन्य और नौसैनिक चौकियों पर लागू होता है।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में झूठी शान की खातिर बहन, उसके प्रेमी की जान ली

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में झूठी शान की खातिर हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति ने अपनी बहन और उसके प्रेमी के बीच प्रेम प्रसंग होने के संदेह में उनकी कुल्हाड़ी से हमला कर जान ले ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार को प्रांतीय राजधानी लाहौर से करीब 375 किलोमीटर दूर मुजफ्फरनगर जिले की अलीपुर तहसील में हुई। पुलिस अधिकारी हसीब जावेद के मुताबिक, मुलाजिम हुसैन को संदेह था कि उसकी बहन जैतून बीबी (20) के फैयाज हुसैन के साथ संबंध हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, मुलाजिम ने मंगलवार को अपनी बहन का पीछा किया और वह उसे फैयाज के घर पर मिली। मुलाजिम ने वहां अपनी बहन और उसके प्रेमी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अपराध को अंजाम देने के बाद मुलाजिम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और अपराध स्वीकार कर लिया। जावेद ने कहा, आरोपी का मानना था कि इससे उसके परिवार के सम्मान को ठेस पहुंची है, इसीलिए उसने अपनी बहन और उसके प्रेमी की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पाकिस्तान में हर साल ऐसी झूठी शान के नाम पर कई लोगों की हत्या कर दी जाती है। इसका शिकार सबसे ज्यादा महिलाएं होती हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग के अनुसार, देश में हर साल झूठी शान के नाम पर लगभग एक हजार महिलाओं की हत्या कर दी जाती है।

## अमेरिका के सुदूरवर्ती अलास्का में भूस्खलन में अब तक तीन लोगों की मौत, तीन लापता

भाषा। जुनो (अमेरिका)

**अमेरिका** के दक्षिण पूर्वी अलास्का में भीषण भूस्खलन के बाद तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हैं। भूस्खलन के बाद घने वन आच्छादित पर्वतीय क्षेत्र से मलबा गिरकर नीचे सुदूरवर्ती क्षेत्र के मछुआरा समुदाय के घरों पर गिर गया। रैंगेल के निकट लगातार बारिश और तेज हवाएं चलने के दौरान सोमवार को रात करीब नौ बजे भूस्खलन की घटना हुई। अलास्का की राजधानी जूनो के करीब 250 किलोमीटर दक्षिण में स्थित रैंगेल में द्वीपीय समुदाय की करीब 2,000 आबादी रहती है।

शुरुआती तलाशी अभियान में एक लड़की का शव बरामद हुआ और मंगलवार देर रात को एक ड्रोन ऑपरेटर ने दो और शव का पता लगाया। बचावकर्मी श्वान दस्ते और हीट सेंसिंग ड्रोन की मदद से लापता दो बच्चों और एक वयस्क की तलाश कर रहे हैं। वहीं, तटरक्षक और जहाज की मदद से जलीय क्षेत्रों में तलाश की जा रही है। अलास्का स्टेट ट्रूपर्स के प्रवक्ता ऑस्टिन मैकडेनियल ने कहा कि एक मकान के ऊपरी तल पर मौजूद एक महिला को बचा लिया गया। महिला की हालत बेहतर है और उसे चिकित्सकीय मदद दी जा रही है। मैकडेनियल ने कहा कि मलबे में दबे तीन मकानों में से एक में कोई मौजूद नहीं था।

रैंगेल के अंतरिम नगर प्रबंधक मैसन विलार्मा ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया, हमारा समुदाय मजबूत है। इस तरह की विपदा में यह हमेशा साथ आया है। हम टूटे हैं लेकिन मजबूत हैं और लापता हर व्यक्ति का पता लगाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गवर्नर माइक डनलेवी ने रैंगेल के लिए आपदा की घोषणा की और कहा कि वह और उनकी पत्नी आपदा से प्रभावित लोगों के लिए अपनी संवेदना प्रकट करते हैं तथा उनके लिए प्रार्थना करते हैं। भूस्खलन के कारण हरा भरा क्षेत्र उजाड़ हो गया और पेड़ जमीन से उखड़ गए तथा राजमार्ग मलबे से ढंक गया। करीब 75 मकानों तक बिजली का संपर्क टूट गया।

## ईरान यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को दे सकता है बैलिस्टिक मिसाइल

### ● अमेरिका ने इसे लेकर जताई गहरी चिंता

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने मंगलवार को इस बात को लेकर चिंता जताई कि ईरान यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद के लिए उसे बैलिस्टिक मिसाइल दे सकता है, जो यूक्रेन के लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। अमेरिका के एक राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि ईरान पहले से रूस को ड्रोन, लक्षित हवाई बम और गोला बारूद मुहैया करा रहा है और संभवत: वह रूस का समर्थन करने की दिशा में आगे बढ़ने का विचार कर रहा है।

किर्बी ने सितंबर में हुई बैठक का जिक्र किया जिसमें ईरान ने रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु की मेजबानी की थी और कई बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली का प्रदर्शन किया था। अमेरिका ने इस पर चिंता जताई थी। किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, इसलिए हम बात को लेकर चिंतित हैं कि ईरान संभवत: रूस को बैलिस्टिक मिसाइल उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ कर सकता है। उन्होंने कहा, इस समर्थन के बदले रूस ईरान को मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और हवाई रक्षा समेत अभूतपूर्व रक्षा सहयोग की पेशकश कर सकता है। किर्बी की यह चेतावनी ऐसे वक्त आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन की रक्षा जरूरतों के मद में आपात अमेरिकी कोष से 61 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि देने का अनुरोध किया था, कांग्रेस ने इसे अभी इसे मंजूरी नहीं दी है।

## यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन ने 100 बेहतरीन भारतीय छात्रों के लिए नई छात्रवृत्ति की घोषणा की

भाषा। लंदन

**यूनिवर्सिटी** कॉलेज लंदन (यूसीएल) ने भारत के 100 मेधावी विद्यार्थियों को ब्रिटेन में पढ़ाई करने का अवसर प्रदान करने के लिए एक नई छात्रवृत्ति और स्कूली विद्यार्थियों के लिए देश में पहले समर स्कूल की घोषणा की। ब्रिटेन के प्रमुख विश्वविद्यालयों में से एक यूसीएल ने मंगलवार को कहा कि उसकी नई इंडिया एक्सीलेंस स्कॉलरशिप बेहतरीन अकादमिक रिकॉर्ड रखने वाले भारतीय छात्रों को संस्थान में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री की पढ़ाई करने में मदद करेगी।

संस्थान ने कहा कि 2024-25 शैक्षणिक वर्ष के लिए 33 छात्रवृत्तियां उन विद्यार्थियों को प्रदान की जाएंगी, जो प्रथम श्रेणी में डिग्री प्राप्त कर चुके हैं या फिर उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। संस्थान के मुताबिक, बाकी बची 67 छात्रवृत्तियां अगले दो वर्षों के दौरान प्रदान की जाएंगी। यूसीएल के अध्यक्ष डॉ. माइकल स्पेंस ने कहा, हमें ए नए और विविध अवसर पेश करने में बेहद खुशी हो रही है, जो भारतीय विद्यार्थियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और भारत के साथ हमारे संबंधों को और मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा, भारतीय विद्यार्थी यूसीएल के वैश्विक समुदाय के महत्वपूर्ण सदस्य हैं और हम उनमें से कुछ उम्दा विद्यार्थियों की मदद के लिए अधिक संसाधन व समर्थन मुहैया कराने के लिए समर्पित हैं ताकि वे ब्रिटेन में अपना ज्ञान और विशेषज्ञता हमारे साथ साझा कर सकें।

## पाकिस्तान सरकार ने इमरान खान और 28 अन्य के नाम ईसीएल में डालने की सिफारिश की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और 28 अन्य की कथित संलिप्तता का हवाला देते हुए उनके नाम बुधवार को एक्जिट कंट्रोल लिस्ट (ईसीएल) में डालने की सिफारिश की ताकि वे देश से बाहर न जा सकें। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार संघीय मंत्रिमंडल की एक उपसमिति ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख खान और 28 अन्य लोगों के नाम ईसीएल में रखने की सिफारिश की। मामले में आरोप लगाया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने 50 अरब रुपए को वैध बनाने के लिए बहरिया टाउन लिमिटेड कंपनी से अरबों रुपए और सैकड़ों कनाल जमीन हासिल की। ब्रिटेन ने खान के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल के दौरान इसे देश को लौटा दिया गया था।

## संयुक्त राष्ट में भारत ने खेलों के जरिए शांतिपूर्ण विश्व निर्माण के प्रस्ताव पर मतदान में नहीं लिया हिस्सा

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** भारत ने खेलों के माध्यम से एक शांतिपूर्ण और बेहतर दुनिया के निर्माण, आतंकवाद एवं हिंसक अतिवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने के साथ ही मानवाधिकारों को बढ़ावा देने में खेल की भूमिका को स्वीकार करने पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 193 सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को फ्रांस द्वारा पेश मसौदा प्रस्ताव खेल और ओलंपिक के माध्यम से एक शांतिपूर्ण और बेहतर दुनिया का निर्माण पारित किया। इस प्रस्ताव को परंपरागत रूप से सर्वसम्मति से पारित किया गया है, लेकिन इस साल, रूस ने इसके पाठ पर एक रिकॉर्डेड वोट का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 120 ने प्रस्ताव पर यूएनजीए में मतदान किया। इसके पक्ष में 118 वोट पड़े जबकि इसके खिलाफ कोई वोट नहीं पड़ा, वहीं रूस और सीरिया ने इसमें हिस्सा नहीं लिया।

भारत उन 73 देशों में शामिल था जो प्रस्ताव पर मतदान से अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव में लोगों और देशों के बीच सहिष्णुता और समझ का माहौल बनाने में खेल के योगदान, आतंकवाद और हिंसक अतिवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने में इसकी भूमिका तथा हिंसा, आतंकवादियों की भर्ती के खिलाफ इसके योगदान को मान्यता दी गई। खेल एवं ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों का उपयोग मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और ऐसे अधिकारों के लिए सार्वभौमिक सम्मान को मजबूत करने के लिए किया जा सकता है, इस प्रकार उनके पूर्ण क्रियान्वयन में योगदान दिया जा सकता है। ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलंपिक खेलों से पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा हर दो साल में इस प्रस्ताव पर विचार करती है।

पेरिस में अगले साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक ओलंपिक और अगले साल 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पैरालंपिक खेलों का आयोजन होने के मद्देनजर, प्रस्ताव में सदस्य देशों से पेरिस में खेलों की शुरुआत से सात दिन पहले से लेकर पैरालंपिक खेल समाप्त होने के सात दिन बाद तक अलग-अलग और सामूहिक रूप से ओलंपिक संघर्षविराम का पालन करने का आग्रह किया गया। यह इसलिए है ताकि, ओलंपियाड और पैरालंपिक खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, अधिकारियों और अन्य सभी व्यक्तियों की सुरक्षित यात्रा, पहुंच और भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही खेलों के सुरक्षित आयोजन के लिए अन्य उचित उपाय किए जा सकें। संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, रूस ने कहा कि रूसी खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों में भाग लेने से रोकने का अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निर्णय राजनीतिक और भेदभावपूर्ण है। रूसी प्रतिनिधि ने कहा कि राष्ट्रीयता के आधार पर दोहरे मानदंड और अलगाव बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा कि आज के नाजुक समय में ओलंपिक संघर्षविराम प्रस्ताव पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। बाख ने कहा, ओलंपिक खेल राजनीतिक तटस्थता और सार्वभौमिकता के प्रति मौलिक प्रतिबद्धता के माध्यम से शांति में यह योगदान दे सकते हैं। गैर-भेदभाव का एक पहलू यह है कि खिलाड़ियों को उनकी सरकारों या उनकी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के कार्यों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी जो खेल के मैदान पर पात्र हैं और ओलंपिक चार्टर के नियमों का पालन कर रहे हैं, उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलना चाहिए।

## अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने इराक में हिज्बुल्ला को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए

**वाशिंगटन।** गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल के अभियानों के साथ-साथ अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने के जवाब में अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने इराक में हिज्बुल्ला के दो ठिकानों पर हवाई हमला किया। दो रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंगलवार को हिज्बुल्ला की ओर से अमेरिकी सैनिकों पर कम दूरी की बैलस्टिक मिसाइल दागी गई। अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने मंगलवार को बगदाद के दक्षिण में अल अनबर और जुरफ अल सकर के पास दो कताइब हिज्बुल्ला संचालन केंद्रों पर हमला किया। जिस समय हमला किया गया, दोनों जगहों पर कताइब हिज्बुल्ला के जवान वहां मौजूद थे, लेकिन अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि हमले में कोई मारा गया है या नहीं। 17 अक्टूबर के बाद से इराक और सीरिया में अमेरिकी अड्डों पर आज तक, 66 बार हमले किए जा चुके हैं।

# कांग्रेस में जो सच बोलता है उसकी राजनीति खत्म हो जाती है : मोदी

**भाषा।** जयपुर



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर परिवारवादी राजनीति करने का बुधवार को आरोप लगाते हुए तंज कसा कि इस पार्टी में जो भी नेता सच बोलता है उसकी राजनीति गड्ढे में चली जाती है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राजेश पायलट से अपनी खुन्नस उनके बेटे सचिन पायलट से निकाल रही है।

राजस्थान के चुनावी दौरे पर आए मोदी ने बुधवार को सागवाड़ा (डूंगरपुर) और कोटड़ी (भीलवाड़ा) में सभाओं को संबोधित किया।

कोटड़ी में उन्होंने कांग्रेस को परिवारवादी बताते हुए निशाना साधा। उन्होंने कहा, आप लोगों को कांग्रेस का इतिहास मालूम है। अगर कोई भी कांग्रेस में सच बोले और सच बोलने के कारण इस परिवार को यदि थोड़ी सी भी असुविधा हो जाए। कांग्रेस के इस परिवार को थोड़ा सा भी अगर चुभ जाए तो मान लेना कि उसकी राजनीति तो गड्ढे में गई।

मोदी ने कहा, पूरे कांग्रेस में जिस-जिस ने इस परिवार के सामने कुछ भी कहा, कुछ भी बोला वह मरा समझो। उन्होंने कहा, राजेश पायलट जी ने एक बार कांग्रेस के इस परिवार को, कांग्रेस की भलाई के लिए चुनौती दी थी। फिर वह भी झुक गए थे। मोदी का इशारा उस घटना की ओर था जब दिवंगत राजेश पायलट ने 1997 में पार्टी अध्यक्ष पद के लिए सीताराम केसरी के खिलाफ चुनाव लड़ा और इसके बाद पार्टी आलाकमान का समर्थन एक तरह से गंवा दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा, लेकिन यह परिवार ऐसा है कि राजेश जी को तो सजा दी, उनके बेटे (सचिन पायलट) को भी सजा देने में पड़े हुए हैं। राजेश पायलट तो नहीं रहे लेकिन उसकी जो खुन्नस है...बेटे पर भी निकाल रहे हैं। कांग्रेस तबाह हो जाए लेकिन परिवार के खिलाफ जो आवाज उठाएगा उसको तो बर्बाद करके ही रहेंगे। ए इनकी परिवारवादी राजनीति है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में सचिन पायलट की मुख्यमंत्री पद को लेकर अशोक गहलोत से तनातनी जगजाहिर है। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस जनविरोधी और राष्ट्रविरोधी फैसले लेती है। उन्होंने कहा, किसी भी देश, किसी भी राज्य के विकास के लिए नीति व निर्णय की बहुत बड़ी भूमिका होती है लेकिन कांग्रेस वो पार्टी है जो नीति जनता विरोधी बनाती है और निर्णय देशविरोधी करती है। कांग्रेस की नीति आतंकियों पर नरमी की है। कांग्रेस की नीति दंगाइयों पर नरमी की है, कांग्रेस की नीति अपराधियों पर नरमी की है और कांग्रेस की नीति कट्टर भ्रष्टाचार की है। कांग्रेस की इन्हीं नीतियों ने राजस्थान को अपराध में टॉप पर पहुंचाया है। सत्तारूढ़ कांग्रेस के घोषणापत्र पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि राजस्थान के लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस ने कल अपना गुमराह पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि इस गुमराह पत्र में वही चालाकी दिखाई है, जो पिछले 7 दशकों से कांग्रेस करती आ रही है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस दशकों से कह रही है कि गरीबी खत्म करेगी... क्या कांग्रेस देश से गरीबी खत्म कर पाई? ए भाजपा की सरकार है, आपका ए सेवक है, जिसने पांच साल में 13.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। भाजपा की दिशा सही है, उसका रास्ता सही है। इससे पहले सागवाड़ा की सभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस के हर झूठे वादे पर, मोदी की गारंटी भारी है। इसके साथ ही मोदी ने आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का विश्वास जताते हुए कहा कि राज्य में अब कभी भी गहलोत सरकार नहीं बनेगी।

उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी इन कांग्रेस के हर झूठे वादों पर भारी है। गरीब कल्याण, जनकल्याण को लेकर जहां कांग्रेस से उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। कांग्रेस ने दशकों के अपने शासन काल में जो सोचा तक नहीं, वो बीते 10 साल में आपके सेवक ने देशवासियों के चरणों में समर्पित कर दिया। मोदी ने कहा, आज मैं मावजी महाराज जी का आशीर्वाद लेते हुए एक भविष्यवाणी करने की हिम्मत कर रहा हूं। इस पवित्र धरती की ताकत है कि मेरे मन में ए विचार आया है और मैं मावजी महाराज से क्षमा मांग कर ए बोलने की हिम्मत कर रहा हूं... पूरे राजस्थान के लोग लिखकर रख लें... इस बार (भी) नहीं ... अब राजस्थान में कभी भी अशोक गहलोत की सरकार नहीं बनेगी। कभी भी नहीं। यह मावजी महाराज की धरती से बोले गए शब्द हैं। उन्होंने लोगों से कहा, लोकतंत्र ने आपको कुशासन वाली इस कांग्रेस सरकार को बदलने का मौका दिया है। इस मौके को जाने नहीं देना है। कांग्रेस का सूपड़ा साफ करो... राजस्थान को दंगों, अपराधों, बहनों-बेटियों पर अत्याचार और भ्रष्टाचार से मुक्त करो। राजस्थान से कांग्रेस सरकार की विदाई इसलिए भी जरूरी है ताकि यहां केन्द्र की हर योजना तेजी से लागू हो। मोदी ने कहा, कांग्रेस सरकार ने राजस्थान में हर सरकारी भर्ती में घोटाला किया है। कांग्रेस के पाले हुए पेपर लीक माफिया ने राजस्थान के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

# भाजपा ने खरगे और राहुल पर कार्रवाई की मांग की

## ● मोदी को निशाना बनाने संबंधी टिप्पणियों का मामला

**भाषा।** नई दिल्ली



**भाजपा** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए पनौती वाले बयान को लेकर बुधवार को राहुल गांधी के खिलाफ आक्रमण तेज कर दिया और निर्वाचन आयोग से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।

भाजपा ने इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1982 के एशियाई खेलों के दौरान भारतीय हॉकी टीम का किए गए कथित अपमान को याद किया जबकि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किए जाने की सराहना की। पार्टी महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और एक अन्य पदाधिकारी ओम पाठक सहित पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ भी निर्वाचन आयोग से कार्वाई की मांग की और उन पर यह झूठा दावा करने का आरोप लगाया कि मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उनकी जाति गुजरात की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल थी।

पाठक ने कहा कि घांची जाति को 1999 में ओबीसी की सूची में शामिल किया गया था जबकि मोदी 2001 में मुख्यमंत्री बने थे।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग को सौंपे गए अपने ज्ञापन में कहा, झूठ का जाल फैलाने में लिप्त खरगे और गांधी की टिप्पणियां इन अपराधियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने और सख्त कार्वाई की मांग करती हैं क्योंकि उनके आचरण में नैतिक मूल्यों के साथ-साथ चुनाव कानूनों और आदर्श आचार संहिता के दिशानिर्देशों के लिए भी कोई सम्मान नहीं है।

अग्रवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला और उन्हें घाटिया मानसिकता का मूर्ख, अशिक्षित और मूल्यहीन व्यक्ति करार दिया, जो वैश्विक रूप से सम्मानित नेता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं।

पार्टी ने ज्ञापन में कहा, हम निर्वाचन आयोग से अनुरोध करते हैं कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के खिलाफ उनके लगातार धोखाधड़ी, आधारहीन और अपमानजनक आचरण के लिए उचित कानूनी कार्वाई करके तत्काल हस्तक्षेप किया जाए और उनके खिलाफ निषेधात्मक आदेश पारित किया जाए।

ज्ञापन में कहा गया है, अन्यथा, यह चुनावी माहौल को खराब कर देगा और इससे सम्मानित व्यक्तियों को बदनाम करने के लिए अपशब्दों, आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल और झूठी खबरों को रोकना मुश्किल हो जाएगा।

# सीबीआई ने साइबर अपराध मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, 2.2 करोड़ की नकदी जब्त

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 24 स्थानों पर छापेमारी कर फर्जी कॉल सेंटर के जरिए अमेरिका समेत अन्य देशों के नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक साइबर अपराध मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और इस दौरान 2.2 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और गुजरात में 24 स्थानों पर छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में डिजिटल साक्ष्य, 2.2 करोड़ रुपए की नकदी, संपत्तियों और क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए।

## ● उन्हें धोखा देने के लिए कॉल सेंटर के माध्यम से लाखों कॉल किए थे।

अधिकारियों ने बताया कि सुशील सचदेवा और उसके सहयोगियों द्वारा चलाया कथित तौर पर जाने वाला समूह, तकनीकी सहायता जैसी धोखाधड़ी योजनाओं के माध्यम से विदेश नागरिकों को निशाना बना रहा था और उन्हें धोखा देने के लिए कॉल सेंटर के माध्यम से लाखों कॉल किए थे।

उन्होंने बताया कि सीबीआई की कार्रवाई उस जांच का हिस्सा थी जिसमें कई साइबर अपराधियों पर मामला दर्ज किया गया है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के 42वें दीक्षांत समारोह में डिग्री वितरित करती हुईं।

# नैतिक शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है : राष्ट्रपति मुर्मू

**भाषा।** संबलपुर (ओडिशा)

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि नैतिक शिक्षा जीवन निर्माण में मदद करती है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है। ओडिशा की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के समापन पर मुर्मू ने संबलपुर में ब्रह्माकुमारी के शिक्षा अभियान न्यू एजुकेशन फॉर न्यू इंडिया की शुरुआत करते हुए यह बात कही। राष्ट्रपति ने कहा, नैतिक शिक्षा हमें करुणा, दया, मित्रता और भाईचारे के जीवन मूल्यों से अवगत कराती है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान की परिकल्पना मूल्यों को विकसित करने और छात्रों की चेतना के उत्थान के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि समाज निर्माण में शिक्षा ने सदैव महत्वपूर्ण एवं परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है। मुर्मू ने कहा, सेवा, समानता और सहानुभूति जैसे नैतिक और मानवीय मूल्य हमारी संस्कृति की बुनियाद हैं और युवाओं को इन आदर्शों से परिचित होना चाहिए। मुर्मू ने युवा पीढ़ी को अपने बुजुर्ग माता-पिता और समाज के वंचित वर्ग के लोगों की देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों के मन में इन मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, करुणा, दयालुता, मित्रता और भाईचारे जैसे गुणों वाले व्यक्ति में सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं। किसी व्यक्ति में सकारात्मक परिवर्तन से एक बेहतर समाज बन सकता है।

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेशी नागरिक एटीएस की हिरासत से फरार

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा तीन साल पहले गिरफ्तार किया गया एक बांग्लादेशी नागरिक हिरासत से फरार हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार शाम को फरार हुए आरोपी की पहचान अनवर उर्फ शहादत हाशिम (29) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारत में अवैध रूप से बसने के आरोप में 2020 में महाराष्ट्र एटीएस की एक टीम ने उसे गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने बताया कि मामले में सजा काटने के बाद एक अदालत ने उसकी रिहाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उसे एटीएस की कालाचौकी इकाई की हिरासत में रखा गया था। अधिकारी ने कहा कि उसे बांग्लादेश निर्वासित किया जाना था। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को अनवर कालाचौकी इकाई में शौचालय गया और वहां से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 224 (किसी व्यक्ति द्वारा उसकी वैध गिरफ्तारी का विरोध करना) के साथ-साथ विदेशी अधिनियम, 1946 और विदेशी नागरिक आदेश, 1948 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अनवर का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

### पाक स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से जुड़े तीन लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से जुड़े होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि इन गिरफ्तारी के साथ ही उसने पैसे लेकर हत्या करने की साजिश को विफल कर दिया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि आरोपियों के पास से आठ हथियार और 30 कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बठिंडा के राजभूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा, फाजिल्का के रमन कुमार और कोटकपुरा के जगजीत सिंह के रूप में हुई है। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, बड़ी सफलता हासिल करते हुए बठिंडा के काउंटर इंटेलिजेंस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके आईएसआई नियंत्रित, पाकिस्तान स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से संबंध हैं। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ कि गिरफ्तार आरोपी वर्तमान में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत संगरूर की जेल में बंद व्यक्तियों के संपर्क में थे। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (काउंटर इंटेलिजेंस) अवनीत कौर सिद्धू ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी मध्य प्रदेश से हथियार लेकर आए थे और उन्हें राज्य में दहशत पैदा करने के लिए लक्षित हत्याएं करने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ बठिंडा के थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है।

### केरल में भारी बारिश जारी, आईएमडी ने 2 जिलों में किया ऑरेंज अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी रहने के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को राज्य के दो जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया। आईएमडी ने इडुक्की और पतनमतिट्टा जिलों में दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग ने राज्य के कन्नूर और कासरगोड को छोड़कर शेष सभी जिलों के लिए एलो अलर्ट जारी किया। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, तमिलनाडु के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण के कारण अगले पांच दिनों के दौरान केरल में गरज और बिजली कड़कने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। राज्य में 22-24 नवंबर के बीच अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वही पुडुचेरी और कराईकल क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों में लगातार बारिश हुई जिसके कारण सरकार को बुधवार को क्षेत्र के स्कूलों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी। बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और निचले इलाकों में पानी भर जाने से यातायात बाधित रहा। पुडुचेरी में सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते 24 घंटों में 5 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई जबकि कराईकल में नौ सेंटीमीटर बारिश हुई। आईएमडी के ऑरेंज अलर्ट के अनुसार 12 सेंटीमीटर (सेमी) से 20 सेमी तक बहुत भारी बारिश हो सकती है जबकि एलो अलर्ट में छह से 11 सेमी के बीच भारी बारिश होने का अनुमान होता है।

### एनआईए ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला मामले में पंजाब, हरियाणा में छापे मारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस साल अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए हमलों की जांच के सिलसिले में बुधवार को पंजाब और हरियाणा में 14 स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि 19 मार्च और दो जुलाई को हुए हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए दोनों राज्यों में छापे मारे गए। एजेंसी अवैध रूप से प्रवेश करने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों को चोट पहुंचाने और इमारत में आगजनी जैसे अपराधों के संबंध में जांच कर रही है। एनआईए ने पंजाब के मोगा, जालंधर, लुधियाना, गुरदासपुर, मोहाली और पटियाला में जबकि हरियाणा के कुरुक्षेत्र और यमुनानगर जिलों में छापेमारी की। प्रवक्ता ने कहा कि कार्वाई के दौरान आरोपी व्यक्तियों से संबंधित जानकारी वाले डिजिटल डेटा जब्त कर लिया गया। साथ ही अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। प्रवक्ता के मुताबिक, एनआईए वाणिज्य दूतावास पर हमला करने वालों की पहचान करने और उन पर मुकदमा चलाने तथा भारत विरोधी ऐसे तत्वों को कड़ा संदेश भेजने के उद्देश्य से मामले की जांच कर रही है।

# म्यांमा के सैनिक को मिजोरम की अदालत ने 10 साल जेल की सजा सुनाई

**भाषा।** आइजोल

**मिजोरम** की एक जिला अदालत ने एक दंपति पर हमला करने और महिला की हत्या का प्रयास करने के लिए म्यांमा के एक पूर्व सैनिक को बुधवार को दस साल कैद की सजा सुनाई। चम्फाई जिले के अतिरिक्त और सत्र न्यायाधीश सिल्वी जोमुआनपुई राल्ते ने 2022 में चम्फाई जिले में शरण लेने वाले म्यांमा के सैनिक मिन आंग को दोषी ठहराया और सजा सुनाई।

अदालत ने उसे महिला की हत्या के प्रयास के लिए सात साल की जेल और दंपति को गंभीर चोट पहुंचाने के लिए तीन साल की जेल की सजा सुनाई। इसने दोनों मामलों में आंग पर कुल 3,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आंग 2022 में म्यांमा से बंदूक लेकर मिजोरम भाग आया था। उसे चम्फाई के जोटे गांव में एक राहत शिविर में रखा गया था। उस वर्ष सितंबर में वह राहत शिविर में म्यांमा के एक शरणार्थी दंपति के कमरे में जबरन घुस गया और उन्हें अपने लिए शराब और ड्रग्स खरीदने का आदेश दिया। जब दंपति ने यह कहते हुए मना कर दिया कि राहत शिविरों के अंदर शराब और अन्य पदार्थ सख्त वर्जित हैं, तो आंग ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया। महिला के पति ने उसे रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे दंपति को गंभीर चोटें आईं। आरोपी अपराध स्थल से भाग गया लेकिन यंग मिजो एसोसिएशन (वाईएमए) के स्वयंसेवकों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। वाईएमए ने घटना के संबंध में एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी।

# पीएमएलए मामला : फैसले पर क्या बड़ी पीठ को पुनर्विचार करना चाहिए

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की धन शोधन में शामिल संपत्ति को कुर्क करने और गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखने संबंधी 2022 के फैसले को लेकर उसे केवल यह देखना है कि क्या उस पर पांच न्यायाधीशों की बड़ी पीठ के पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) देश के लिए एक महत्वपूर्ण कानून है। वहीं, याचिकाकर्ता ने दावा किया कि ईडी एक बेलगाम घोड़ा बन गया है और वह जहां चाहे वहां जा सकता है।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ कुछ मापदंडों पर तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा 27 जुलाई, 2022 के फैसले पर पुनर्विचार के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। उस फैसले में, शीर्ष अदालत ने पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी, धन शोधन में शामिल संपत्ति की कुर्की, तलाशी और जब्ती की ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा था।

पीठ ने बुधवार को कहा, पुनर्विचार करने की आवश्यकता है या नहीं। यह सीमित दायरा है। पीठ ने कहा, हमें यह भी देखना होगा कि क्या मामले को पांच न्यायाधीशों के पास भेजे जाने की जरूरत है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील शुरू करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि मुद्दे कानून के शासन के लिए इतने मौलिक हैं कि उन पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, महोदय, मैं यहां यह समझाने के लिए नहीं हूं कि निर्णय सही है या गलत। मैं यहां केवल प्रथम दृष्टया आपको यह सुझाव देने के लिए उपस्थित हूं कि मुद्दे कानून के शासन के लिए इतने मौलिक हैं कि इस पूरे मुद्दे पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

शुरुआत में, केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जब 18 अक्टूबर को मामले की सुनवाई हुई, तो याचिकाकर्ताओं ने व्यापक परिदृश्य पर बहस शुरू कर दी थी और उन्होंने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि अधिनियम की धारा 50 और 63 चुनौती के अलावा कोई दलील नहीं है।

पीएमएलए की धारा 50 समन, दस्तावेज पेश करने और साक्ष्य देने के संबंध में अधिकारियों की शक्तियों से संबंधित है, वहीं धारा 63 गलत जानकारी या जानकारी देने में विफलता के लिए सजा से संबंधित है। मेहता ने कहा कि उन्हें एक संशोधित याचिका मिली है, जो पीएमएलए के तहत एक तरह से हर चीज को चुनौती देती है और कहती है कि 2022 के फैसले पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

सुनवाई के दौरान, पीठ ने कहा कि सीमित रूपरेखा यह होगी कि क्या तीन-न्यायाधीशों की पीठ द्वारा तय किए गए कानूनी बिंदु पर एक दृष्टिकोण उस मुद्दे को उठाता है जिस पर एक बड़ी पीठ द्वारा विचार करने की आवश्यकता है।

सिब्बल ने पीएमएलए के कई प्रावधानों का जिक्र करते हुए कहा कि कानून के शासन का मूल सिद्धांत यह है कि जिस व्यक्ति को जांच एजेंसी ने तलब किया है, उसे पता होना चाहिए कि उसे गवाह के रूप में बुलाया गया है या आरोपी के रूप में।

उन्होंने कहा, अगर मुझे (किसी व्यक्ति) बुलाया जा रहा है...तो मुझे पता होना चाहिए कि मुझे क्यों और किस हैसियत से बुलाया जा रहा है।

सिब्बल ने कहा, हम उस स्तर पर पहुंच गए हैं जहां ईडी एक बेलगाम घोड़ा बन गया है...वो जहां चाहे वहां जा सकता है। और यह क्या करता है। यह आपको नहीं बताता है कि आपको गवाह या आरोपी के रूप में बुलाया जा रहा है।

# आतंकवादियों से संबंधों के आरोप में चिकित्सक, पुलिसकर्मी सहित चार कर्मचारी बर्खास्त

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू** एवं कश्मीर प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों के साथ कथित संबंधों के आरोप में एक चिकित्सक और एक पुलिसकर्मी सहित चार सरकारी कर्मचारियों को बुधवार को बर्खास्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल में सहायक प्रोफेसर (चिकित्सा) निसार-उल-हसन, कांस्टेबल अब्दुल मजीद भट, उच्च शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला कर्मी अब्दुल सलाम राठेर और शिक्षा विभाग में शिक्षक फारुख अहमद मीर को भारत के संविधान के अनुच्छेद 11 के प्रावधानों के तहत बर्खास्त कर दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने संविधान की धारा 311 (2) (सी) का इस्तेमाल करते हुए 50 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त किया है। ए लोग कथित तौर पर पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों की मदद कर रहे थे, आतंकवादियों की विचारधारा का प्रचार कर रहे थे, धन जुटा रहे थे और अलगाववादी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे थे। सामान्य प्रशासन विभाग ने अलग लेकिन समान बर्खास्तगी के आदेश में कहा कि उप राज्यपाल तथ्यों पर विचार के बाद की गई कार्वाई से संतुष्ट हैं।

आदेश में कहा गया कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार चारों कर्मचारियों की गतिविधियां ऐसी हैं कि उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड (2) के प्रावधान के उप-खंड (सी) के तहत उपराज्यपाल संतुष्ट हैं कि राज्य की सुरक्षा के हित में मामले में जांच कराना आवश्यक नहीं है।

अधिकारियों ने कहा कि ए बर्खास्तगी आतंकवादी पारिस्थितिकि तंत्र और उनके अहम साझेदारों पर चल रही कड़ाई का हिस्सा है, जिन्हें अतीत में अलग-अलग शासनों ने गुप्त रूप से सरकारी तंत्र में शामिल किया था।

अधिकारियों ने कहा कि हसन उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर स्थित डॉक्टर्स एसोसिएशन कश्मीर (डीएके) का स्वयंभू अध्यक्ष है, वह अलगाववाद फैला रहा था और उसे सीमा पर से स्पष्ट निर्देश थे....।

उन्होंने कहा कि हसन ने एक कट्टर अलगाववादी के तौर पर छवि बनाई और वह लगातार अलगाववादियों और आतंकवादियों को नैतिक समर्थन प्रदान कर रहा था।

अधिकारियों ने कहा कि वह एक संभावित टाइम-बम है जिसका भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ व्यापक हिंसा और अशांति पैदा करने के लिए पाकिस्तान और उसके आतंकवादी-अलगाववादी नेटवर्क किसी भी समय फिर से इस्तेमाल कर सकते हैं।

# एनएचएआई सभी निर्माणाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) संरक्षा और उच्चतम गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए देशभर में सभी 29 निर्माणाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट करेगा। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का बयान 12 नवंबर को उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा ढहने की पृष्ठभूमि में आया है।

एनएचएआई के अधिकारी, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के विशेषज्ञों की एक टीम अन्य सुरंग विशेषज्ञों के साथ देश में जारी सुरंग परियोजनाओं का निरीक्षण करेगी और सात दिन के भीतर एक रिपोर्ट सौंपेगी। उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था जिससे श्रमिक फंस गए थे। उन्हें निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। लगभग 79 किलोमीटर की कुल लंबाई के साथ, 29 निर्माणाधीन सुरंगें पूरे देश में फैली हुई हैं। इनमें से 12 सुरंग हिमाचल प्रदेश में, छह जम्मू और कश्मीर में हैं जबकि महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान में दो-दो और मध्य प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और दिल्ली में एक-एक सुरंग हैं। एनएचएआई ने सुरंग निर्माण के संबंध में कोंकण रेलवे निगम लिमिटेड (केआरसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए थे।



कोलकाता में एक फैशन शो के दौरान दुल्हन के आभूषणों के संग्रह का प्रदर्शन करती हुई एक मॉडल

# निकट भविष्य में रोहित के टी20 अंतरराष्ट्रीय में खेलने की संभावना नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा के अब टी20 अंतरराष्ट्रीय में खेलने की संभावना नहीं है और 50 ओवर के विश्व कप के शुरू होने से पहले ही उन्होंने खेल के छोटे प्रारूप में अपने भविष्य पर चर्चा की थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

नवंबर 2022 में भारत के टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद रोहित ने छोटे प्रारूप में एक भी मैच नहीं खेला है। तब से ज्यादातर हार्दिक पंड्या ने ही भारतीय टीम की अगुआई की है। रोहित ने 148 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने चार शतक से करीब 140 के स्ट्राइक रेट से 3853 रन बनाए हैं।

बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, यह नई बात नहीं है। रोहित ने पिछले एक साल से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है क्योंकि ध्यान वनडे विश्व कप पर लगा था। उन्होंने इस संबंध में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से भी गहन चर्चा की थी। उन्होंने खुद ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से दूर रहने की इच्छा व्यक्त की। यह पूरी तरह से रोहित का फैसला है।

रोहित के अलावा भारत के पास शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन और ऋतुराज गायकवाड चार सलामी बल्लेबाज हैं और सभी आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। अगर युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो चयनकर्ता या बीसीसीआई के अधिकारी रोहित से अपने इस फैसले पर दोबारा विचार के लिए कह सकते हैं।

समझा जा सकता है कि करियर के इस पड़ाव में रोहित अपना कार्यभार संभालना चाहते हैं ताकि बचे हुए करियर में वह चोटों से मुक्त रह सकें।

इसलिए उनके लिए तीनों प्रारूपों और प्रत्एक वर्ष आईपीएल में खेलना असंभव होगा जबकि दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक सात टेस्ट खेले जाने हैं, जिससे भारतीय कप्तान का ध्यान ज्यादातर टेस्ट में ही लगा होगा।

वह भारत को 2025 में एक और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचा सकते हैं और 2019 में भारत के लिए पारी का आगाज करने के बाद से खेल के इस पारंपरिक प्रारूप में उनकी खुद की फॉर्म बेहतरीन रही है।

अगर सब ठीक रहता है तो भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के साथ गेंदबाजी करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ अगले साल के शुरू में पांच हफ्तों में पांच टेस्ट खेले जाएंगे जिससे इस तेज गेंदबाजी तिकड़ी को श्रृंखला के दौरान रोटेट किया जाएगा। चोट के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से ब्रेक के बाद वापसी करने वाले बुमराह के लाल गेंद के क्रिकेट में खेलने को लेकर सवाल पैदा होता है लेकिन इसकी जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि वह इसके लिए तैयार हैं।

## विराट-रोहित की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग सुधरी, गिल शीर्ष पर

**भाषा।** दुबई





**विराट** कोहली ने हाल में समाप्त हुए विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत बल्लेबाजों की ताजा आईसीसी वनडे क्रिकेट रैंकिंग में एक पायदान का सुधार किया जिससे वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि उनके जूनियर साथी शुभमन गिल शीर्ष पर बरकरार हैं। कोहली (791 रेटिंग अंक) ने विश्व कप के दौरान बल्लेबाजी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 765 रन बनाए जिससे वह रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंचने में सफल रहे और वह गिल से महज 38 रेटिंग अंक पीछे हैं। गिल (826 रेटिंग अंक) पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (824 रेटिंग अंक) से मामूली बढ़त से रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे हैं। कोहली के अलावा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी एक पायदान का सुधार करते हुए चौथा स्थान हासिल किया, उनके 769 रेटिंग अंक हैं। कोहली ने विश्व कप के दौरान तीन शतक जड़कर महान क्रिक्रेटर सचिन तेंदुलकर का वनडे में सर्वाधिक शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रोहित ने 597 रन बनाए जिससे ए दोनों भारतीय टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे। गिल विश्व कप में 354 रन ही बना सके जबकि बाबर ने 320 रन बनाए। कोहली 2017 और 2021 के बीच करीब चार वर्ष तक लगातार कुल 1258 दिन तक रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज रहे थे और हाल के वर्षों में बाबर पहले नंबर पर कब्जा किए थे जबकि विश्व कप के दौरान ही गिल शिखर पर पहुंचे। इससे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक दो पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए जिन्होंने विश्व कप में 552 रन बनाए। वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग की इस अपडेट में सबसे बड़ी उछाल ट्रेविस हेड ने लगाई जो विश्व कप फाइनल में अपनी शानदार शतकीय पारी से प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के साथ 28 पायदान की छलांग से 15वें स्थान पर पहुंचे। गेंदबाजों की सूची में मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह की भारतीय जोड़ी ने क्रमश: तीसरा और चौथा स्थान बरकरार रखा। वहीं कुलदीप यादव एक पायदान खिसककर अफगानिस्तान के राशिद खान के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज गेंदबाजों की रैंकिंग में अपने शीर्ष स्थान पर कायम हैं जिसमें आस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने विश्व कप के सफल अभियान के बाद काफी सुधार किया। अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चार पायदान के फायदे से दूसरे, मिचेल स्टार्क आठ पायदान के लाभ से 12वें और कप्तान पैट कमिंस सात पायदान की उछाल से 27वें स्थान पर पहुंच गए।

# गम्भीर ने लखनऊ सुपर जायंट्स का मेंटर पद छोड़ा

● अपनी पुरानी टीम केकेआर से जुड़े

**भाषा।** लखनऊ



**भारतीय** क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गम्भीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मेंटर (मार्गदर्शक) पद से इस्तीफा दे दिया है और अब वह इसी पद पर अपनी पुरानी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से जुड़ गए हैं। केकेआर ने गंभीर की कप्तानी में ही 2012 और 2014 में आईपीएल का खिताब जीता था। गम्भीर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बुधवार को डाली गई पोस्ट में कहा, मैं लखनऊ सुपरजायंट्स के साथ अपने शानदार सफर के अंत की घोषणा करता हूं। मैं सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, सहयोगी स्टाफ और हर उस व्यक्ति का बेहद शुक्रगुजार हूं जिसने इस सफर को यादगार बनाया।

वर्ष 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स से बतौर मार्गदर्शक जुड़े गम्भीर ने एक अन्य पोस्ट में अब कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़ने का भी ऐलान किया। केकेआर ने अपने आधिकारिक हैंडल पर इसकी पुष्टि की है। केकेआर ने एक्स पर लिखा, घर में आपका स्वागत है, मेंटर गौतम गम्भीर। टीम ने अपने आधिकारिक वेब पेज पर की गई पोस्ट में कहा, केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने आज (बुधवार, 22 नवंबर) घोषणा की कि गौतम गम्भीर केकेआर में मेंटर के रूप में लौटेंगे और मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ मिलकर काम करेंगे। वर्ष 2011-17 तक गम्भीर का केकेआर के साथ पिछला जुड़ाव ऐतिहासिक था। इस दौरान टीम ने दो बार खिताब जीता, पांच बार प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई किया और 2014 में चैंपियंस लीग टी20 के फाइनल में पहुंची।

# भारतीय टीम के लिए लंबे समय तक खेलना चाहते हैं मुकेश

**भाषा।** विशाखापत्तनम



इस साल के शुरू में वेस्टइंडीज दौरे पर सभी प्रारूपों में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की निगाहें आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से भारतीय टीम के साथ लंबे समय तक बने रहने पर लगी हुई हैं। नए लुक वाली भारतीय टीम गुरुवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। इससे दोनों टीम करीब सात महीने बाद शुरू होने वाले अगले टी20 विश्व कप की तैयारी शुरू कर देंगी।

दाएं हाथ के गेंदबाज 30 साल के मुकेश इस मौके का फायदा उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह घरेलू सर्किट और इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता के बूते अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे क्योंकि इसकी बदौलत ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली थी।

मुकेश ने जियो सिनेमा से कहा, मैं अपने देश के लिए नियमित रूप से खेलना चाहता हूं, यही मेरी पहली उपलब्धि होगी। मैं प्रक्रिया पर ध्यान बनाए रखना चाहता हूं। इस पर अडिग रहने से ही मुझे नतीजे मिल रहे हैं इसलिए मैं ध्यान बनाए रखकर आगे बढ़ना चाहता हूं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलने वाले मुकेश का मानना है कि इस टी20 प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले खेलने को मिलते हैं जिससे भारतीय खिलाड़ियों को अच्छी तैयारी में मदद मिलेगी। मुकेश ने कहा, आईपीएल में काफी मुश्किल मैच होते हैं। सभी टीम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मौजूद हैं और वो भी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में शुमार हैं। इस मंच पर खेलना वास्तव में काफी मुश्किल होता है और यह मेरे लिए काफी अच्छा अनुभव है। वह भारत के सीनियर तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं जिन्होंने उनकी काफी मदद की।

मुकेश ने कहा, जहां तक ईशांत भैया (शर्मा) का संबंध है तो उन्होंने मेरी काफी मदद की। उन्होंने टीम में मेरी भूमिका स्पष्ट रूप से बताई इसलिए मुझसे जो उम्मीद है मैं उसमें काफी ईमानदार होना चाहता हूं। मुकेश ने पहले टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया जिसके बाद उन्होंने अपना पहला वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला।

ड्रेसिंग रूम में उन खिलाड़ियों के साथ मौजूद रहना जिन्हें उन्होंने सिर्फ टीवी पर देखा था, इस पर बंगाल के तेज गेंदबाज ने कहा, जब मैंने भारतीय टीम में अपने साथियों को देखा तो थोड़ी देर के लिए मेरे दिमाग ने काम करना बंद कर दिया। मैं सोचने लगा कि कल तक मैं इन खिलाड़ियों को टीवी पर देखता था और आज मुझे इनके साथ अभ्यास करने और ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिला।

मुकेश ने कहा, विराट (कोहली) भाई ने मुझे कहा कि मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा था। जब अभ्यास मैच चल रहे थे तो रोहित (शर्मा) भाई भी आए और उन्होंने मुझसे बात की और सुझाव दिए। राष्ट्रीय टीम में पहुंचने के लिए कठिन यात्रा के बारे में बात करते हुए इस तेज गेंदबाज ने कहा, मेरी परिवार कोलकाता में रहता था लेकिन मैं वहां नहीं रूक सकता था। मैं टेनिस बॉल क्रिकेट खेलने के लिए यात्रा करता रहता जिससे मुझे प्रत्एक मैच से करीब 500 रुपए मिलते। उन्होंने कहा, अचानक से ऐसा भी दौर आया जब मेरे पिता ने जोर देकर कहा कि मुझे परिवार के साथ रहना चाहिए। मैं एक नौकरी की तलाश कर रहा था और मेरे पिता ने मुझे कोलकाता में क्रिकेट में मौके ढूंढने के लिए कहा। मुझे ट्रायल्स के बाद प्रथम डिविजन में खेलने का मौका मिला। मुकेश ने कहा, हमारे पास पूरी किट खरीदने के लिए ज्यादा पैसे नहीं थे। मैं पहले बल्लेबाजी भी करता था लेकिन आर्थिक तंगी के कारण गेंदबाजी पर ही ध्यान लगाना शुरू कर दिया।

# टेस्ट के लिए तैयार होना चुनौतीपूर्ण : हरमनप्रीत

**भाषा।** मेलबर्न



**लगभग** एक दशक में घरेलू धरती पर पहला टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में जुटी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बीच कम समय में लंबे प्रारूप से सामंजस्य बिठाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। भारतीय टीम को घरेलू धरती पर दो टेस्ट मैच खेलने हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ 14 दिसंबर से नवी मुंबई में जबकि उसके बाद 21 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में टेस्ट मैच खेलेगी।

अपने करियर में अभी तक केवल तीन टेस्ट मैच खेलने वाली हरमनप्रीत के लिए सबसे बड़ी चिंता भारतीय टीम के पास लाल गेंद की क्रिकेट खेलने का पर्याप्त अनुभव नहीं होना है। हरमनप्रीत ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, टेस्ट श्रृंखला के लिए हम वास्तव में बेहद उत्साहित है क्योंकि मैं घरेलू दर्शकों के सामने लंबे समय (2014) से नहीं खेली हूं, इसलिए मैं वास्तव में इसको लेकर काफी उत्साहित हूं।

उन्होंने कहा, हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि हमने लाल गेंद की क्रिकेट नहीं खेली है। हम पिछले कई वर्षों से सफेद गेंद (सीमित ओवरों) की क्रिकेट ही खेल रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा, यहां तक कि घरेलू क्रिकेट में भी हम लंबी अवधि के प्रारूप में नहीं खेलते हैं। इसलिए इतने कम समय में टेस्ट मैच के लिए तैयार होना हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हरमनप्रीत ने अभी तक तीन टेस्ट मैचों में 7.60 की औसत से 38 रन बनाए हैं लेकिन उनके नाम पर नौ विकेट दर्ज हैं जो उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नवंबर 2014 में खेले गए घरेलू टेस्ट मैच में हासिल किए थे। इसके अलावा उन्होंने दो टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ वॉर्मस्ले (2014) और ब्रिस्टल (2021) में खेले थे। हरमनप्रीत अभी महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया में है। वह इस टूर्नामेंट में अपना आखिरी मैच 25 नवंबर को खेलेंगी। इसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ 6 दिसंबर से होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला में भाग लेगी जिससे उन्हें टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलेगा। वह महिला बिग बैश लीग के दौरान ही टेस्ट मैच की तैयारी करना चाहती थी लेकिन व्यस्त कार्यक्रम के कारण ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है। हरमनप्रीत ने कहा, मैंने लाल गेंद से अभ्यास करने के बारे में सोचा था लेकिन व्यस्त कार्यक्रम के कारण ऐसा नहीं हो पा रहा है। हम टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं और टेस्ट क्रिकेट पूरी तरह से भिन्न होता है। इसलिए मैं घालमेल नहीं करना चाहती हूं। जब मैं स्वदेश लौटूंगी तो मेरे पास तैयारी के लिए 10 दिन होंगे।

# लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत चाइना मास्टर्स में हारे

**भाषा।** शेनझेन





**भारत** के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत बुधवार को यहां सत्र के अंतिम बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स में हारकर बाहर हो गए।

इस साल कनाडा ओपन जीतने वाले दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी सेन को चीन के सातवें वरीय शि युकी से 19-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि श्रीकांत (24वें नंबर के खिलाड़ी) को थाईलैंड के विश्व चैम्पियन कुनलावुत विदितसवर्ण से 15-21 21-14 13-21 से पराजय मिली। श्रीकांत विश्व टूर पर लगातार तीसरी बार पहले दौर में बाहर हुए। वह इस सत्र में चार बार क्वार्टरफाइनल में पहुंचे। सेन और श्रीकांत पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अगले साल 28 अप्रैल तक शीर्ष 16 में रहने की कोशिश में जुटे हैं। युवा भारतीय प्रियांशु राजावत भी हार गए। उन्हें जापान के केंटा निशिमोटो से 46 मिनट में 17-21 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में रितुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा को चीन की झांग शु जियान और झेंग यु की जोड़ी से 15-21 9-21 से हार मिली। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एच एस प्रणय तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरूवार को दूसरे दौर के मुकाबले खेलेंगे।

# एएफआई ने अस्थाई घरेलू कैलेंडर तैयार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा 2024 सत्र के लिए प्रस्तावित घरेलू कैलेंडर के अनुसार पहली बड़ी ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिता फेडरेशन कप तिरूवनंतपुरम में 12 से 15 मई तक आयोजित की जाएगी। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने कहा कि राष्ट्रीय संस्था ने पेरिस ओलंपिक खेलों के साथ अगले साल की वैश्विक प्रतियोगिताओं को ध्यान में रखते हुए एक अस्थाई घरेलू कैलेंडर तैयार किया है। फेडरेशन कप के बाद पंचकूला में 27 से 30 जून तक राष्ट्रीय अंतर राज्र्य सीनियर चैम्पियनशिप आयोजित होगी।

सुमरिवाला ने विज्ञप्ति में कहा, पंचकूला में घरेलू प्रतियोगिता पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए खिलाड़ियों के अंतिम चयन का काम करेगी। ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होंगे। सुमरिवाला ने कहा, हम चाहते हैं कि कोर ग्रुप के एथलीट सही समय पर शीर्ष पर पहुंचे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करें। बहामा में चार-पांच मई को 2024 वर्ल्ड रिले भी एक और बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है जिसमें पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन स्थान तय होगा। अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर ईरान के तेहरान में 21 से 23 फरवरी तक एशियाई इंडोर चैम्पियनशिप के साथ शुरू होगा।

# यूकेके की छह फ्रेंचाइजी ने 145 खिलाड़ियों को खरीदने में 3.90 करोड़ खर्चे

**भुवनेश्वर।** अल्टीमेट खो खो (यूकेके) के बुधवार को यहां हुए दूसरे सत्र के ड्राफ्ट के दौरान छह फ्रेंचाइजी टीम ने 290 के पूल में से 145 खिलाड़ियों को खरीदा।

इन खिलाड़ियों को खरीदने में फ्रेंचाइजी ने 3.90 करोड़ रुपए का खर्चा किया जिसमें से 18 खिलाड़ियों को रिटेन किया गया। इनमें 16 से 18 साल की उम्र के 33 युवा खिलाड़ी भी शामिल थे। गुजरात जायंट्स और राजस्थान वारियर्स ने अपनी टीम पूरी करने के लिए क्रमश: 25 और 22 खिलाड़ियों को शामिल किया। गत चैम्पियन ओडिशा जगरनॉट्स ने युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संयोजन सुनिश्चित किया। राजस्थान वारियर्स, तेलुगु योद्धाज और चेन्नई क्विक गन्स ने क्रमश: विजय हजारे, अधित्या गनपुले और लक्ष्मण गवास जैसे स्टार खिलाड़ियों को चुना।

# सरफराज को टेस्ट कप्तान बनाना चाहिए था: मियांदाद

**कराची।** पाकिस्तान के महान क्रिकेटर जावेद मियांदाद को लगता है कि आस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम की अगुआई के लिए नव नियुक्त शान मसूद की जगह सरफराज अहमद बेहतर विकल्प होते।

मियांदाद ने कराची में मीडिया से कहा, बिलकुल स्पष्ट है कि सरफराज काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं और पाकिस्तान के लिए पहले भी कप्तान के तौर पर अच्छा कर चुके हैं और अगर उन्हें कप्तान बनाया जाता तो आस्ट्रेलिया में वह टीम के लिए अहम रहते क्योंकि वहां का दौरा मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, सरफराज को आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ टीम में ही शामिल नहीं किया जाना चाहिए था बल्कि उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें कप्तान भी नियुक्त किया जाना चाहिए था।

# पड्डिकल राजस्थान रॉयल्स में, लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए खेलेंगे आवेश खान

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** तेज गेंदबाज आवेश खान अगले साल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलेंगे जबकि उनकी पूर्व टीम लखनऊसुपर जाइंट्स ने उनकी जगह रॉयल्स के देवदत्त पड्डिकल को खरीदा है।

आवेश बृहस्पतिवार से विशाखापत्तनम में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। वह आईपीएल में अब तक 47 मैचों में 55 विकेट ले चुके हैं।

आवेश को लखनऊ टीम ने 2022 की मेगा नीलामी में दस करोड़ रूपए में खरीदा था।

लखनऊ के लिए 22 मैचों में 26 विकेट ले चुके आवेश को इसी कीमत पर रॉयल्स ने खरीदा।

वहीं पड्डिकल को सात करोड़ 75 लाख रूपए में खरीदा गया था और इसी कीमत पर वह लखनऊ टीम में गए। दोनों खिलाड़ियों को इस साल उनकी टीमों ने रिटेन रखा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज पड्डिकल ने 57 आईपीएल मैचों में 1521 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और नौ अर्धशतक शामिल है। उन्होंने रॉयल्स के लिए 28 मैचों में 637 रन बनाए हैं।

# क्रोएशिया ने यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया

**एपी।** वाशिंगटन

**क्रोएशिया** ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद आर्मेनिया को 1-0 से हराकर अगले साल जर्मनी में होने वाली यूरोपीय चैंपियनशिप (यूरो 2024) फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज तुर्की के बाद दूसरे स्थान पर रहकर सीधे क्वालीफाई करने के लिए क्रोएशिया को जीत की जरूरत थी। जग्रेब में खेले गए इस मैच में उसकी तरफ से महत्वपूर्ण गोल मिडफील्डर एंटे बुदिमीर ने 43वें मिनट में बोर्ना सोसा के क्रॉस पर हेडर से किया।

इस ग्रुप पर एक अन्य मैच में तुर्की ने वेल्स को 1-1 से बराबरी पर रोका। वेल्स को भी इस मैच में जीत की जरूरत थी लेकिन अब उसे मार्च में होने वाले प्लेऑफ में अपना भाग्य आजमाना होगा। इस बीच एथेंस में खेले गए एक मैच में यूनान ने फ्रांस को 2-2 से ड्रॉ पर रोककर क्वालीफाइंग में उसके विजय अभियान पर विराम लगाया। फ्रांस ने पिछले मैच में जिब्राल्टर को रिकॉर्ड 14 गोल से हराया था। यूरो 2024 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके नीदरलैंड ने एक अन्य मैच में जिब्राल्टर को 6-0 से शिकस्त दी। मेजबान जर्मनी के अलावा अल्बानिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चेक गणराज्य, क्रोएशिया, डेनमार्क, इंग्लैंड, फ्रांस, हंगरी, इटली, नीदरलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्कॉटलैंड, सर्बिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड और तुर्की यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। इस टूर्नामेंट का ड्रा दो दिसंबर को निकाला जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट खेलने से मना करने के बाद रऊफ के अनुबंध की हो सक्ती है समीक्षा

**भाषा।** कराची

**आस्ट्रेलिया** में अगले महीने तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने से इनकार करने वाले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ़ को केंद्रीय अनुबंध में नीचे के ग्रेड में खिसकाया जा सकता है और बिग बैश लीग में खेलने की अनुमति देने से भी मना किया जा सकता है।

रउफ़ उन छह खिलाड़ियों में से है जिन्हें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से 40 लाख पाकिस्तानी रुपए से अधिक मासिक वेतन वाला बी श्रेणी का अनुबंध दिया गया है। शीर्ष ए श्रेणी में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी हैं।

एक विश्वस्त सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कुछ आला अधिकारी हारिस के रवैए से खफा हैं। उन्हें लाहौर कलंदर्स के कोच आकिब जावेद से भी नाराजगी है जिन्होंने हारिस का समर्थन किया है।

पाकिस्तान के नए मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने सोमवार को हारिस को आड़े हाथों लेते हुए कहा , मैने और पाकिस्तान टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज ने उससे तफ्सील से बात की और बताया कि कप्तान और कोच दोनों चाहते हैं कि वह आस्ट्रेलिया में खेले। हमने उसे आश्वासन भी दिया कि उसे एक दिन में 10 . 12 ओवर से अधिक नहीं डालने होंगे।




उन्होने कहा , हमने टीम फिजियो और ट्रेनर से भी बात की और उन्होंने बताया कि हफीज को फिटनेस की समस्या नहीं है और उसे आस्ट्रेलिया में कोई दिक्कत नहीं होगी।

एक सूत्र ने कहा , ऐसी चर्चा है कि अगर हारिस का फोकस सिर्फ सफेद गेंद के क्रिकेट पर है तो उसे दिए गए केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा की जाएगी क्योंकि वह बी श्रेणी में है और उसे 40 लाख रुपए महीना , मैच फीस , बोनस और आईसीसी राजस्व में पीसीबी के हिस्से का अंश भी मिलता है। उन्होंने कहा , शीर्ष दो श्रेणियों के खिलाड़ियों को सभी प्रारूप खेलने होते हैं। उसके नहीं खेलने पर बिग बैश लीग खेलने के लिए एनओसी भी रोकी जा सकती है।

# अर्जेंटीना ने विश्व कप क्वालीफइंग मैच में ब्राजील को हराया

**एपी।** रियो डी जेनेरियो

**विश्व** चैंपियन अर्जेंटीना ने निकोलस ओटामेंडी के गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मैच में अपने चिर प्रतिद्वंदी ब्राजील को 1-0 से हराया।

मकराना स्टेडियम में हजारों दर्शक लियोनेल मेसी को संभवत: ब्राजील में आखिरी बार खेलते हुए देखने के लिए पहुंचे थे लेकिन वह ओटामेंडी थे जिनके 63वें मिनट में किए गए गोल ने मैच का परिणाम तय किया। दर्शकों के बीच झगड़े के कारण खेल देर से शुरू हुआ।

ब्राजील की यह विश्व कप क्वालिफाईंग में अपने घरेलू मैदान पर पहली हार है। राउंड रोबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में ब्राजील की यह लगातार तीसरी पराजय है जो नए कोच फर्नांडो डिनिज़ के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं।

मेसी जब 78वें मिनट में मैदान छोड़कर बाहर निकले तो ब्राजील के प्रशंसकों ने भी तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। मकराना स्टेडियम में कई ऐसे बच्चे पहुंचे थे जिन्होंने बार्सिलोना की जर्सी पहन रखी थी। मेसी लंबे समय तक बार्सिलोना के लिए खेलते रहे लेकिन वह वर्तमान में अमेरिका के क्लब इंटर मियामी की तरफ से खेल रहे हैं।

मैच शुरू होने से ठीक पहले राष्ट्रीय गान के बाद दर्शक एक दूसरे से भिड़ गए जिसके कारण मैच निर्धारित समय से 27 मिनट देर से शुरू हुआ। इस बीच अर्जेंटीना की टीम 22 मिनट तक लाकर रूम में रही। रियो पुलिस ने कहा कि उसने इस झगड़े के लिए जिम्मेदार आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

अर्जेंटीना 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में छह मैच में 15 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद उरुग्वे और कोलंबिया का नंबर आता है। ब्राजील के सात अंक हैं और वह छठे स्थान पर है।

अन्य मैचों में कोलंबिया ने पराग्वे को 1-0 से, उरुग्वे ने बोलीविया को 3-0 से और इक्वाडोर ने चिली को 1-0 से हराया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।